दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर
3 राजधानी — आदिवासियों से संवेदनशीलता और सकारात्मक...
4 अभिव्यक्ति — श्रम की कैद में बचपन...
9 मनोरंजन/खेल — गिटार सीख रहीं है अनन्या पांड....
11 व्यापार — रिलायंस राइट्स शेयरों का आवंटन...

www.navpradesh.com रायपुर, शुक्रवार 12 जून 2020, आषाण कृष्ण पक्ष-सप्तमी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-09 अंक-122 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

कोरोना काल में अनलॉक के बाद भी बाजार में बहार नहीं आई है। सिर्फ आवश्यक वस्तुओं की ही बिक्री हो रही है। ऐसी स्थिति में कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाने के लिए लोगों की इम्युनिटी बढ़ाने वाली दवाईयों की मांग बढ़ गई है। बाजार में नित नए उत्पाद आ रहे है, जिसके सेवन से इम्युनिटी बढ़ने का दावा किया जा रहा है। अब तो कोलकाता में इम्युनिटी बढ़ाने वाली मिठाई भी आ गई है। यदि कोरोना काल और लंबा खींचा तो कोई हैरत नहीं होगी कि इम्युनिटी बढ़ाने वाली दारू और चखना भी धड़ल्ले से बिकते नजर आएं।

सप्ताह के सातों दिन दुकान खोलने व्यापारियों को रोक नहीं

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। राज्य सरकार द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि दुकानों को सप्ताह में एक दिन बंद रखने के संबंध में कोई आदेश नहीं दिया गया है। दुकानों को खोलने के संबंध में जारी किया गया आदेश इस प्रकार है - गृह मंत्रालय, भारत सरकार अथवा राज्य सरकार के आदेश द्वारा विशेष रूप से प्रतिबंधित दुकानों को छोड़कर, सभी दुकानें सामान्य दिनों की भांति खुली रहेंगी। यदि स्थानीय मार्केट में साप्ताहिक अवकाश किया जाता है, तो दुकानें इसका अनुसरण पहले की भांति कर सकती हैं। यदि कलेक्टर ये महसूस करते है कि साप्ताहिक अवकाश में कोई छूट देना जरूरी है, तो कलेक्टर छूट दे सकते हैं। बता दें कि केंद्र की गाइडलाइन और फिर राज्य को ■ शेष पृष्ठ 8 पर

- ■ पशोपेश में व्यापारी, पहले 2 फिर 1 दिन बंद का था फरमान
- ■ अब सप्ताह में एक दिन भी बंद रखने के संबंध में कोई आदेश नहीं
- ■ प्रतिबंधित दुकानों को छोड़कर सामान्य दिनों की भांति खुलेंगी अन्य दुकानें

बस्तर में शाम 6 बजे तक दुकानें बंद करने का निर्देश

जगदलपुर। कलेक्टर रजत बंसल ने चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों के साथ हुई बैठक में कहा कि जगदलपुर शहर में दुकानों को शाम 6 बजे बंद नहीं करने पर कार्यवाही होगी। कोरोना वायरस के प्रभावी नियंत्रण और रोकथाम में सभी का सहयोग जरूरी है। इसलिए शासन-प्रषासन के द्वारा निधारित दुकान संचालन के समय को कड़ाई से पालन किया जाना चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि निर्देशों का पालन नहीं किये जाने की स्थिति में रात्रि लगने वाला कर्फ्यू को शाम 4 बजे करने पर विचार किया जाएगा। बैठक में ■ शेष पृष्ठ 8 पर

खुलने-बंद करने का समय बताया, सप्ताह में कितने दिन यह नहीं मालूम

बस्तर में एंट्री, जगदलपुर में आधे घंटे तक जमकर बरसा पानी

मानसून ने प्रदेश में दी दस्तक बस्तर से रायपुर तक झमाझम

रायपुर। छत्तीसगढ़ में मानसून ने गुरुवार को दस्तक दे दी। भारतीय मौसम विभाग की ओर से आधिकारिक तौर पर इसका ऐलान हो गया है। बस्तर के रास्ते मानसून ने प्रदेश में प्रवेश किया, जिसके कारण जगदलुपर में दोपहर को जोरदार बारिश हुई। जगदलपुर में करबी आधे घंटे तक हुई बारिश से शहर की नालियां उफान पर आ गईं और सड़कों पर पानी जमा हो गया। वहीं देर शाम राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के अन्य इलाकों में भी जमकर बारिश हुई। हालांकि रायपुर मौसम केंद्र के वैज्ञानिक एचपी चंद्रा के मुताबिक रायपुर में हुई बारिश मानसून की बारिश नहीं है। चंद्रा ने बताया कि प्रदेश में मानसून बस्तर क्षेत्र से ही प्रवेश करता है। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

...तो दो-तीन दिन में पूरे छग को कर लेगा कवर

मानसून के आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई है। यदि ऐसी ही परिस्थितियां रहीं तो मानसून के अगले 2 तीन दिन में पूरे छत्तीसगढ़ को कवर करने के आसार हैं। वैसे आम तौर पर बस्तर में दस्तक के बाद मानसून को पूरा छत्तीसगढ़ कवर करने में 10-11 दिन लग जाते हैं।

धान उत्पादक किसानों के लिए बड़ी राहत

मानसून की छत्तीसगढ़ में दस्तक के साथ ही राज्य के किसानों को बड़ी राहत मिली है। खासकर धान उत्पादक किसानों को। खरीफ के धान की खेती बारिश के पानी पर सर्वाधिक निर्भर रहती है। अब मानसून की दस्तक के साथ धान उत्पादक किसान बुवाई का काम शुरू कर देंगे। जून का महीना धान की बुवाई के लिए उपयुक्त समय होता है।

21 किलो हेरोइन के साथ तीन आतंकियों को पकड़ा

■ 1.34 करोड़ रुपये भी बरामद

श्रीनगर ए.। जम्मू-कश्मीर में आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा की एक बड़ी साजिश को नाकाम करते हुए सेना ने हंदवाड़ा से आतंकी संगठन के तीन मददगारों को गिरफ्तार किया है। इन सभी के पास से सुरक्षाबलों ने 21 किलोग्राम हेरोइन के अलावा भारी मात्रा में नकदी बरामद की है। पुलिस के मुताबिक, आतंकी संगठनों की शह पर ड्रग्स की इस खेप को कश्मीर और पड़ोसी राज्यों में भेजने की तैयारी की जा रही थी। हंदवाड़ा के एसपी जीवी संदीप ■ शेष पृष्ठ 8 पर

पाक की गोलाबारी में जवान शहीद

श्रीनगर/ए.। पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। आए दिन संघर्षविराम का उल्लंघन कर आतंकियों को घुसपैठ कराने की नापाक कोशिशें कर रहा है। इसी क्रम में पाकिस्तानी सेना ने मंजाकोट सेक्टर में गोलाबारी की है। इस गोलाबारी की चपेट में आने से एक जवान शहीद हो गया है। वहीं एक अन्य जवान और स्थानीय नागरिक घायल हुआ है।

अच्छी खबर

10वीं-12वीं का परीक्षा परिणाम इसी माह होगा जारी

रायपुर/नवप्रदेश। माध्यमिक शिक्षा मंडल में इन दिनों दसवीं-बारहवीं के परीक्षा परिणाम जारी करने की तैयारी चल रही है। कोविड-19 के चलते बीच में ही स्थगित की गई परीक्षा के बाद अधिकारियों से राय-शुमारी की गई। अब प्री-बोर्ड में छात्रों के प्राप्तांक के आधार पर परीक्षा परिणाम तैयार कर इसे जारी किया जाएगा। माशिमं सूत्रों ने बताया कि मार्च में शुरू हुई 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम इस माहांत तक जारी कर दिया जाएगा। वहीं जिन विषयों की परीक्षाएं नहीं हो पाई थी, उन विषयों में छात्र-छात्राओं को प्री-बोर्ड परीक्षा में प्राप्तांक के आधार पर मूल्यांकन करते हुए अंक दिया जाएगा। वर्तमान में जिन विषयों की परीक्षाएं हो चुकी थी, उनका मूल्यांकन कार्य संपन्न हो चुका है और टेबलिंग ■ शेष पृष्ठ 8 पर

कोरोना अपडेट

देश	टोटल केस	मौत
भारत	2,97,001	8,473
अमेरिका	2,071,491	115,291
ब्रिटेन	291,409	41,279
ब्राजील	775,581	39,803
इटली	235,763	34,114
फ्रांस	155,136	29,319
स्पेन	289,360	27,136
मैक्सिको	129,184	15,357
बेल्जियम	59,711	9,636
जर्मनी	186,557	8,845
ईरान	180,156	8,584
कनाडा	97,328	7,972
नीदरलैंड	48,251	6,044
रूस	502,436	6,532
पेरु	208,823	5,903
टर्की	173,036	4,746

शेयर बाजार

सेंसेक्स- 33538.37
निफ्टी- 9902.00
गोल्ड- 47322 (10 ग्रा.)
सिल्वर- 49160 (1 कि ग्रा.)

केंद्र, महाराष्ट्र सरकार को नोटिस

नई दिल्ली/(वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने महाराष्ट्र के पालघर में भीड़ की हिंसा में दो साधुओं की मौत की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) या राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) से जांच कराये जाने संबंधी याचिका पर केंद्र सरकार और महाराष्ट्र सरकार से गुरुवार को जवाब तलब किया। न्यायमूर्ति अशोक भूषण, न्यायमूर्ति एम आर शाह और न्यायमूर्ति वी. रमासुब्रमण्यन की खंडपीठ ने महंत श्रद्धानन्द सरस्वती एवं अन्य तथा घनश्याम उपाध्याय की अलग-अलग याचिकाओं ■ शेष पृष्ठ 8 पर

पालघर मॉब लिंचिंग

महंत श्रद्धानंद सरस्वती ने की सीबीआई जांच की मांग

महंत श्रद्धानंद सरस्वती ने जहां महाराष्ट्र सरकार को मुख्य प्रतिवादी बनाया है और घटना की सीबीआई जांच की मांग की है वहीं दूसरे याचिकाकर्ता घनश्याम उपाध्याय ने केंद्र सरकार को प्रथम पक्षकार बनाया है तथा एनआईए जांच की गुहार लगायी है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि उन्हें राज्य सरकार की पुलिस जांच पर भरोसा नहीं है, इसलिए ■ शेष पृष्ठ 8 पर

विधायकों को 25-25 करोड़ रु. का लालच दे रही भाजपा : गहलोत

जयपुर/(वार्ता)। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भारतीय जनता पार्टी भाजपा पर राज्यसभा चुनाव में विधायको की खरीद फरोख्त का आरोप लगाते हुये कहा है कि इसके लिए विधायकों को 25.25 करोड रूपये का लालच दिया जा रहा है। गहलोत ने गुरुवार को यहां मीडिया से बातचीत में दावा किया कि खरीद फरोख्त के लिए बडी मात्रा में राशि यहां आ चुकी है। भाजपा द्वारा इसके तहत प्रत्येक विधायक को दस .दस करोड रूपये अग्रिम दिया जा रहा है तथा शेष 15 करोड रूपये बाद में देने का वायदा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे विधायक पहले से सचेत हो गये हैं।

परदेशी कोमल सिद्धार्थ अब मुख्यमंत्री के सचिव

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। राज्य सरकार ने गुरुवार को 13 आईएएस के विभागों में फेरबदल कर दिया। डॉ. एम गीता को प्रभारी कृषि उत्पादन आयुक्त एवं सचिव, कृषि एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग के पद पर पदस्थ करते हुए सचिव, ग्रामोद्योग विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। परदेशी सिद्धार्थ कोमल, सचिव लोकनिर्माण विभाग तथा अतिरिक्त प्रभार सचिव, खेल एवं युवा कल्याण विभाग व प्रबंध संचालक, छग राज्य सड़क विकास निगम, रायपुर को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यंत सचिव मुख्यमंत्री, मुख्यमंत्री सचिवालय के पद पर पदस्थ किया गया गया। परदेशी को सचिव, लोकनिर्माण विभाग, सचिव, विमानन विभाग एवं सचिव खेल एवं युवा कल्याण विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा ■ शेष पृष्ठ 8 पर

राज्य में 13 आईएएस का प्रभार बदला

एजीआर मामला : दूरसंचार विभाग को 'सुप्रीम' फटकार

नई दिल्ली/(वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) मामले में अक्टूबर 2019 के फैसले के आधार पर सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) से बकाया मांगने को लेकर दूरसंचार विभाग (डीओटी) को फटकार लगाते हुए इस पर फिर से विचार करने को कहा है। न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा, न्यायमूर्ति एस अब्दुल नजीर और न्यायमूर्ति एम आर शाह की खंडपीठ ने गुरुवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग से हुई सुनवाई के दौरान डीओटी को निर्देश दिया कि वह एजीआर मामले में पिछले वर्ष अक्टूबर के फैसले के आधार पर पीएसयू से बकाया मांगने के निर्णय पर दोबारा विचार करे।

खंडपीठ ने कहा कि 2019 के फैसले को सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों से बकाया मांगने का आधार नहीं बनाया जा सकता। न्यायालय ने कहा कि ऐसा करके डीओटी उसके फैसले का दुरुपयोग कर रहा है।

कोरोना के कारण टला गगनयान मिशन

नई दिल्ली/ए.। मानवरहित उड़ान भरने को तैयार भारत की महत्वाकांक्षी गगनयान परियोजना को रद्द कर दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अब यह 2021 में उड़ान भरेगा, क्योंकि इसरो ने कोविड -19 के कारण अपनी योजनाओं को फिर से जारी किया है। मिशन को मूल रूप से इस वर्ष के अंत में निर्धारित किया गया था। इसरो के एक वरिष्ठ वैज्ञानिक ने कहाः हमें दी जा रही योजनाओं के अनुसार, गगनयान मानव रहित उड़ान इस साल के कार्यक्रम में नहीं है। वैज्ञानिक ने कहा कि मानव रहित उड़ान को अगले साल तक बढ़ा देने से, 2022 तक मनुष्यों को अंतरिक्ष में भेजने की परिकल्पना प्रभावित होगी। रिपोर्ट में इसरो के अध्यक्ष के. सिवन के हवाले से बताया गया है कि वर्तमान परिस्थितियों के साथ, इस वर्ष मानव रहित उड़ान संभव नहीं हो सकती है।

सीएम ने प्रशिक्षु आईएफएस को बताया वनवासियों के प्रति अपना विजन

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से यहां उनके निवास कार्यालय में प्रधान मुख्य वन संरक्षक राकेश चतुर्वेदी के नेतृत्व में अखिल भारतीय वन सेवा-2018 बैच के चार प्रशिक्षु अधिकारियों ने सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को वनवासियों की समृद्धि को लेकर अपने विजन से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षु आईएफएस अधिकारियों से कहा कि वन सेवा वनवासियों की सेवा करने का माध्यम है। सभी अधिकारी वनांचल क्षेत्रों में जाकर सामाजिक आर्थिक समस्याओं का अध्ययन करें। उनकी समस्याओं को नजदीक से देखें। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

गरमा-गरम

आंकलन — आईसीएमआर ने देश के 83 जिलों में किए सीरो सर्वे रिपोर्ट के आधार पर कहा

भारत में अभी कोरोना का सामुदायिक प्रसार नहीं

लेकिन बड़ी आबादी के संक्रमित होने का खतरा

नई दिल्ली/ए.। भारत में कोरोना का सामुदायिक प्रसार (कम्युनिटी ट्रांसमिशन) हो रहा है या नहीं हो रहा है? यह पिछले कुछ दिनों से बड़ा सवाल बना हुआ था। अब इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमार) ने आंकड़ों के साथ यह साफ कर दिया है कि देश अभी कोरोना वायरस के तीसरे चरण या कम्युनिटी स्प्रेड की स्थिति में नहीं है। हालांकि, आईसीएमआर ने यह भी कहा है कि आबादी के बड़े हिस्से को अब भी कोविड-19 संक्रमण का खतरा है। आईसीएमार ने कोरोना वायरस की सही स्थिति का आंकलन करने के लिए 83 जिलों में सीरो-सर्वेक्षण किया है। इनमें 0.73 प्रतिशत आबादी के कोरोना वायरस के पहले संपर्क में आने के सबूत मिले हैं। आईसीएमआर ने कहा कि सीरो-सर्वेक्षण ■ शेष पृष्ठ 8 पर

ये कहा डायरेक्टर जनरल ने

आईसीएमार के डायरेक्टर जनरल बलराम भार्गव ने कहा, 'भारत एक बहुत बड़ा देश है और प्रसार (कोरोना का) बहुत कम है। भारत कम्युटी ट्रांसमिशन में नहीं है।' उन्होंने कहा कि हमें जांच करना, संक्रमित लोगों के संपर्क में आए लोगों का पता लगाना, प्रभावी निगरानी बनाए रखना, कोविड-19 को रोकने की रणनीति लागू करना जारी रखना होगा। आईसीएमआर ने कहा है कि भारत में प्रति एक लाख की आबादी पर कोविड-19 के मामले (20.77) हैं, जबकि वैश्विक औसत 91.67 है। भारत में कोरोना वायरस संक्रमण से मृत्यु दर प्रति एक लाख की आबादी पर 0.59 है।

दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री ने कहा- हो रहा कम्युनिटी ट्रांसमिशन

बुधवार को दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने कहा था कि दिल्ली में कम्युनिटी ट्रांसमिशन हो रहा है, लेकिन इसकी घोषणा केंद्र सरकार को करनी है। दिल्ली डिजास्टर अथॉरिटी की एक बैठक के बाद मंत्री ने कहा कि सरकार को दिल्ली में 50 फीसदी मरीजों के संक्रमण का स्रोत नहीं बता चल पा रहा है।

ओडिशा में एनडीआरएफ ओडीआरएफ तथा दमकल विभाग के 136 कर्मी कोरोना पॉजिटिव

भुवनेश्वर/ (वार्ता)। ओडिशा में गुरुवार को कोरोना वायरस 136 नये मामले दर्ज किये गये, इनमें राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), ओडिशा आपदा प्रतिक्रिया बल (ओडीआरएफ) तथा दमकल विभाग के वे कर्मचारी शामिल हैं, जो हाल ही में आए भीषण चक्रवाती तूफान अम्फान के दौरान पश्चिम बंगाल में ड्यूटी पर तैनात थे। इसके साथ ही राज्य में इस संक्रमण से ग्रसित मरीजों की संख्या बढ़कर 3386 हो गई है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सूत्रों ने बताया कि इस संक्रमण के कारण भुवनेश्वर में एक 38 वर्षीय मरीज की मौत हो गई। सूत्रों के अनुसार वह कई बीमारियों से ग्रसित था और लंबे समय से उपचार करवा रहा था। इसकी मौत कई अंगों के काम करना बंद कर देने की वजह से हुई। राज्य में कोरोना की वजह से अब तक 12 लोगों की मौत हुई है।

अनामिका शुक्ला केस : गिरफ्तार मास्टरमाइंड के भाई ने किए कई खुलासे

कास ए.। यूपी के चर्चित फर्जी शिक्षक अनामिका शुक्ला केस मामले में गुरुवार को पुलिस ने कासगंज में फर्जी प्रमाण पत्रों के सहारे नौकरी दिलवाने वाले गैंग के मास्टरमाइंड राज के भाई जसवंत सिंह को मैनपुरी से गिरफ्तार कर लिया है। जसवंत सिंह ने पूछताछ में कई चौकाने वाले खुलासे किए है। जसवंत खुद भी फर्जी तरीके से नौकरी कर रहा था। जसवंत ने कबूला है कि उसने 18 से 20 लड़कियों को अलग अलग स्कूलों में फर्जी प्रमाण पत्रों के सहारे नौकरी दिलवाई थी। अब पुलिस इन स्कूलों में जांच-पड़ताल के लिए जा रही है। एसपी कासगंज सुशील घुले ने बताया कि, गिरफ्तार हुआ जसवंत सिंह भी कन्नौज में विभव कुमार के नाम से प्राइमरी स्कूल में हेडमास्टर पद पर नौकरी करता पकड़ा गया है। उसकी भी फर्जी नाम से विभाग में नियुक्ति चल रही है। दोनों भाईयों ने फर्जी दीप्ति सिंह को भी सात साल पहले नौकरी पर लगवाया था। अभी तक यह लोग 18 से 20 महिलाओं को फर्जी नामों से बेसिक शिक्षा विभाग में संविदा पर नौकरी लगवा चुके हैं। पूछताछ में

जसवंत सिंह ने बताया कि, विभव कुमार के नाम से उसने एक बैंक से कार लोन भी ले रखा है। एसपी के मुताबिक मास्टमाइंड पुष्पेन्द्र सिंह उर्फ राज की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं, उसके पकड़े जाने पर और भी महत्वपूर्ण खुलासे होने की उम्मीद है। एसपी कासगंज ने बताया कि राज की गिरफ्तारी के लिए इनाम भी घोषित किया जा रहा है।

शिक्षक भर्ती घोटाले में जवाब दे उत्तर प्रदेस सरकार: प्रियंका

नयी दिल्ली (वार्ता) । कांग्रेस की उत्तर प्रदेश की प्रभारी महासचिव प्रियंका गांधी ने वाड्रा गुरुवार को ट्वीट कर आरोप लगाया कि यह घोटाला सरकार की नाक के नीचे हुआ है और इसे दबा कर रखा गया है। इस संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार पर लगातार हमला कर रही श्रीमती वाड्रा का मानना है कि अधिकारियों की साठगांठ के बिना इतना बड़ा घोटाला नहीं हो सकता इसलिए राज्य सरकार को इस संबंध में उठने वाले सवालों का जवाब देना चाहिए। उन्होंने ट्वीट किया लाखों युवाओं ने परीक्षा दी। लाखों ने नौकरी की आस लगाई। लाखों ने साल भर इंतजार किया। भाजपा सरकार की नाक तले ये महाघोटाला सिस्टम में बैठे लोगों की साठगांठ से होता रहा। साल भर इसे दबाए रखा। अब सरकार को परीक्षा में शामिल हुए मेहनती छात्रों और सफल हुए लोगों को जवाब देना ही होगा।

हेलिकॉप्टर से भारी मशीनें चीन सीमा पर तेज हुआ काम

पिथौरागढ़ ए.। भारत-चीन की सीमा पर हेलिकॉप्टरों ने भारत-चीन सीमा के पास मिलम से मुनस्यारी तक बनने वाली सड़क का निर्माण तेज कर दिया है। सड़क निर्माण जल्दी पूरा करने के लिए उत्तराखंड के जौहर घाटी के कठिन हिमालयी इलाके में हेलिकॉप्टर से भारी मशीनें उतारी गई हैं। इन मशीनों की मदद से सड़क बनाने के काम में तेजी लाई जाएगी।

बीआरओ के मुख्य अभियंता बिमल गोस्वामी ने कहा कि 2019 में कई बार प्रयास के बाद भी उन लोगों को सफलता नहीं मिली थी। सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) इसी महीने हेलिकाप्टरों से भारी सड़क निर्माण उपकरण उतारने में सफल हो गया है और अब सड़क बनाने के काम में तेजी आएगी।

उपकरणों की कमी से काम में हो रही थी देरी

अभियंता ने बताया कि 65 किलोमीटर की सड़क के सरेखण स्थल के पास लासपा में भारी पत्थर काटने के उपकरणों की कमी थी। उपकरण न होने के कारण पत्थरों को काटने में देरी के चलते निर्माण में भी देरी हो रही थी।

पिछले साल कई प्रयास हुए थे असफल

राज्य के पिथौरागढ़ जिले में जौहर घाटी के उच्च हिमालयी क्षेत्र में बनने वाली मुनस्यारी-बोगडियार- मिलम सड़क भारत-

चीन सीमा पर स्थित अंतिम चौकियों की एक कड़ी होगी। बीआरओ के अधिकारियों ने बताया, 'पिछले साल कई असफल प्रयासों के बाद, हम इस महीने में भारी मशीनों के साथ हेलिकॉप्टर उतारने में सफल रहे। अब हमें उम्मीद है कि यहां पर चुनौतीपूर्ण सड़क निर्माण का काम अब अगले तीन वर्षों में पूरा कर लिया जाएगा।'

सीधा खड़ा 22 किमी का पहाड़ आ रहा था आड़े

अधिकारियों ने बताया कि यहां पर 22 किलोमीटर के हिस्से में पहाड़ एकम सीधा है। उसकी कठोर चट्टानों को बिना भारी उपकरणों की सहायता के काटना बहुत चुनौतिपूर्ण था। अब इन चट्टानों को काटना आसान होगा क्योंकि भारी मशीनों को हेलीकॉप्टर से कार्यस्थल तक पहुंचाया जा सकता है।

40 किमी हिस्से पर कटाई का काम पूरा हुआ

बीआरओ के मुख्य अभियंता ने कहा, 'सड़क का निर्माण 2010 में 325 करोड़ रुपये की लागत के साथ शुरू किया गया था। उन्होंने कहा कि सड़क का निर्माण दोनों छोर से किया जा रहा है और 22 किलोमीटर के कठिन हिस्से को छोड़कर, सड़क के 40 किमी हिस्से पर कटाई का काम पूरा हो चुका है।

साउथ चाइना सी के एक और द्वीप पर सैन्य अड्डा बनाने की फिराक में चीन

मनीला ए.। *लद्दाख में भारतीय जमीन पर कब्जा करने की फिराक में लगे चीनी ड्रैगन ने पूरे साउथ चाइना सी पर कब्जा करने लिए अपनी मुहिम तेज कर दी है। चीन अब फिलीपींस से सटे स्कारबोरोघ शोअल द्वीप पर एयर और नेवल बनाने जा रहा है। चीन साउथ चाइना सी में बहुत जल्द ही हवाई रक्षा पहचान क्षेत्र बनाना चाहता है और इसमें शोअल द्वीप की बड़ी भूमिका होगी। चीन के इस कदम से अमेरिका के साथ उसके रिश्ते और ज्यादा बिगड़ सकते हैं। अमेरिकी टीवी चैनल सीएनएन ने रिटायर सीनियर जस्टिस एंटोनियो कार्पियो के हवाले से बताया कि चीन बहुत जल्द ही शोअल द्वीप पर हवाई और नौसैनिक अड्डा बनाने जा रहा है। एंटोनियो ने कहा, 'चीन ने जब संकेत दिया है कि वह हवाई रक्षा पहचान क्षेत्र बनाना चाहता है तो इसका केवल एक ही मतलब है कि चीन जल्द ही शोअल द्वीप पर एयर और नेवल बेस बनाने जा रहा है।' उन्होंने कहा कि बिना इस द्वीप पर सैन्य अड्डा बनाए चीन का यह सपना पूरा नहीं होने जा रहा है। वर्ष 2012 में हुए विवादित गतिरोध के बाद फिलीपींस ने इस द्वीप पर से अपना कब्जा खो दिया था। यह द्वीप जामबलेस से मात्र 120 नाटिकल मील की दूरी पर स्थित है। इसके बाद फिलीपींस ने चीनी कदम के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट ने इस द्वीप के 200 समुद्री मील इलाके पर फिलीपींस का अधिकार माना।*

वायरल ऑडियो पर शिवराज ने तोड़ी चुप्पी, कहा-

'पापियों का विनाश तो पुण्य का काम है'

भोपाल ए.। एमपी सीएम शिवराज सिंह चौहान के वायरल ऑडियो पर सियासी भूचाल आ गया है। कांग्रेस वायरल ऑडियो मामले में बीजेपी पर हमलावर है। पूर्व सीएम कमलनाथ से लेकर कांग्रेस के अन्य नेता अब अटैकिंग मोड में हैं। ऐसे में सीएम शिवराज सिंह चौहान ने इसे लेकर चुप्पी तोड़ी है। ऑडियो क्लिप पर जारी घमासान के बीच शिवराज ने ट्वीट कर कहा है कि पापियों का विनाश तो पुण्य का काम है।

दरअसल, इंदौर के एक कार्यक्रम का ऑडियो क्लिप लीक होने के बाद कांग्रेस बोली थी कि अब सच्चाई सामने आ गई है कि

सरकार असंतोष की वजह नहीं गिरी है। बीजेपी के लोगों ने साजिश रच कर सरकार गिराई थी। सीएम ने बिना नाम लिए ट्वीट किया है। शिवराज ने लिखा कि पापियों का विनाश तो पुण्य का काम है। हमारा धर्म तो यही कहता है। क्यों? बोलो, सियापति रामचंद्र की जय।

सीएम शिवराज सिंह चौहान सोमवार को इंदौर दौरे पर थे। इंदौर दौरे के दौरान उपचुनाव को लेकर वह बीजेपी नेताओं के साथ बैठक कर रहे थे। बैठक में संबोधन के दौरान शिवराज सिंह चौहान ने कहा था कि आलाकमान से निर्देश मिलने के बाद एमपी में कमलनाथ की सरकार गिराई। साथ ही शिवराज ने कहा था कि तुलसी सिलावट और ज्योतिरादित्य सिंधिया के बिना ये संभव था क्या। इसी बात पर एमपी की राजनीति में घमासान मचा हुआ है।

'कायरों ने मेरे पिता को पीठ पर गोली मारी'

जम्मू ए.। कश्मीर के अनंतनाग में आतंकी हमले में मारे गए सरपंच अजय पंडिता की बेटी ने अपने पिता की हत्या करने वालों को कायर करार दिया है। अजय पंडिता की बेटी शीन ने कहा है कि जिन लोगों ने उनके पिता को गोली मारी वो बुजदिल थे और वो जानते थे कि अजय पंडिता भारती को ऐसे मारा नहीं जा सकता। इससे पहले शीन ने अपने पिता के हत्यारों से बदला लेने की बात कहते हुए कहा था कि जिन लोगों ने उनके पिता की हत्या की है उन्हें

इसकी बड़ी कीमत चुकानी होगी। शीन ने एक निजी चैनल के बात करते हुए ये भी कहा कि जिस रोज मेरे पिता का पार्थिव शरीर तिरंगे में लिपटकर गया, उसी दिन मैंने सोच लिया था कि अब मैं नहीं रोने वाली।

गुरुवार को मीडिया से बात करते हुए शीन ने कहा कि उनके पिता एक देशभक्त थे। जिन लोगों ने उन्हें पीछे से गोली मारी वो बुजदिल लोग थे। उन्हें पता था कि ऐसे नहीं हो पाएगा अजय भारती को कुछ, हमें छिप के वार करना होगा। बता दें कि अजय पंडिता को 8 जून के दिन उनके घर के पास आतंकियों ने गोली मार दी थी। इस घटना के बाद अजय को अस्पताल ले जाया गया था, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

इमरान सरकार को भारत की सुरक्षा एजेंसियों ने दिया झटका

कश्मीरी छात्रों को स्कॉलरशिप देने की योजना खारिज

नई दिल्ली ए.। भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने इमरान खान सरकार की 1600 कश्मीरी छात्रों को पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में छात्रवृत्ति देने की योजना को नामंजूर कर दिया है। इस विषय से जुड़े लोगों ने गुरुवार को यह जानकारी दी है। सुरक्षा अधिकारियों ने कहा, 'स्कॉलरशिप देना युवा कश्मीरियों को कट्टरपंथी बनाने की पाकिस्तान की एक रणनीति थी। उन्हें बाद में भारत के खिलाफभड़काया जाता। पहले उनकी सहानुभूति लेते फिर बाद में उनका इस्तेमाल करते। जम्मू-कश्मीर पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ऐसे कुछ उदाहरण भी सामने आए हैं जहां युवा कश्मीरियों ने वाघा-अटारी सीमा चौकी से होकर सीमा पार की

और नियंत्रण रेखा से होकर आतंकवादियों के रूप में लौटे।

आपको बता दें कि पाकिस्तान ने पहली बार इस साल की शुरुआत में अपनी नेशनल असेंबली के एक पैनल में स्कीम की घोषणा की थी। पाकिस्तान वर्षों से कश्मीरी छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान कर रहा है, लेकिन ये ज्यादातर बहुत ही छोटे पैमाने पर थे। कश्मीर पुलिस का अनुमान है कि लगभग 150 कश्मीरी छात्रा पाकिस्तान और पीओके स्थित मेडिकल और इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में नामांकित हैं। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि आवेदकों को ज्यादातर अलगाववादी समूहों जैसे हुर्रियत या आतंकी समूह हिजबुल मुजाहिदीन प्रमुख सैयद सलाहुद्दीन के नेतृत्व वाले यूनाइटेड जिहाद काउंसिल के पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के मुजफ्फराबाद में सिफारिश की आवश्यकता होती है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) द्वारा जब्त किए गए एक दस्तावेज में इस बात का खुलासा हुआ था कि नईम खान ने एक छात्र के लिए एक मेडिकल कॉलेज में प्रवेश की सिफारिश की थी। क्योंकि उसका परिवार अलगाववादियों के अभियान में सहयोग के लिए प्रतिबद्ध था।

वाराणसी: नाविक और पुरोहितों के सामने रोजी-रोटी का संकट

वाराणसी ए.। लॉकडाउन के बाद अब देश के अनलॉक की शुरुआत हो गई है। अनलॉक 1.0 में वाराणसी के मंदिर भी अब खुलने लगे हैं लेकिन अब भी वाराणसी के घाटों पर जनजीवन सामान्य नहीं हो पाया है। घाटों पर अभी भी अघोषित कर्फ्यू जैसे हालात हैं। घाटों पर लोगों की आवाजाही पूरी तरह प्रतिबंधित है। सुबह से देर रात तक पुलिस के साथ पीएसी के जवान ड्यूटी पर तैनात हैं। महादेव की नगरी काशी में 84 घाट हैं। अस्सी घाट से लेकर राजघाट तक लगभग घाटों की लंबी श्रृंखला में करीब 10 हजार से ज्यादा नाविक गंगा में नौकायन कर अपनी जीविका चलातें हैं। सुबह और शाम घाटों पर्यटकों से गुलजार रहता था, जिससे इनका व्यवसाय चलता था। 80 दिनों से लॉकडाउन के कारण अब इनका धंधा पूरी तरह ठप पड़ा है और परेशानियों का पहाड़ भी इनके सामने खड़ा है। नाविक भरत ने बताया कि 22 मार्च से नाव का संचालन बंद है। घाटों पर पर्यटकों और श्रद्धालुओं के आने जाने पर भी पाबन्दी लगी है, जिससे अब वाराणसी के 10 हजार नाविकों के परिवार के आगे रोजी रोटी का संकट गहरा गया है। नाविक ने बताया कि सरकार की ओर से भी हम लोगों को कोई मदद नहीं मिली है।

कोरोना इफेक्ट: अदलतों में कागज के प्रयोग पर पूरी तरह रोक

नई दिल्ली ए.। दिल्ली में कोरोना के लगातार बढ़ते मामलों के मद्देनजर दिल्ली उच्च न्यायालय की तरफसे एक अहम फैसला लिया गया है। उच्च न्यायालय समेत दिल्ली की सातों जिला अदालतों में कागज के इस्तेमाल पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। इस बाबत दिल्ली उच्च न्यायालय की तरफ एक सर्कुलर जारी किया गया है।

उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार की तरफसे मंगलवार को जारी सर्कुलर में कहा गया है कि दिल्ली से संबंधित सभी अदालतों में नोटिस, समन और डाक पर बहरहाल पूरी तरह रोक लगाई जा रही है। दिल्ली में स्थिति सामान्य होने तक यह रोक जारी रहेगी। सभी अदालतें ये सभी कार्य ई-माध्यम से करें। सर्कुलर में कहा गया है कि सभी अदालतों को आदेश का सख्ती से पालन करना होगा। इससे अदालतों को कोरोना जैसे खतरे से बचाया जा

सकता है। साथ ही इस मुश्किल समय में अन्य विभागों पर पड़ रहे अतिरिक्त भार को भी कम किए जाने का यह प्रयास है।

ई-मेल, व्हाट्सएप का करें इस्तेमाल : सर्कुलर में अदालतों के अधिकारियों को कहा गया है कि जैसे जमानत याचिकाओं पर सुनवाई के लिए ई-मेल व व्हाट्सएप का प्रयोग हो रहा है, उसी तरह अन्य मामलों में भी इसे लागू किया जाए। ई-मेल पर आदेश, समन, नोटिस या डाक का आदान-प्रदान किया जाए। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कोरोना वायरस के संक्रमण की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। रोजाना कोविड-19 संक्रमण के औसतन 1250 नए मामले सामने आ रहे हैं। दिल्ली में एक जून से महज आठ दिन में 10 हजार नए मामले सामने आए हैं। जबकि पहले 10 हजार तक मामले पहुंचने में 79 दिन लगे थे। दिल्ली सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के विश्लेषण से यह बात सामने आई है। दिल्ली में कोरोना वायरस संक्रमण के मामले 13 दिनों में 10,000 से 20,000 हुए थे। दिल्ली में इस संक्रमण का पहला मामला एक मार्च को सामने आया था, जब पूर्वी दिल्ली का एक व्यापारी इटली से लौटने के बाद कोविड-19 संक्रमित पाया गया।

अमेरिका में कोरोना संक्रमितों की संख्या 20 लाख के पार, 1 लाख 13 हजार की मौत

वॉशिंगटन ए.। दुनिया का सबसे शक्तिशाली देश अमेरिका कोरोना वायरस के सामने पस्त हो चुका है। यहां इस वायरस से संक्रमित लोगों की संख्या अब 20 लाख के पार चली गई है, जबकि करीब 1 लाख 13 हजार की मौत हो चुकी है।

जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी की ओर से जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक, अमेरिका में कोरोना संक्रमितों की संख्या 20 लाख 464 हो गई है। यहां अब तक 112,924 लोगों की जान गई है। अकेले न्यूयॉर्क में 30 हजार 542 लोगों की मौत हो चुकी है तो न्यू जर्सी में 12 377 लोगों की मौत हुई है।

अमेरिका के बाद सबसे अधिक

केस ब्राजील में हैं तो रूस तीसरे नंबर पर है। इस सूची में ब्रिटेन चौथे नंबर पर है तो भारत इस अनचाहे रेस में अब ब्रिटेन से कुछ ही पीछे है। इस महामारी से हुई मौतों के आंकड़ों के हिसाब से अमेरिका पहले, ब्रिटेन दूसरे और ब्राजील तीसरे क्रम पर है।

ब्राजील में अब तक 772416 लोग इसकी चपेट में आ चुके हैं और 39680 लोगों की मौत हो चुकी है। रूस में भी कोविड-19 का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है और यहां इसके संक्रमण से अब तक 4,92 हजार 23 लोग प्रभावित हुए हैं और 66,350 लोगों ने जान गंवाई है।

ब्रिटेन में अब तक इस महामारी से 2,91,588 लोग संक्रमित हुए और 41223 लोगों की मृत्यु हो चुकी है। स्पेन में अब तक 2,42280 लोग संक्रमित हुए है जबकि 27,136 लोगों की मौत हो चुकी है। यूरोपीय देश इटली में इस महामारी ने खूब कहर बरपाया है। यहां अब तक इसके कारण 34,114 लोगों की मौत हुई है और 2,35,763 लोग इससे संक्रमित हुए हैं।

दुनिया में 4 लाख से अधिक मौतें

विश्व में कोरोना वायरस से मरने वाले लोगों की संख्या 4.16 लाख से अधिक हो गई है और अब तक इससे 73.6 लाख से अधिक लोग संक्रमित हो चुके हैं। जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के ताजा आंकड़ों के मुताबिक कोरोना वायरस से दुनिया भर में अब तक 4,16,116 लोगों की मौत हुई है और 7357794 लोग संक्रमित हुए हैं।

अमेरिका में सितंबर तक दो लाख लोगों की जान ले सकता है कोरोना वायरस

वॉशिंगटन ए.। *अमेरिका के भारतीय मूल के एक जाने-माने प्रोफेसर ने सचेत किया है कि इस साल सितंबर तक देश में कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के कारण मरने वालों की संख्या दो लाख तक पहुंच सकती है और कोविड-19 के मामलों में बड़ी गिरावट की उम्मीद करना 'ख्याली पुलाव' पकाने के समान होगा। हार्वर्ड में 'ग्लोबल हेल्थ इंस्टीट्यूट के प्रमुख आशीष झा ने बुधवार को सीएनएन से कहा कि वह लोगों को घर में रहने के लिए 'डराने की कोशिश' नहीं कर रहे हैं, बल्कि वह लोगों से मास्क पहनने, सामाजिक दूरी के नियमों का पालन करने और जांच की संख्या बढ़ाने एवं संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आए लोगों का पता लगाने के लिए बुनियादी ढांचा मजबूत करने की अपील कर रहे हैं। झा ने कहा, 'यदि कोई मामलों में बड़ी गिरावट की उम्मीद कर रहा है, तो वह निश्चित ही ख्याली पुलाव पका रहा है। यदि आगामी तीन महीने तक कोरोना वायरस संक्रमण के रोजाना सामने आ रहे नए मामलों की संख्या में बढ़ोतरी नहीं होती है, तो भी सितंबर तक दो लाख लोगों की मौत होने की आशंका है और यह निश्चित ही भयावह है।' झा ने कहा कि उन्होंने गर्मी के मौसम में हालात सुधरने की उम्मीद की थी, लेकिन इसके विपरीत गर्मियों में भी संख्या बढ़ रही है।*

न्यूज गैलरी

दस्तावेजों में कूटरचना कर तीन करोड़ तीस लाख की धोखाधड़ी

रायपुर। व्यापार में आपसी साझेदारी में साझेदारों के मध्य विवाद होने पर कंपनी के दस्तावेजों में हेरफेर कर मतभेद होने पर कंपनी हड़पने की घटनाएं देश एवं प्रदेश में बड़े पैमाने पर घट रही हैं। बड़ी-बड़ी कार्पोरेट सेक्टर की कंपनियों में साझेदारी होने वाले विवाद अक्सर ट्रिब्यूनल में जाते हैं जहां वक्त लगने पर मामले सुलझने के बजाय और उलझते जा रहे हैं। हेथवे सीसीएन कंपनी के साझेदार एवं प्रार्थी गुरुमीत सिंह भाटिया पिता स्व. महलसिंग भाटिया को उनके पार्टनर निवासी बसस्टैंड पंडरी ने कंपनी के दस्तावेजों में कुटरचना कर हेथवे सीसीएन मल्टी नेट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का तीन करोड़ तीस लाख रुपये की आर्थिक क्षति पहुंचाकर कंपनी को हड़पने की कोशिश की। पगारिया काम्पलेक्स, मिनीमाता परिसर स्थित कार्यालय में पार्टनर के साथ खुलेआम की गई धोखाधड़ी पर प्रार्थी द्वारा शिकायत करने पर देवेंद्र नगर थाने ने आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 409, 420, 120 बी एवं 34 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

घर के सामने से खड़ी स्कूटी पार

रायपुर। दिनदहाड़े घर के सामने खड़े दोपहिया वाहन भी अब चोरों की नजरों से नहीं बच रहे हैं। ऐसा कोई दिन नहीं जाता जब शहर में दोपहिया वाहन चोरी की घटना की रिपोर्ट संबंधित क्षेत्र के थानों में दर्ज न होती हो। शहर में लगातार दोपहिया वाहन चोर गिरोह रेकी कर घनी आबादी क्षेत्रों में दिनदहाड़े चोरी कर रहा है। डीडी थाने से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी विनय कुमार जैन आयु 47 वर्ष पिता दिनेश चंद्र जैन अपने घर के सामने स्कूटी 07 एसी 3590 घर के सामने कीमत दस हजार खड़ा किया था जिसे अज्ञात चोर ने एचआईजी -2 मकान नंबर 553 गोल चौक के खुलेआम पार कर दिया। उक्त मामले में अज्ञात चोर के खिलाफ डीडी नगर थाने ने आईपीसी की धारा 379 के तहत मामला कायम किया है।

बाइक सवार से रास्ता पूछने के नाम पर 23 हजार की लूट

रायपुर। दोपहिया वाहन से आसपास के क्षेत्रों में आवाजाही करना अब सुरक्षित नहीं रह गया है। रास्ते में पड़ने वाले ग्रामीण क्षेत्रों के आसपास अपराधी तत्वों का जमावड़ा आवाजाही करने वाले बाइक सवारों को दिनदहाड़े लूट रहा है। मोहन लाल साहू आयु 30 वर्ष पिता तिलकराम साहू निवासी मानिकचौरी गांव अभनपुर अपनी बाइक से ग्राम जमईबांधा नहरपास रोड सोनी चिल्ही गोबरा नवापारा जा रहे थे। रास्ते में आरोपी अर्जुन पाटले भोगो नवदीप ने प्रार्थी से राजिम जाने वाला रास्ता कहां है कहकर बाइक सवार को रोका और गले में नुकीला सूजा टिकाकर जेब में रखे पर्स एवं मोबाइल फोन दस हजार एवं नकदी एवं 13 हजार लूट लिया।

सूने मकान में 39 हजार की चोरी

रायपुर। शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी इन दिनों सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा जमकर चोरी की जा रही है। प्रार्थी दक्षूराम वर्मा आयु 74 वर्ष पिता फत्तेलाल वर्मा निवासी ग्राम कुरुद नेवरा के सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे गए 39 हजार रुपये की चोरी अज्ञात चोर ने कर ली।

पुरानी रंजिश के चलते मिली जान से मारने की धमकी

रायपुर। उरला थाने से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी रहिशखान आयु 25 वर्ष पिता नन्हेंखान निवासी गाजीनगर बिरगांव उरला से आरोपी अतीक खान भूरा कलवा रफीक खान आदि ने पुरानी रंजिश के चलते जमकर मारपीट की और प्रार्थी को जान से मारने की धमकी दी। उक्त मामले में उरला थाने ने आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 294, 506बी 323 एवं 34 के तहत मामला कायम किया है।

आदिवासियों से संवेदनशीलता और सकारात्मक सोच के साथ व्यवहार करें

राज्यपाल से अखिल भारतीय वन सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने भेंट की

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके से आज यहां राजभवन में अखिल भारतीय वन सेवा (2018 बैच) के प्रशिक्षु अधिकारियों ने भेंट की। राज्यपाल ने कहा कि आदिवासियों की आजीविका वनों से जुड़ी हुई है और वे वनों के संरक्षक भी हैं। अतः उनके साथ अत्यंत संवेदशीलता और सकारात्मक सोच के साथ व्यवहार किया जाना आवश्यक है। छत्तीसगढ़ आदिवासी बहुल क्षेत्र होने के साथ ही अत्यधिक वनाच्छादित प्रदेश भी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कुछ क्षेत्र

पांचवी अनुसूची के तहत भी आते हैं। अतः अधिकारियों के समक्ष वनवासियों का जीवन बेहतर करने एवं वनों को संरक्षित करने की चुनौतियां भी रहेंगी। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों को बेहतर भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक राकेश चतुर्वेदी, राज्यपाल के सचिव सोनमणि बोरा उपस्थित थे। राज्यपाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य में वन अधिकार मान्यता पत्र देने में अच्छा कार्य हुआ है। साथ ही सामुदायिक वन अधिकार मान्यता पत्र दिये जाने के संबंध में भी और ठोस कार्य किये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में अनेकानेक वनौषधियां पाई जाती हैं। इनका संरक्षण किया जाना चाहिए। इसे आदिवासियों के आय का जरिया भी बनाया जा सकता है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक राकेश चतुर्वेदी ने बताया कि प्रदेश में संयुक्त वन प्रबंधन समितियों के जरिए वनों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु अच्छे प्रयास किये जा रहे हैं। राज्यपाल को प्रशिक्षु अधिकारियों ने बागवानी संबंधी पुस्तकें भेंट की। अधिकारियों को राजभवन की काफी टेबल बुक 'नई सोच-नई पहल' की प्रति भेंट की गई। इस अवसर पर उप वन संरक्षक पंकज राजपूत, प्रशिक्षु अधिकारियों में आलोक कुमार वाजपेयी, शशि कुमार, तेजस शेखर, दिनेश कुमार पटेल उपस्थित थे।

रायपुर। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके से यहां राजभवन में राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष भवानी सिंह मरकाम ने सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने राज्यपाल से बुढ़ा तालाब में आराध्य श्री बुढ़ादेव की मूर्ति स्थापित करने का आग्रह किया। राज्यपाल सुश्री उइके ने इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। श्री भवानी सिंह ने बताया कि 600 साल पहले बुढ़ा तालाब का निर्माण आदिवासी राजा रायसिंह द्वारा किया गया था और उनके द्वारा आराध्य श्री बुढ़ा देव जी के नाम बुढ़ा तालाब का नाम रखा गया था।

कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक करें : गृह मंत्री

- पहुंच विहीन क्षेत्रों में बरसात से पहले हो खाद्यान्न का भण्डारण
- खाद और बीज के लिए किसानों को नहीं हो परेशानी
- आय का श्रोत बढ़ाने निर्माण विभाग बनाएं कार्य-योजना
- गृह मंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रभार जिले गरियाबंद के जिला अधिकारियों ली बैठक

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कोरोना बीमारी की संक्रमण की रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक करने को कहा है। उन्होंने इस बीमारी से बचने के लिए सावधानी बरतने तथा देश के अन्य राज्यों से आए श्रमिकों एवं अन्य लोग जिन्हें क्वारेंटाइन सेंटरों में रखा गया हैं वे बाहर नहीं जाएं इसके लिए सरपंच, सचिव एवं पटवारी की जवाबदेही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने क्वारेंटाइन सेंटरों में चाय, नाश्ता, भोजन-पानी और समुचित सुरक्षा व्यवस्था के भी निर्देश दिए हैं। श्री साहू ने आज अपने रायपुर निवास कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए गरियाबंद जिले के काम-काज की समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों के जिला अधिकारियों से विभागवार योजनाओं की प्रगति और विभागीय गतिविधियों की जानकारी ली।

मंत्री श्री साहू ने जिले के पहुंच विहीन क्षेत्रों में बरसात के पहले खाद्यान्न का भण्डारण करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि मानसून के पहले खाद और बीजों का पर्याप्त भण्डारण सुनिश्चित कर लें, ताकि किसानों को खाद, बीज की कमी नहीं हो। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप सुराजी गांव योजना नरवा, गरूवा, घुरवा, बाड़ी विकास के तहत लक्ष्य निर्धारित कर परिणाम मूलक कार्य करने को कहा। मंत्री श्री साहू ने निर्माण कर्यो में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखने को कहा। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में आवागमन नहीं रूके और कोई भी गांव पहुंच विहीन नहीं रहे, इसके लिए जिन नदी-नलों पर पूल बनाना हो उसे चिन्हित करें और प्राथमिकता से पूर्ण कराएं। उन्होंने लोक निर्माण, जल संसाधन, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा सहित विभिन्न निर्माण विभागों को आय का श्रोत बढ़ाने के लिए खाली पड़े शासकीय भूमि एवं अधिकारियों-कर्मचारियों के ऐसे आवासीय परिसर जो काफी पुराने और जीर्ण हो गए है उन स्थानों पर नये आवासीय कॉम्लेक्स के साथ ही शॉपिंग कॉम्पलेक्स बनाने को कहा, ताकि उन स्थानों का उपयोग नए आवास के साथ ही व्यवसायिक रूप से किया जा सके।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए समीक्षा बैठक में मंत्री श्री साहू ने नियमित रूप से राशन दुकान खुलने, सूखा मध्यान भोजन और रेडी-टू-ईट वितरण, सही समय पर सामाजिक सुरक्षा पेंशन का भुगतान, नदी किनारे और सड़कों के किनारे सघन वृक्षारोपण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस जवानों को अनुशासित रहने और आम जनता से अच्छा व्यवहार करने को कहा। उन्होंने भू-अर्जन से संबंधित प्रकरणों का त्वरित निराकरण, सिंचाई का रकबा बढ़ाने एनीकटों का रख-रखाव, फूड प्रोसेसिंग के लिए कार्य योजना, समर्थन मूल्य पर लघु वनोपजों की खरीदी, रोजगार सृजन, पेय जल, मौसमी बीमारियों से बचाव की तैयारी, पट्टा वितरण एवं नवनीकरण, डूबान क्षेत्रों को चिन्हित कर वहां आवश्यक तैयारी, नदी-नालों की सफाई के साथ ही लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत् समयसीमा में प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए।

हर बच्चे को बेहतर अवसर देना हम सबकी जिम्मेदारी : सीएम

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस 12 जून की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में कहा है कि आज पूरे विश्व में बाल श्रम एक समस्या के रूप में उभरा है। बाल श्रम के प्रति विरोध दर्ज करने और लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से हम हर साल 12 जून को अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस मनाते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाल मजदूरी से समाज अपना सुनहरा भविष्य खत्म करने की ओर एक कदम बढ़ाता है। उचित देखभाल, पोषण, सुरक्षा, खुशहाल जीवन, शिक्षा, स्वास्थ्य और आगे बढ़ने के अवसर पर हर बच्चे का समान अधिकार है। उन्होंने कहा कि हर बच्चे में असीम संभावनाएं होती हैं। इन संभावनाओं को संवरने के लिए खुला आसमान देना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने लागों से अपील की है कि छोटे बच्चों को काम में ना लागाएं,ना ही किसी को लगाने दें। बच्चों के प्रति दुर्व्यवहार,हिंसा या मजदूरी करते पाए जाने पर तुरंत पुलिस और प्रशासन को सूचना देकर बच्चे का भविष्य बचाने में सहयोग करें।

अपने स्वार्थ के लिए बच्चों का जीवन दांव पर न लगाएं

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया ने अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस 12 जून के अवसर पर लोगों से अपील की है कि लोग अपने थोड़े से स्वार्थ के लिए बच्चों का जीवन दांव पर ना लगाएं। बच्चे समाज और देश का भविष्य होते हैं। नींव की ईट की तरह देश के विकास में हर बच्चा महत्वपूर्ण है। श्रीमती भेंड़िया ने कहा कि बाल श्रम,बाल तस्करी के कई मामले आज भी सामने आते रहते हैं। लोग कल-कारखानों सहित अपने घर-दुकानों में भी छोटे-छोटे बच्चों से काम करवाने लगे हैं। इस दौरान बच्चों से दुर्व्यवहार और हिंसा की कई घटनाएं भी प्रकाश में आई हैं। उन्होंने कहा कि 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से ऐसा काम लेना जो उनके स्वास्थ्य और जीवन के लिए असुरक्षित हो,कानूनन अपराध है। सरकार ऐसे लोगों पर कानूनी कार्रवाई करती है,लेकिन इसके लिए प्रत्येक नागरिक का जागरूक होना जरूरी है। बच्चों के प्रति किसी भी प्रकार के अवैधानिक नियोजन, हिंसा, अपराध और दुर्व्यवहार की घटनाओं के प्रति सजग और सतर्क रहें और इसकी सूचना पुलिस, चाइल्ड लाइन, महिला बाल विकास विभाग या प्रशासन तक पहुंचाएं। बच्चों के प्रति हमारी संवेदनशील सोच ही देश-प्रदेश का भविष्य तय करेगी।

छात्रावासों-आश्रमों को किया जाएगा सेनेटाईज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आदेश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रदेश के सभी जिलों में आदिम जाति तथा अनुसूचित विकास विभाग द्वारा संचालित छात्रावास और आश्रमों को कोविड-19 संक्रमण से बचाव के लिए आगामी शिक्षण सत्र शुरू होने के पूर्व और शिक्षा सत्र के दौरान नियमित रूप से साफ-सफाई और सेनेटाईज किया जाएगा। विभाग के सचिव श्री डी.डी. सिंह ने इस संबंध में कार्रवाई के लिए सभी जिलों के सहायक आयुक्तों को निर्देशित किया है। आदिम जाति तथा अनुसूचित विकास विभाग द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि छात्रावास और आश्रमों की दैनिक स्वच्छता और सेनेटाईजेशन विशेष ध्यान दिया जाए। कोई भी कर्मचारी बिना आवश्यक सुरक्षा किट पहने साफ-सफाई न करें। छात्रावास-आश्रमों में प्रवेशित विद्यार्थी और कर्मचारी सावधानीपूर्वक दैनिक कार्य संपन्न करें, जिससे उनका संक्रमण से बचाव हो सके। विभागीय छात्रावास और आश्रमों की दैनिक स्वच्छता तथा सेनेटाईजेशन के लिए राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केन्द्र द्वारा जारी गाईडलाइन के आधार पर मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के तहत कार्रवाई की जाए।

खाद्य विभाग का कंट्रोल रूम सवेरे 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक होगा संचालित

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य में लॉकडाउन अवधि में खाद्यान्न भण्डारण आपूर्ति एवं वितरण के समुचित इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। खाद्य विभाग द्वारा आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता, भण्डारण, वितरण की मॉनिटरिंग के साथ ही राज्य के प्रवासी श्रमिकों और व्यक्तियों को निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराने के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। यह कंट्रोल रूम जिला पंचायत रायपुर में 25 मार्च 2020 से संचालित किया जा रहा है। इस राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम का दूरभाष क्रमांक 0771-2882113 है। यह कंट्रोल रूम अब सवेरे 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक संचालित किया जाएगा।

झूठ के चीथड़ो को सिलकर भाजपा गमछा नहीं बना सकती: शैलेष

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। देश में कोरोना संक्रमण लगातार बढ़ती संख्या पर प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के निर्णयों ने साबित कर दिया है कि वह कोरोना आपदा से लड़ने में सक्षम नहीं है। केंद्र के ग़लत फ़ैसलों की वजह से करोड़ों मज़दूरों के सामने रोज़गार का संकट पैदा हो गया और वे पैदल चलकर घर लौटने को बाध्य हुए। ग़लत समय पर लॉकडाउन करने जैसे केन्द्र सरकार के गलत फैसलों की वजह से कुछ मज़दूर भाई हाटस्पाट जोनों में दो माह रहकर संक्रमित होने को मजबूर हुए और अब वे अपने गृहराज्य छत्तीसगढ़ में लौटकर कोरोना से जूझ रहे हैं। केंद्र की विफलता को छिपाने के लिए केंद्र के मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के नेता षडयंत्रपूर्वक राज्यों का दोष निकालने में लगे हुए हैं। अब भाजपा नरेंद्र मोदी की विफलता का ठीकरा राज्यों के सिर फोड़ने की रणनीति पर काम कर रही है। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने थाली, ताली, घंटा बजवाने, अंधेरा करवा के मोमबत्ती टॉर्च जलवाने और फूल बरसाने के अलावा कोरोना से लड़ने के लिये कोई ठोस और कुसंगत कदम नहीं उठाए। कोरोना से निपटने के लिए मोदी जी ने पीएम-केयर्स नाम का नया कोष बनाया और देश के सभी बड़े उद्योगों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को भारी भरकम दान देने के लिए बाध्य किया। अब मोदी देशवासियों को बता भी नहीं रहे हैं कि इस कोष में कितना पैसा आया, कितना खर्च हो रहा है और कहां खर्च हो रहा है। जिस समय देश संकट के दौर से गुज़र रहा है। भाजपा सरकार में केंद्रीय गृहमंत्री चुनावी रैलियां करने और विधायक ख़रीदने में व्यस्त है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार के द्वारा शुरू से बरती गई एहतियात और छत्तीसगढ़ के लोगों की जागरूकता के परिणाम स्वरूप छत्तीसगढ़ में करोना के मामले शुरू से बेहद कम रहें। कटघोरा में संक्रमण फैला तो उसे नियंत्रण में लाने में छत्तीसगढ़ सरकार को सफलता मिली। छत्तीसगढ़ के जो मजदूर कमाने खाने के लिए बाहर गए थे वे लॉकडाउन में 60 दिन तक फंसे रहे और वापस लौट रहे हैं।

केबिनेट सचिव ने मुख्य सचिवों से राज्यों में कोरोना वायरस को लेकर जन स्वास्थ्य पर वीडियो कॉन्फ्रेंस से की समीक्षा

प्राईवेट लेबोटरीस में कोरोना जांच सुविधाएं बढ़ाने पर जोर

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। भारत सरकार के केबिनेट सचिव राजीव गौबा ने आज दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए देश के सभी राज्यों के मुख्य सचिवों और स्वास्थ्य सचिवों की बैठक लेकर कोरोना वायरस कोविड-19 के संक्रमण से जन स्वास्थ्य पर प्रभाव को लेकर विस्तार से राज्यवार समीक्षा की। केबिनेट सचिव ने राज्यों के ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा से ज्यादा स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाने और स्वास्थ्य सेवाओं के अपग्रेडेशन पर विशेष बल दिया है। उन्होंने मुख्य सचिवों से आगामी माहो में कोविड-19 के रोकथाम, बचाव और इलाज के लिए चुनौतिपूर्ण काम करने को कहा है। उन्होंने कोविड-19 के संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए समुदाय में जागरूकता लाने के लिए विशेष प्रयास करने कहा है। केबिनेट सचिव ने सार्वजनिक स्थानों पर मास्क लगाकर जाने सोशल और फिजिकल डिस्टेंसिंग का पालन करने के लिए कहा है। संक्रमण के लक्षण दिखने पर तत्काल स्वास्थ्य परीक्षण और इलाज करने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। केबिनेट सचिव ने राज्यों में प्राईवेट लेबोटरीस में कोरोना जांच सुविधाएं बढ़ाने पर जोर दिया है। उन्होंने सभी अस्पतालों में कोरोना के इलाज के लिए आने वाले लोगों को सही जानकारी देने की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा अस्पताल में पहुंचने वाले मरीजों का शीघ्र एवं सही इलाज की समुचित व्यवस्था करने को कहा है।

केबिनेट सचिव ने अधिकारियों से अस्पतालों में जन स्वास्थ्य को लेकर सर्तकता एवं संवेदनशीलता से सभी बीमारियों का तुरंत इलाज हो, ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। केबिनेट सचिव ने क्वारेंटीन सेंटरों में समुचित व्यवस्था, जिलों में कोविड अस्पताल, प्राईवेट अस्पतालों में कोरोना के इलाज, प्रवासी श्रमिकों को रोजगार देने की व्यवस्था सार्वजनिक यातायात में सावधानी सहित अन्य मुद्दों पर मुख्य सचिवों से व्यापक विचार-विमर्श किया। उन्होंने अस्पतालों में आक्सीजन सप्लाई, पीपीई किट, डॉक्टर, स्टॉफ एवं नर्सिंग सेवाओं की क्षमता बढ़ाने पर भी जोर दिया है। श्री गौबा ने अधिकारियों से कहा है कि संक्रमण के फैलाव को रोकने के लिए सभी के सहयोग से प्रभावी नियंत्रण जरूरी है। उन्होंने केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रालयों के अधिकारियों में बेहतर समन्वय रखने की भी बात कही। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में छत्तीसगढ़ से स्वास्थ्य सचिव श्रीमती निहारिका बारिक सिंह और नगरीय विकास विभाग के सचिव सुश्री अलरमेल मंगई डी भी शामिल हुई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में भारत शासन के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लिया।

संपादकीय

कोरोना को गंभीरता से लेने की जरूरत

भारत में कोरोना का कहर बढ़ता ही जा रहा है अब तक 288,061 लोग कोरोना संक्रमण का शिकार बन चुके है जिनमें से 8000 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। बरसात के मौसम में कोरोना वायरस के संक्रमण का खतरा और बढ़ने की संभवना है। अतः कोरोना को लेकर अतिरिक्त सावधानी बरतने की आवश्यकता है किन्तु अभी भी अधिकांश लोग कोरोना को गंभीरता से नहीं ले रहे है। अनलॉक होने के बाद तो लोगों ने शायद यह मान लिया है कि कोरोना का खतरा खत्म हो गया है। सरकारी दिशा निर्देशों का पालन नहीं हो रहा है, न तो लोग मास्क का उपयोग कर रहे है न ही सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कर रहे है। बाजारों में तो ऐसी भीड़ उमड़ रही है मानो बाजार बंद होने वाले है। इस बीच कुछ शरारती तत्वों ने तरह तरह की अफवाहे उड़ाना भी शुरू कर दिया है। ऐसी अफवाहें कोरोना वायरस से भी ज्यादा खतरनाक सिद्ध हो सकती है। सरकार को चाहिए कि कोरोना को लेकर अफवाह उड़ाने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करें। दो माह के लॉकडाउन के बावजूद कई राज्य सरकारों ने कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों के उपचार के लिए उचित व्यवस्था नहीं की है, नतीजतन दिल्ली और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में कोरोना संक्रमित मरीजों को उपचार के लिए भटकना पड़ रहा है। यदि कोरोना का कहर इसी तरह जारी रहा तो अन्य राज्यों में भी नई दिल्ली और महाराष्ट्र जैसे हालात निर्मित होने में समय नहीं लगेगा। केन्द्र सरकार ने राज्य सरकारों की मांग पर कोरोना संकट से निपटने के लिए प्रदेश सरकारों को अधिकार दे दिए है किन्तु कई राज्य सरकारें कोरोना के खिलाफ जंग में असफल हो रही है। खासतौर पर नई दिल्ली और महाराष्ट्र की सरकार तो इस मोर्चे पर बुरी तरह विफल हो रही है। इन दोनों ही राज्यों में कोरोना वायरस के सामुदायिक संक्रमण का खतरा पैदा हो गया है। केन्द्र सरकार को चाहिए कि वह एक बार फिर सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से कोरोना वायरस को लेकर चर्चा करें और नई रणनीति बनाएं ताकि कोरोना वायरस के संक्रमण को रोका जा सकें।

विचार-

अश्वेत की हत्या पर भारत की चुप्पी

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

अमेरिका के एक अश्वेत नागरिक जॉर्ज फ्लाएड की हत्या के विरोध में कितने जबर्दस्त प्रदर्शन हो रहे हैं। अमेरिका में ऐसी उथल-पुथल तो उसके गृह-युद्ध के समय ही मची थी लेकिन इस बार तो कनाडा से लेकर जापान के दर्जनों देशों में रंगभेद के खिलाफ आवाज़ें गूंज रही हैं। ब्रिटेन और यूरोपीय देश, जो कि मूलतः गोरों के देश हैं, वहां भी इतने बड़े-बड़े प्रदर्शन हो रहे हैं, जितने कि अमेरिका में भी नहीं हो रहे हैं। अमेरिका और यूरोपीय देशों के राष्ट्रपतियों की सभाओं में जहां दो-चार हजार आदमी जुटाना मुश्किल होता है, वहां 20-30 हजार लोग इन रंगभेदी प्रदर्शनों में स्वतः शामिल हो रहे हैं। इन देशों में भी भारत की तरह तालाबंदी है और कोरोना का संकट कहीं ज्यादा है, फिर भी पुलिस और फौज भी लोगों को रोक नहीं पा रही है लेकिन भारत, जो कि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है, यहां तो उस अश्वेत की नृशंस हत्या पर जूं भी नहीं रेंग रही है। हम लोग क्या इतने स्वार्थी और पत्थरदिल लोग हैं ? वर्तमान सरकार हमारी जनता के इन कुंभकर्णी खर्राटों से खुश होगी, वरना कोरोना के इन बिगड़ते दिनों में एक नया पत्थर उसके गले में लटक जाता। भारत की जनता के दिल में भी दर्द जरुर है लेकिन कोरोना ने उसके दिल में मौत का डर इतना गहरा जमा दिया है कि वह हतप्रभ हो गई है। अमेरिका के गोरे लोग मांग कर रहे हैं कि वहां के पुलिसवालों पर राज्य सरकारें पैसा खर्च करना बंद करें, क्योंकि गोरे पुलिसवाले काले लोगों पर जानवरों की तरह टूट पड़ते हैं। यदि पुलिस के अत्याचारों के खिलाफ कोई भी आवाज़ उठाता है तो पुलिस यूनियनें उस पर टूट पड़ती हैं। डोनाल्ड ट्रंप भी बार-बार पुलिस और फौज के इस्तेमाल की धमकी दे रहे हैं। उनका रक्षा मंत्रालय भी उनके साथ नहीं है। उनकी अपनी रिपब्लिकन पार्टी के कई नेता और कार्यकर्त्ता उनके विरुद्ध उठ खड़े हुए हैं लेकिन नवंबर में होनेवाले राष्ट्रपति के चुनाव में ट्रंप की कोशिश है कि इस मुद्दे पर अमेरिका के बहुसंख्यक गोरों के वोट वे अपने पक्ष में पटा लें। कोरोना के मामले में उनका बड़बोलापन तो उन्हें भारी पड़ ही रहा है, देखें यह रंगभेद क्या रंग दिखाता है ? अमेरिका की आंतरिक राजनीति में भारत न उलझे लेकिन रंगभेद पर उसकी चुप्पी आश्चर्यजनक है।

टेक ज्ञान-

शाओमी ने भारत में लॉन्च किए धांसू लैपटॉप

नई दिल्ली। शाओमी ने भारत में अपनी Mi Notebook सीरीज को लॉन्च कर दिया है। इस सीरीज के तहत Mi Notebook 14 और Mi Notebook 14 Horizon Edition हुए हैं। इन दोनों की शुरुआती कीमत क्रमशः 41,999 रुपये और 54,999 रुपये है। तो आइए जानते हैं विंडोज 10 ओएस पर चलने वाले शाओमी के इन लैपटॉप में क्या कुछ है खास। होराइजन एडिशन के साथ कंपनी ने पॉप्युलर लाइट और पोर्टेबल अल्ट्राबुक कैटिगरी में एंट्री की है। 1.35 किलोग्राम के वजम के साथ आने वाले इस लैपटॉप में कई शानदार फीतर दिए गए हैं। इसमें 14 इंच का फुल एचडी होराइजन डिस्प्ले दिया गया है। लैपटॉप 91 प्रतिशत के स्क्रीन टू बॉडी रेशियो के साथ आता है।

श्रम की कैद में बचपन

योगेश कुमार गोयल

> बाल श्रम पर अंकुश लगाने के लिए देश में दर्जनों कानून हैं लेकिन तमाम कानूनी प्रतिबंधों, प्रावधानों के बावजूद शिवकाशी सहित तमाम पटाखा फैक्टरियों, दियासलाई उद्योगों, कांच उद्योग, पीतल उद्योग, हथकरघा उद्योग इत्यादि में करोड़ों बच्चे कार्यरत हैं और यह सब खुलेआम हो रहा है। बच्चों से मजदूर के रूप से काम कराने वालों के लिए कानून में दंड का प्रावधान है लेकिन इस दिशा में प्रशासनिक सक्रियता का अभाव स्पष्ट परिलक्षित होता रहा है। वास्तविकता यही है कि बाल श्रम उन्मूलन तथा पुनर्वास कार्यक्रमों पर प्रतिवर्ष करोड़ों रुपये पानी की तरह बहा दिए जाते हैं लेकिन उनसे कुछ खास हासिल नहीं होता। बालश्रम की समस्या को मिटाने के बारे में नोबल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी का कहना है कि राजनीतिक इच्छाशक्ति, पर्याप्त संसाधनों, सामूहिक कार्यों और वंचित बच्चों के प्रति पर्याप्त सहानुभूति से ही इस समस्या को समाप्त किया जा सकता है। वह कहते हैं कि जिस दिन हम एक गरीब के बच्चे के साथ भी अपने बच्चों की तरह व्यवहार करने लगेंगे, बालश्रम स्वतः ही खत्म हो जाएगा।

बालश्रम की समस्या पूरी दुनिया के लिए एक गंभीर चुनौती बनी हुई है। हालांकि इस समस्या के समाधान के लिए बालश्रम पर प्रतिबंध लगाने हेतु कई देशों द्वारा कानून भी बनाए गए हैं लेकिन फिर भी स्थिति में अपेक्षित सुधार दिखाई नहीं देता। बालश्रम के प्रति विरोध, इसके लिए लोगों को जागरूक करने, बालश्रम की क्रूरता तथा बालश्रम को पूरी तरह समाप्त करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 12 जून को दुनियाभर में 'बालश्रम निषेध दिवस' मनाया जाता है। इसकी शुरूआत 'अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन' (इंटरनेशनल लेबर ऑर्गेनाइजेशन) द्वारा वर्ष 2002 में 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को बाल मजदूरी से बाहर निकालकर उन्हें शिक्षित करने के उद्देश्य से की गई थी। बच्चों की समस्याओं पर विचार करने के लिए पहला बड़ा अंतर्राष्ट्रीय प्रयास अक्तूबर 1990 में न्यूयार्क में विश्व शिखर सम्मेलन में हुआ था, जिसमें गरीबी, कुपोषण और भुखमरी के शिकार दुनिया भर के करोड़ों बच्चों की समस्याओं पर 151 देशों के प्रतिनिधियों ने विचार-विमर्श किया था। हालांकि चिंता की बात यही है कि बालश्रम निषेध दिवस मनाते हुए 18 वर्ष बीत जाने के बाद भी बाल मजदूरी पर अंकुश नहीं लगाया जा सका है। बढ़ती जनसंख्या, निर्धनता, अशिक्षा, बेरोजगारी, खाद्य असुरक्षा, अनाथ, सस्ता श्रम, मौजूदा कानूनों का दृढ़ता से लागू न होना इत्यादि बालश्रम के अहम कारण हैं। बालश्रम के ही कारण बच्चे शिक्षा से वंचित हो जाते हैं, उनके स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है, बाल अपराध बढ़ते हैं और भिक्षावृत्ति, मानव अंगों के कारोबार तथा यौन शोषण के लिए उनकी गैर कानूनी खरीद-फरोख्त होती है।

अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की एक रिपोर्ट 'बाल श्रम के वैश्विक अनुमानः परिणाम और रूझान 2012-2016' के मुताबिक दुनियाभर में 5 और 17 वर्ष की उम्र के बीच करीब 15.2 करोड़ बच्चे बाल मजदूरी करने को विवश हैं, जिनमें से 7.3 करोड़ बच्चे बहुत बदतर परिस्थितियों में खतरनाक कार्य कर रहे हैं, जिनमें सफाई, निर्माण, कृषि कार्य, खदानों, कारखानों में तथा फेरी वाले व घरेलू सहायक इत्यादि के रूप में कार्य करना शामिल हैं। आईएलओ के अनुसार हाल के वर्षों में खतरनाक श्रम में शामिल 5 से 11 वर्ष की आयु के बच्चों की संख्या बढ़कर करीब दो करोड़ हो गई है। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार 15 से 24 वर्ष आयु के 54.1 करोड़ युवा श्रमिकों में से 3.7 करोड़ बच्चे हैं, जो खतरनाक बालश्रम का कार्य करते हैं, जो विश्व की कुल श्रमिक क्षमता का 15 फीसद है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित सतत विकास लक्ष्य के तहत हालांकि वर्ष 2025 तक बाल मजदूरी को पूरी तरह से खत्म करने का संकल्प लिया गया है लेकिन पूरी दुनिया में बालश्रम के आंकड़े जिस प्रकार बढ़ रहे हैं, उसे देखते हुए फिलहाल तो ऐसा होता संभव नहीं दिखता। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनीसेफ) की एक रिपोर्ट में बताया जा चुका है कि दुनियाभर में 13 करोड़ से भी ज्यादा बच्चे किसी न किसी कारण स्कूल नहीं जा पाते। वैसे दुनिया के विभिन्न देशों में बालश्रम को लेकर बच्चों की अलग-अलग आयु निर्धारित की गई है। संयुक्त राष्ट्र संघ के अनुसार श्रम करने वाले 18 वर्ष से कम आयु वालों को बाल श्रमिक माना गया है जबकि आईएलओ के मुताबिक बालश्रम की उम्र 15 वर्ष तय की

विश्व बालश्रम निषेध दिवस पर विशेष

गई है। अमेरिका में 12 वर्ष अथवा उससे कम उम्र वालों को बाल श्रमिक माना जाता है जबकि हमारे यहां भारतीय संविधान के अनुसार किसी उद्योग, कल-कारखाने अथवा किसी कम्पनी या प्रतिष्ठान में शारीरिक अथवा मानसिक श्रम करने वाले 5 से 14 वर्ष की आयु वाले बच्चों को बाल श्रमिक कहा जाता है। भारत में भी बाल श्रम, बाल शोषण और बाल व्यापार एक गंभीर समस्या है, जिसके लिए आर्थिक तंगी, भुखमरी इत्यादि अहम कारक हैं। यूनीसेफ के अनुसार दुनिया भर के कुल बाल मजदूरों में 12 प्रतिशत की हिस्सेदारी अकेले भारत की है। हालांकि भारत में बाल श्रम (निषेध व नियमन) अधिनियम 1986 के तहत 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के जीवन एवं स्वास्थ्य के लिए अहितकर माने गए किसी भी प्रकार के अवैध पेशों तथा कई प्रक्रियाओं में नियोजन को निषिद्ध बनाता है। वर्ष 1996 में उच्चतम न्यायालय ने भी अपने फैसले में संघीय और राज्य सरकारों को खतरनाक प्रक्रियाओं तथा पेशों में कार्य करने वाले बच्चों की पहचान करने, उन्हें कार्य से हटाने और गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने का निर्देश दिया था।

अगर मौजूदा समय में बालश्रम की स्थिति देखें तो करोड़ों बच्चे पढ़ने-लिखने, खेलने-कूदने की उम्र में भी उत्तर प्रदेश से लेकर मध्य प्रदेश, जम्मू-कश्मीर से लेकर पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, महाराष्ट्र से लेकर तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, केरल, बिहार से लेकर पश्चिम बंगाल, असम, त्रिपुरा इत्यादि लगभग पूरे देश के विभिन्न हिस्सों में छोटे बच्चे कालीन, दियासलाई, रत्न पॉलिश, ज्वैलरी, पीतल, कांच, बीड़ी उद्योग, हस्तशिल्प, पत्थर खुदाई, चाय बागान, बाल वेश्यावृत्ति इत्यादि कार्यों में करोड़ों बच्चे लिप्त हैं। एक ओर जहां श्रम कार्यों में लिप्त बच्चों का बचपन श्रम की भट्ठी में झुलस रहा है, वहीं कम उम्र में खतरनाक कार्यों में लिप्त होने के कारण ऐसे अनेक बच्चों को कई प्रकार की बीमारियां होने का खतरा भी रहता है। खतरनाक कार्यों में संलिप्त होने के कारण बाल श्रमिकों में प्रायः श्वास रोग, टीबी, दमा, रीढ़ की हड्डी की बीमारी, नेत्र रोग, सर्दी-खांसी, सिलिकोसिस, चर्म-रोग, स्नायु संबंधी जटिलता, अत्यधिक उत्तेजना, ऐंठन, तपेदिक जैसी बीमारियां हो जाती हैं। हालांकि भारत में बालश्रम को लेकर स्पष्ट आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं लेकिन वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार देश में 5 से 14 वर्ष के 25.96 करोड़ बच्चों में से 1.01करोड़ बालश्रम की दलदल में धकेले गए थे लेकिन बालश्रम निषेध के लिए बने तमाम कानूनों और उच्चतम न्यायालय के दिशा-निर्देशों के बावजूद यह समस्या कम होने के बजाय निरन्तर बढ़ती गई है। गैर सरकारी आंकड़ों के अनुसार भारत में वर्तमान में पांच करोड़ से ज्यादा बाल मजदूर हैं। आंकड़ों पर नजर डालें तो देश में कुल बाल मजदूरों में से करीब 80 फीसद बच्चे गांवों से ही हैं और खेती-बाड़ी जैसे कार्यों से लेकर खतरनाक उद्योगों और यहां तक कि वेश्यावृत्ति जैसे शर्मनाक पेशों में भी धकेले गए हैं। शहरों तथा कस्बों में तो बच्चे ऐसे माहौल में काम करने को विवश हैं, जहां उनके स्वास्थ्य के साथ खुलकर खिलवाड़ होता है।

बालश्रम के खिलाफ कार्यरत संगठन 'बचपन बचाओ आंदोलन' की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 7-8 करोड़ बच्चे अनिवार्य शिक्षा से वंचित हैं और इनमें से अधिकांश बच्चे संगठित अपराध रैकेट के शिकार होकर बाल मजदूरी के लिए विवश किए जाते हैं जबकि शेष गरीबी के कारण स्कूल नहीं जा पाते। वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर देश में सेक्टर आधारित बाल मजदूरी पर नजर डालें तो बच्चों की सबसे बड़ी करीब 33 फीसदी आबादी खेती से जुड़े कार्यों में लगी थी जबकि करीब 26 फीसदी बच्चे खेतिहर मजदूर थे। भारत में बाल मजदूरों की सबसे ज्यादा संख्या देश के पांच बड़े राज्यों उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, महाराष्ट्र तथा मध्य प्रदेश में है। श्रम विशेषज्ञों का मानना है कि बालश्रम केवल गरीबी की ही देन नहीं है बल्कि इसका संबंध समुचित शिक्षा के अभाव से भी है।

मंदिर खोले जाने पर विवाद

पी श्रीकुमारन

> सरकार ईसाई और मुस्लिम संगठनों द्वारा पूजा स्थलों को नहीं खोलने के फैसले से आसानी से सहमत हो गई है, लेकिन उसने देवस्वाम बोर्ड को अपने नियंत्रण वाले मंदिरों को खोलने की अनुमति देकर राजनीतिक बढ़त बनाने की कोशिश की है। बीजेपी नेताओं का आरोप है कि सरकार ऐसा इसलिए कर रही है क्योंकि उसके खजाने खाली हैं और उसे धन की जरूरत है। सरकार ने अपने फैसले का बचाव करते हुए कहा कि पूजा के स्थान खोलने का निर्णय मोदी सरकार द्वारा लिया गया है, और यह केवल इस मामले में उसके निर्देश को लागू कर रही है।

तिरुअनंतपुरमः केरल सरकार द्वारा राज्य में मंदिरों को खोलने के निर्णय ने एक विवाद को जन्म दिया है। वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) सरकार का कदम केंद्र के निर्देश के मद्देनजर आया है कि पूजा स्थल 8 जून से खोले जा सकते हैं। जबकि हिंदू, मुस्लिम और ईसाई संगठनों ने पूजा स्थलों को खोलने के खिलाफ फैसला किया है, देवस्वोम बोर्ड ने अपने नियंत्रण के अंदर आने वाले मंदिरों को खोलने का फैसला किया है।

हिंदू ऐक्य वेदी और नायर सर्विस सोसायटी सहित अधिकांश हिंदू संगठनों ने बोर्ड के फैसले का कड़ा विरोध किया है। इस समय मंदिरों को खोलना, जब राज्य कोविड मामलों में खतरनाक वृद्धि देख रहा है, एक बड़ी आपदा से कम नहीं होगा। राज्य के भाजपा नेता जो शुरुआत में इस फैसले के समर्थन में अड़े रहे, उन्होंने अचानक इसका विरोध करना शुरू कर दिया है। वे आरोप लगा रहे हैं कि सरकार ने जानबूझकर देवास्वोम बोर्ड को मंदिरों को खोलने की अनुमति दी है, और वैसा करके राजनीति खेल रही है।

हालांकि सरकार ईसाई और मुस्लिम संगठनों द्वारा पूजा स्थलों को नहीं खोलने के फैसले से आसानी से सहमत हो गई है, लेकिन उसने देवस्वाम बोर्ड को अपने नियंत्रण वाले मंदिरों को खोलने की अनुमति देकर राजनीतिक बढ़त बनाने की कोशिश की है। बीजेपी नेताओं का आरोप है कि सरकार ऐसा इसलिए कर रही है क्योंकि उसके खजाने खाली हैं और उसे धन की जरूरत है। सरकार ने अपने फैसले का बचाव करते हुए कहा कि पूजा के स्थान खोलने का निर्णय मोदी सरकार द्वारा लिया गया है, और यह केवल इस मामले में उसके निर्देश को लागू कर रही है। यदि भाजपा नेताओं को कोई आपत्ति है, तो उन्हें केरल सरकार की आलोचना करने के बजाय केंद्र के साथ इस मुद्दे को उठाना चाहिए। सबरीमाला आंदोलन जैसी स्थिति पैदा करने की हिंदू संगठनों की योजना सफल नहीं हुई, एलडीएफ के नेता बताते हैं।

राज्य में प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस, मंदिरों को खोलने के कदम के पक्ष में है। हालांकि केरल प्रदेश कांग्रेस समिति को आधिकारिक रूप से प्रतिक्रिया देना बाकी है, पार्टी

> राज्य में प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस, मंदिरों को खोलने के कदम के पक्ष में है। हालांकि केरल प्रदेश कांग्रेस समिति को आधिकारिक रूप से प्रतिक्रिया देना बाकी है, पार्टी प्रवक्ताओं ने एक मजबूत पिच बनायी है, टीवी चैनल की बहस में, भक्तों को मंदिरों की यात्रा करने की अनुमति देने के लिए, सामाजिक रूप से पूजा स्थलों के उद्घाटन के दिशानिर्देशों का सख्ती से पालन करवाने की वे बात कर रहे हैं। एलडीएफ सरकार को हिंदू संगठनों के मजबूत विरोध को देखते हुए संवेदनशील मुद्दे को सावधानी से संभालने की जरूरत है। सबरीमाला आंदोलन से निपटते समय की गलती नहीं दोहराई जानी चाहिए। इसके बाद देवस्वोम बोर्ड को मामले में अपना निर्णय लेने की अनुमति देनी चाहिए।

प्रवक्ताओं ने एक मजबूत पिच बनायी है, टीवी चैनल की बहस में, भक्तों को मंदिरों की यात्रा करने की अनुमति देने के लिए, सामाजिक रूप से पूजा स्थलों के उद्घाटन के दिशानिर्देशों का सख्ती से पालन करवाने की वे बात कर रहे हैं। एलडीएफसरकार को हिंदू संगठनों के मजबूत विरोध को देखते हुए संवेदनशील मुद्दे को सावधानी से संभालने की जरूरत है। सबरीमाला आंदोलन से निपटते समय की गलती नहीं दोहराई जानी चाहिए। इसके बाद देवस्वोम बोर्ड को मामले में अपना निर्णय लेने की अनुमति देनी चाहिए। यह ऐसा करने में विफल रहा, और लोकसभा चुनाव में इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ी। एलडीएफ चुनावों में केवल एक सीट जीतने में कामयाब रहा।

आश्चर्यजनक रूप से, यह कांग्रेस थी जिसने सबरीमाला आंदोलन से सबसे अधिक लाभ उठाया, हालांकि भाजपा को इसका मुख्य लाभार्थी बनने की उम्मीद थी। ऐसा लगता है कि कांग्रेस अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों में उस प्रदर्शन को दोहराने की उम्मीद कर रही है, और उसके पहले स्थानीय निकाय चुनावों मे, जो इस साल अक्टूबर में होने हैं। वह अपने रुख को स्पष्ट कर कह रही है कि मंदिरों को खोला जाना चाहिए और भक्तों को दर्शन की अनुमति दी जानी चाहिए। पार्टी की रणनीति हिंदू वोट पर नजर रखने के साथ स्पष्ट रूप से तैयार की गई है।

इसलिए, सरकार को अपना वह निर्णय वापस लेना चाहिए जिसमें उसने दवस्वोम बोर्ड को अपने नियंत्रण वाले मंदिरों को खोलने की अनुमति दी थी। समझदारी इसी में है, क्योंकि ऐसा करने से भाजपा और कांग्रेस दोनों को इस मुद्दे पर भावनाओं को भड़काने की राजनीति करने से रोकेगा और साथ ही चुनावी लाभ हासिल करने का अवसर देने से भी रोकेगा।

- (संवाद)

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

खुशी से जिए

खुशी से जिए हरपल, फिर हो न हो कल । मैं चाँद हूँ ...अमावस का, जो होकर भी ...न दिखे। हँसते हुये भी जो रुलाये वो होता है.........प्यार। तूफां है दिल मे,जो दिखता नही, नमी बनकरआंखों से बरसता वो। वक्त हमसे कराता है वही, जो उसवक्त होता है सही।

- मोहिनी गुप्ता

हर बोझ परिवार की

हर बोझ परिवार की खातिर, मुझको हंसकर है उठानी।। शान्त रहो तुम स्नेह ही बांटों, कहती अक्सर वो सयानी।। पर क्या मेरे मन की भी, किसी ने पढ़ी, या जानी।। बस सखी चल भूल इसे तो, जैसे बचपन की नादानी।। आओ चलें घर की ओर जल्द, प्यासे तक मटकी पहुंचानी।। एक दिन तो हो ही जायेगा देखना, दूध का दूध पानी का पानी।

- गजेन्द्र द्विवेदी गिरीश

खास पाती | हाल दिल का अज़ीब होता है

हाल दिल का अज़ीब होता है प्यार जब भी नसीब होता है साथ भाता है फिर उसीका ही जोर चलता नहीं किसीका भी ये जहां भी रक़ीब होता है प्यार जब भी नसीब होता है खुद की परवाह फिर नहीं रहती पास होकर भी दूरियां लगती हिज़्र दिल का हबीब होता है प्यार जब भी नसीब होता है अच्छे लगते हैं सांस के फेरे उसकी बांहों के जब मिले घेरे रूह के जो क़रीब होता है प्यार जब भी नसीब होता है हो गया जो शुमार आदत में दर्द जो दे रहा है चाहत में फिर भी वो ही तबीब होता है प्यार जब भी नसीब होता है। - **सुरेश पंसारी**

नेह के गेह में नहीं आना जाना

नेह के गेह में नहीं आना जाना नदी की देह पर दीपक जलाना नमक के देश में दरवेशों के घर बहुत आसां नहीं आँसू सुखाना मरा है आदमी हैं गिद्ध गायब सदन में है नहीं उनका ठिकाना बेबसी भूख और रोटी तब्बसुम दगा जाने है सबको गटक जाना जले हैं घर शहर की दीठ अंधी हाथ को आता बस रोटी पकाना बढ़ी हैं मुश्किलें बेशक हमारी जले पर लोन वाजिब है लगाना। - **नरेन्द्र पाण्डेय**

कश्मीर में हमेशा से ही स्थानीय मुस्लिम

कश्मीर में हमेशा से ही स्थानीय मुस्लिम समुदाय ने आतंकियों को समर्थन दिया है! सब जानते हैं पर मानते कहां हैं? आखिरी हिंदू परिवार भी खत्म कर दहशत फैलाने की कोशिश कर रहे हैं ???? द रेजिस्टेंस फ्रंट ने खुद ज़िम्मेदारी ली है तो धर्म का नाम लिया ही जाएगा! आखिर कब तक आंख मूंदकर रहेंगे?? कश्मीर में हिन्दू समुदाय के साथ

तीन महीने के बाद चौराहे के

तीन महीने के बाद चौराहे के सबसे व्यस्त गोलगप्पे वाले ने आज अपना ठेला लगाया। चेहरे पर रूमाल बांधे सर झुकाए एक पकड़े गए अपराधी की तरह खड़ा था। रसिकजन न के बराबर। डरते-डरते एक,दो, तीन..आये। परंपरा तोड़ने वालों की थरथराहट। बढ़ेगी रस प्रेमियों की संख्या। गोलगप्पे वाला भी सर उठा कर खड़ा होगा। स्वाद ,रस - भय का अंधेरा दूर करेगा। - **शेष अमित**

तराजू -- बटखारा लेकर चरित्र

तराजू -- बटखारा लेकर चरित्र नापने वाले लोग आपको हर जगह मिलेंगे । ये आपको रुके रहने पर नकारा बोलेंगे और चलते रहने पर चालाक । इसलिए इनके बीमार सोच पर ध्यान न देकर आगे देखिए , और हो सके तो अपना रिमोट कंट्रोल भी अपने पास ही रखिए !

- **कल्याणी कबीर**

अचानक मेहमानों के चले आने पर

अचानक मेहमानों के चले आने पर सोच मे पड़े पति का हाथ ,हाथों मे लेकर पत्नी मुस्कराई खोलकर देखे घर के सारे डिब्बे सिर्फ़रात का बचा थोड़ा सा भात और दूध पाया घर में दोनों को मिला शक्कर डाल स्वादिष्ट खीर बना दी चुटकियों में सच ही तो है औरत- बरकत।

- **मीता खुराना**

आपकी कविताएं, कहानियां या उपन्यास

आपकी कविताएं, कहानियां या उपन्यास चाहे मानवीय संवेदनाओं को छूने में समर्थ हो, और आपकी चाहे कितनी भी पुस्तकें छप चुकी हों; पर अगर आपकी बातचीत और व्यवहार में दर्प , अशिष्टता और अहं या खुद को श्रेष्ठ मानने की बू आ रही हो, तो आप काहे के साहित्यकार?

-सीमा भाटिया

QUIZ TIME

1) नृत्य और संगीत की एक शैली से संबंधित 'लखनऊ घराना' का दूसरा नाम क्या है?
(क) उत्तर घराना (ख) नृत्य घराना (ग) योग्य घराना (घ) पूरब घराना

2) वर्ष ...... में कोलकाता के पास हुगली नदी पर, रिसड़ा में पहली जूट मिल स्थापित की गई थी? (1855 / 1889)

3) एशिया का सबसे बड़ा मसाला बाजार किसे माना जाता है?

4) दुनिया का सबसे तंग घाटी कौन-सी है? (कॉपर कैन्यन / कोल्का कैन्यन / फिश रीवर कैन्यन / दि ग्रैन्ड कैन्यन)

5) संगीतकार नाम बताइए?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) पूरब घराना (2) 1855 (3) खारी बावली-नई दिल्ली (4) दि ग्रैन्ड कैन्यन (5) मार्क नॉपफ्लर

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1381- ब्रिटेन में किसानों ने विद्रोह किया। 1691- पोप एलेक्जेंडर अष्टम के स्थान पर इनोसेंट द्वादश पोप बने। 1752- कर्नाटक के पहले मुस्लिम राजा चन्दा साहिब ने मराठा सेना के समक्ष आत्मसमर्पण किया। 1787- अमेरिका में सीनेटर के लिए 30 वर्ष की न्यूनतम आयु सीमा कानून पारित। 1812- नेपोलियन बोनापार्ट ने रूस पर हमला किया। 1898- जनरल एमिलियो ओगिनाल्डो ने स्पेन से पुर्तगाल की स्वतंत्रता की घोषणा की। 1926- ब्राजील लीग ऑफ नेशन से बाहर हुआ। 1932- मशहूर भरत नाट्यम नर्तकी एवं अभिनेत्री पद्मिनी का जन्म। 1932- मराठी अभिनेत्री जयश्री तलपड़े का जन्म। 1935- भारतीय सिनेमा की प्रसिद्ध अभिनेत्री श्यामा का जन्म।

प्रभारी मंत्री से बोले महापौर, तेजी से बढ़ा संक्रमण

जानलेवा महामारी का फैलाव रोकने प्रभावी कदम उठाना जरूरी

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिले के प्रभारी मंत्री मोहम्मद अकबर ने आज वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये जिले भर के जनप्रतिनिधियों से कोरोना संक्रमण और लॉकडाउन को लेकर चर्चा की। प्रदेश में लॉकडाउन में छूट देने के बाद की परिस्थितियों पर विचार विमर्श किया। प्रभारी मंत्री ने कोरोना संक्रमण का फैलाव रोकने और लॉकडाउन को लेकर जनप्रतिनिधियों से सुझाव मांगे। इन सुझावों के आधार पर राज्य सरकार आगे की रणनीति तय करेगी। महापौर धीरज बाकलीवाल ने दुर्ग जिले सहित पूरे प्रदेश में कोरोना मरीजों की संख्या लगातार बढ़ने पर चिंता जताते हुए कहा कि बचाव के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाने चाहिएं। कारोबार और व्यवसाय को बंद नहीं किया जा सकता है। लोगों को इस जानलेवा बीमारी से बचाने के लिए आर्थिक गतिविधियों को चालू रखकर मास्क पहनना अनिवार्य करते हुए सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने सहित सभी जरूरी सावधानियां बरतने ठोस कदम उठाना चाहिए। इससे बीमारी का संक्रमण रोकने में मदद मिलेगी।

कोरोना पेसेंट के साथ परिजनों के लिए बने क्वारेंटाइन सेंटर

बाकलीवाल ने एक महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा करते हुए कहा कि कोरोना पॉजिटिव मरीज मिलने पर पेशेंट को इलाज के लिए अस्पताल ले जाने की व्यवस्था होती है। पेशेंट के अस्पताल में भर्ती होने के बाद घर पर रहने वाले परिजनों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है। महामारी से बचाव और डर के कारण आसपास के लोग कोरोना पॉजिटिव पेशेंट के परिजनों को बोर या नल से पानी लेने नहीं देते। उन्हें राशन दुकान से राशन न मिलने की जानकारी भी मिली है।

मुंगेरीलाल के सपने देख रही है सरोज

बेमेतरा तक रेल लाइन बिछाने के दावे का क्या हुआ : प्रतिमा

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। प्रदेश कांग्रेस कमेटी की उपाध्यक्ष प्रतिमा चंद्राकर ने भाजपा की राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय के बयान पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में सरोज का सपना पूरा नहीं होगा। सरोज पांडेय को मुंगेरीलाल की तरह सपने नहीं देखना चाहिए। बता दें कि भाजपा की राष्ट्रीय महासचिव व राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय ने एक बयान में कहा है कि भूपेश सरकार कितने दिन चलेगी कहा नहीं जा सकता। सरोज के बयान को मध्यप्रदेश में कमलनाथ सरकार गिराने की राजनीति से जोड़कर देखा जा रहा है। इसके जवाब में प्रतिमा ने कहा कि ये छत्तीसगढ़ है। सरोज पांडेय एक बार सांसद बन गई, यही बहुत है। अब उन्हें भविष्य में सांसद बनने के लिए सोचना पड़ जाएगा। प्रतिमा ने तल्ख लहजे में कहा कि सूपा बोले तो बोलेए चलनी को नहीं बोलना चाहिए। प्रतिमा ने कहा कि पहली बार सांसद बनने के बाद सरोज पांडेय ने जोरशोर से बेमेतरा तक रेल लाइन शुरू करने का जो दावा किया था, उसका क्या हुआ। प्रतिमा ने तल्ख लहजे में कहा कि क्या अभी तक सरोज पांडेय दुर्ग से बेमेतरा की दूरी नाप रही हैं। सरोज बताएं कि दूरी नापने का काम कब तक पूरा होगा। खुद का इकलौता वादा पूरा करने में नाकाम सरोज पांडेय को भूपेश सरकार पर आरोप लगाने से पहले खुद के कामकाज का आकलन करना चाहिए।

■ न्यूज गैलरी

कोरोना पॉजिटिव मरीज एम्स से फरार

दुर्ग। जिले के समीपस्थ ग्राम हनोदा में मिले कोरोना पॉज़िटिव मरीज एम्स से फरार हो गया है। वह मरीज पहले एम्स से अपने गृह ग्राम पहुंचा फिर बाईक लेकर भाग निकला। फिलहाल ख़बर मिलने के बाद डायल 112 उसका पीछा करते हुए तलाश में जुट गई है। खबर है कि मरीज़ के भागने के दौरान हनोदा के कन्टेंटमेंट जोन के ड्यूटी सुरक्षाकर्मी मौके से नदारत थे जिसका फायदा उठाकर वह व्यक्ति भाग निकला।

अवैध दुकान को कराया बंद, जुर्माना

दुर्ग। कोरोना वायरस संक्रमण की रोकथाम और नियंत्रण के लिए लाक डाउन में आर्थिक गतिविधियों में छूट प्रदान के बाद शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थल होटल रेस्टोरेंट आदि को संचालित है। निगम के बाजार विभाग की टीम व्दारा आयुक्त इंद्रजीत बर्मन के निर्देशानुसार क्षेत्र के विभिन्न होटलों रेस्टोरेंट्स, ढाबा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। बाजार विभाग की टीम ने होटल ढाबा रेस्टोरेंट में जाकर संचालकों को समझाइए दी। सैनिटाइजर रखें मास्क का उपयोग करें सोशल डिस्टेंस का पालन करें। जिले में कोरोना वायरस संक्रमण की बढ़ती संख्या को देखते हुए आयुक्त के निर्देश पर किया जा रहा है।

अस्पताल के रिनोवेशन में बारीकी से ध्यान दें : भूरे

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे ने जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। उन्होंने पूरी बिल्डिंग देखी और एमसीएच तथा प्रस्तावित लेआउट प्लान देखा। उन्होंने प्रस्तावित लेआउट प्लान के बारे में पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों और सिविल सर्जन को मिलकर बैठने तथा बारीकियों पर विचारविमर्श करने कहा। उन्होंने कहा कि हास्पिटल के रिनोवेशन का कार्य अभी हो रहा है। यह ऐसा मौका है जिसमें तकनीकी पक्षों को पूरी तरह दृढ़ता से देखने की जरूरत है ताकि कोई त्रुटि नहीं रह जाए। ऐसा स्ट्रक्चर तैयार हो जो आने वाले कई सालों तक उपयोगी बना रहे।

वोरा की पहल पर मेंटेनेंस के लिए और मिले 1.5 करोड़

विधायक अरुण वोरा की पहल पर जिला चिकित्सालय के सर्जिकल वार्ड का जीर्णोद्धार करने जिला खनिज संस्थान न्यास निधि डीएमएफ से 1.50 करोड़ की अतिरिक्त स्वीकृति मिली है। अस्पताल में मरीजों के बढ़ते दबाव को देखते हुए काफी समय से जर्जर भवन के संधारण की मांग उठ रही थी। उन्होंने राशि स्वीकृत करने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व प्रभारी मंत्री मोहम्मद अकबर के प्रति आभार जताया। वोरा ने इससे पहले 5.61 करोड़ की राशि डीएमएफसे स्वीकृत करा चुके हैं। इससे नवीन ओपीडी भवन व सर्जिकल वार्ड के जीर्णोद्धार फेस-1 का काम भी किया गया। जिला अस्पताल के लिए अतिरिक्त राशि की जरूरत पड़ने पर वोरा ने खनिज न्यास की बैठक में प्रभारी मंत्री व समिति के अध्यक्ष मोहम्मद अकबर से चर्चा की और अस्पताल के साथ साइंस कालेज के नए व पुराने भवन में पेयजल व्यवस्था हेतु 22 लाख न्यास निधि से स्वीकृत कराई है।

स्वर्णिमा पुरस्कृत

भिलाई। कु. स्वर्णिमा द्वारा ग्लोबल वार्मिंग को लेकर बनाई गई डाक्यूमेंटरी फिल्म टाइम बम ने टैगोर इन्टरनेशनल फिल्म फेस्टीवल में चयनित होने के साथ ही पुरस्कृत होने का गौरव हासिल किया। टैगोर इन्टरनेशनल फिल्म फेस्टीवल द्वारा किए जाने वाले मासिक प्रतियोगिता में इस फिल्म ने अपनी धाक जमाते हुए विजेता का खिताब जीतने के साथ ही प्रतिष्ठित सन ऑफईस्ट अवार्ड हेतु नामित की। स्वर्णिमा को प्रशस्ति पत्र व ट्रॉफी प्रदान किया। वे टाउन सर्विसेस डिपार्टमेंट लैंड सेक्शन महाप्रबंधक अमरेश की सुपुत्री हैं। वर्तमान वे देहरादून में यूनिवर्सिटी ऑफ पेट्रोलियम एंड एनर्जी स्टडीज ग्राफिक डिजाइन के आठवें सेमेस्टर में अध्ययनरत् है।

वसूली के लिए प्रशिक्षण

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई 03। नगर पालिक निगम भिलाई.चरौदा में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग नवा रायपुर द्वारा सभी नगरीय निकायों में संपत्तिकर, समेकितकर, जलकर एवं भू.भाटक राशि ऑनलाईन भुगतान किया जाना है। इसी क्रम में निगम कार्यालय में सूडा रायपुर से दीपक निषाद एवं विकास पाठक के द्वारा निगम के 40 वार्डों में राजस्व निरीक्षकों को संपत्तिकर, समेकितकर, जलकर एवं भू.भाटक राशि की वसूली हेतु सभी कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। अब से 40 वार्डों के सभी करदाता ऑनलाईन करों का भुगतान कर सकते हैं। इस अवसर पर आयुक्त कीर्तीमान सिंह राठौर, सहायक लेखा अधिकारी राजकुमार देवांगन, राजस्व निरीक्षक अरूणिमा दुबे सहित समस्त राजस्व निरीक्षक उपस्थित रहें। जानकारी प्रभारी जन संपर्क अधिकारी राजू वर्मा द्वारा दी गई।

नसबंदी घोटाले की पुनः जांच हो : भाजपा

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। भाजपा पार्षद दल ने विगत दिनों में हुए कुत्ता नसबंदी घोटाले की पुनः कड़ी जांच की मांग करते हुए आयुक्त निगम को ज्ञापन सौंपा। नेता प्रतिपक्ष अजय वर्मा ने बताया कि आवारा पशुओं हेतु बनाये गये गौठान की स्थिति देखने गोकुल नगर पहुंचा वहां पर मैंने कुत्ता नसबंदी सेंटर को भी देखा एवं कर्मचारियों से चर्चा के दौरान उनके बयान को विरोधाभासी पाया तथा जांच करने पर यह पाया की वार्ड 32 जो महापौर के वार्ड से 19 कुत्तों को पकड़ने की पावती बनाई गई थी किंतु वहां जांच में 7 कुत्तों का बधियाकरण करना पाया गया साथ ही कुत्तों को दी जाने वाली वैक्सीन की एक बूंद भी सेंटर में नही थी जिससे यह प्रतीत होता है कि बधियाकरण किए जा रहे कुत्तों को वैक्सीन भी नहीं दी जा रही थी इस तरीके से यह मुझे प्रथम दृष्टया ही घोटाले का मामला लगा। भाजपा पार्षद दल के नेता प्रतिपक्ष अजय वर्मा सहित गायत्री साहू, चंद्रशेखर चंद्राकर, काशीराम कोसरे, नरेंद्र बंजारे, देवनारायण चंद्राकर, चमेली साहू, नरेश तेजवानी, लीना दिनेश देवांगन, मनीष साहू, अजीत वैद्य, ओमप्रकाश सेन, हेमा शर्मा, शशि द्वारका साहू, पुष्पा गुलाब वर्मा एवं कुमारी बाई साहू ने महापौर से जानना चाहा कि शहर के नागरिक आवारा कुत्तों के आतंक से त्रस्त है तब भी आपके क्षेत्र में प्रभाव दिखाकर कुत्तों को छुड़ाने का संवेदनहीन कार्य कैसे हो रहा है।

मीटर जांच की कार्यविधि देखने पहुंचे ईडी

छत्तीसगढ़ राज्य का यह एकमात्र एनएबीएल एक्रीडिटेड लैब

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूषन कंपनी लिमिटेड के क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक संजय पटेल भिलाई.3 स्थित प्रदेश की एकमात्र उच्च.स्तरीय विद्युत प्रयोगशाला के कार्यो का जायजा लेने पहुंचे। इस दौरान श्री पटेल द्वारा मीटर टेस्टिंग के कार्यविधियों को प्रयोगात्मक रुप से देखा गया। प्रयोगशाला में मीटर टेस्टिंग कार्य की सराहना की गई। उन्होंने टेस्टिंग कार्यों को वृहद स्तर पर करने के लिए आवश्यक कार्यवाही के निर्देष दिए, जिससे प्रदेश की एकमात्र उच्च.स्तरीय विद्युत प्रयोगशाला के परीक्षणों का लाभ कंपनी को मिले व उपभोक्ताओं की सेवा में कंपनी उच्चतम गुणवत्ता के सामग्री का उपयोग कर सके। इस दौरान अधीक्षण अभियंता एसआर बांधे एवं एचके मेश्राम भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि केन्द्रीय परीक्षण प्रयोगषाला संभाग का संचालन भिलाई.3 में किया जा रहा है। परीक्षण प्रयोगषाला सेंट्रल टेस्टिंग लेबोरेटरी को राष्ट्रीय परीक्षण और शोधन प्रयोगषाला प्रत्यायन बोर्ड एनएबीएल से मान्यता प्राप्त है। प्रयोगषाला में विद्युत उपभोक्ताओं के शंका समाधान हेतु प्रस्तुत मीटरों की भी सशुल्क जांच की जाती है। छत्तीसगढ़ राज्य में यह एकमात्र एनएबीएल एक्रीडिटेड लैब है जहां विद्युत मीटर जांच का कार्य किया जाता है। यहां पर सम्पूर्ण प्रदेष से आये हुये सैम्पलों की जांच स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर एसओपी के आधार पर होती है। केन्द्रीय परीक्षण प्रयोगषाला में कार्यपालन अभियंता एसके बंड, सहायक अभियंता अविनाष चौहान एवं पीआर ठाकुर व दो प्रशिक्षित एवं दक्ष तकनिषियनों के साथ सम्पूर्ण प्रदेष के लिये मीटर टेस्टिंग कार्य का संचालन किया जा रहा है।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक अवधेश कुमार राय आ. श्री जयनारायण राय साकिन मैत्रीकुंज रिसाली द्वारा ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 119/15, 119/39 रकबा 700 वर्गफीट हे. रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता सुश्री संगीत रजक आ. जी.पी. रजक से क्रय किया गया है की नामांतरण किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 26.06.2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 09.06.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

मा.क्र./क्यू/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रजऊराम साहू साकिन खोपली तहसील व जिला दुर्ग अपने भाई राजाराम साहू आ. स्व. समारुराम साहू की मृत्यु दिनांक 20.04.1997 को हो चुकी है उक्त संबंध में मृत्यु प्रमाण पत्र चाहा गया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 26.06.2020 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 11.06.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — कार्यपालिक दण्डाधिकारी, जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

मा.क्र./क्यू/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक तोरनलाल साहू साकिन उतई तहसील व जिला दुर्ग अपने पिता बिरझूराम आ. स्व. बिहारीलाल की मृत्यु दिनांक 07.05.2000 को हो चुकी है उक्त संबंध में मृत्यु प्रमाण पत्र चाहा गया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 26.06.2020 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 11.06.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — कार्यपालिक दण्डाधिकारी, जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-27/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बृजभूषण, पोषण आ. फिरतूराम निवासी डुण्डेरा तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम तहसील व जिला दुर्ग स्थित खाता क्रमांक... में दर्ज भूमि खसरा नंबर 1085 रकबा 0.0800 हे. भूमि जो कि आवेदक/ आवेदिका बृजभूषण एवं पोषण के नाम पर शामिलात रुप से वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि का पूर्व में हुए आपसी बंटवारा एवं कास्त कब्जा के आधार पर 0.55 हे. 80.53 हे. सामान हिस्सो में खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 29.06.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 10.06.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./419/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आशीष जैन पिता स्व. प्रेमचंद कांकरिया निवासी ग्राम शिवपारा तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 567/4/घ शामिल 568/4/ घ रकबा 0.012 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार प्रेमचंद कांकरिया आ. पाबूदान की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 26.06.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 08.06.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र.//अ-6(अ)/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अयाज अहमद आ. स्व. एम.ए. समद निवासी ए 36 आदर्श नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग द्वारा ग्राम पोटियाकला प.ह.नं. 23 रा.नि.मं. दुर्ग 01 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नबर 180/1 रकबा 0.163 पर आवेदक का नाम सुधार पत्रक दिनांक 18.03.2020 के आधार पर अय्याज अहमद की जगह अयाज अहमद करते हुए एवं सहखातेदार रियाज अहमद के द्वारा अपने हक की स्थित भूमि को रजिस्टर्ड उपहार पत्र दिनांक 16.03.2020 व 31.03.2016 को सिराज अहमद कुरैशी को कर दिए जाने के कारण उनका नाम राजस्व अभिलेख से विलोपित कर आवेदक के नाम पर दर्ज करने हेतु मय दस्तावेज के साथ इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 26.06.2020 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 09.06.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र./अ-74/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक शीतकरण पिता लक्ष्मण निवासी बेलौदी तह. व जिला दुर्ग द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है कि अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम बेलौदी प.ह.नं. 02 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि ख.न. 441, 865 रकबा 0.080, 0.370 हे. भूमि का मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका बाबत्। आवेदन इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 26.06.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 03.06.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-20(3) वर्ष 2019-20

आवेदकगण श्रीमती सती दुबे पति स्व. रामसनेही दुबे एवं अन्य 08 निवासी सिकोला दुर्ग की ओर से अधिवक्ता श्री संजीव तिवारी द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग में स्थित नजूल शीट क्रमांक 71 ए प्लाट नं. 93 क्षेत्रफल 560 वर्गमीटर भूमि धारकगण रामकुमार, रामसनेही, रामानंद, बुन्दाबाई, कुमारी बाई, कावेरीबाई, बेदईया, कल्याणी, नंदाबाई आ. लखनलाल नि. सिकोलाबस्ती दुर्ग के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। सहधारक रामकुमार की मृत्यु दिनांक 03.04.2009 को हो चुकी है इनके वारिसान पुत्र श्रीकांत, हरिशंकर रविशंकर पुत्री, शशि, लता, संगीता है। जिसमें से श्रीकांत की मृत्यु दिनांक 20.12.2010 को हो चुकी है तथा इनके वारिसान उसकी पत्नि श्रीमती वीणा दुबे पुत्र आशुतोष, प्रफुल्ल है। सहधारक रामसनेही की मृत्यु दिनांक 16.10.2011 हो चुकी है इनके वारिसान उनकी पत्नि श्रीमती सती दुबे पुत्र संतोष, सुखदेव पुत्री अंजु, माण्डवी, ममता है। सहधारक रामानंद की मृत्यु दिनां 07.02.2006 को हो चुकी है इनके वारिसान उनकी पत्नि रमा दुबे पुत्री मनीषा है। ग्राम पंचायत का मृत्यु प्रमाण पत्र संलग्न किया है। सहधारक बुन्दाबाई की मृत्यु हो चुकी है। इनके वारिसान पुत्र सुरेश है मृत्यु प्रमाण पत्र संलग्न नहीं किया है। सहधारक कुमारी बाई की मृत्यु दिनांक 11.05.2010 को हो चुकी है इनके वारिसान पुत्र विजय पुत्री नंदिनी है। इसके अतिरिक्त अन्य वारिसान नहीं है। आवेदकगण द्वारा मृतक सहधारक का नाम विलोपित कर उनके वारिसान के नाम पर फौती नामांतरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 22.06.2020 या इसके पुर्व इस न्यायालय में स्वतःया किसी अधिकृत व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भूखण्ड संबंधी जानकारी हो प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। इसके पश्चात् प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26.05.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्रं./अ-21/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती तुलसीबाई ठाकुर पति स्व गैद सिंह ग्राम खुरसुल प.ह.न 04 तहसील व जिला दुर्ग कलेक्टर के समक्ष अपने भू- स्वामी हक की भूमि को गैर आदिवासी व्यक्ति के पास विक्रय करने आवेदन पेश किया हैं। भूमि का विवरण निम्नानुसार है :-

भू-स्वामी- श्रीमती तुलसी ठाकुर अन्य, ग्राम का नाम खुरुसुल, प.ह.न. 04, खसरा नंबर 768/1, रकबा 2.490 में से 1.600 हे., लगान...

उपरोक्तानुसार वर्णित भूमि जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय में उचित माध्यम से प्राप्त हुआ है। उक्त भूमि में जिस किसी हितबद्ध व्यक्ति को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो पेशी दिनांक 27.06.2020 तक आपत्ति दावा पेश कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांक 06.06.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

क्र./प्र.1/अति. तह./वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका अंजनी बाई उर्फ अंजू आ. स्व. ईश्वर साकिन बुन्देली बेमेतरा द्वारा ग्राम सिलोदा प.ह.न. 26 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 83 का टु., 112 का टु., 110, 113 रकबा कुल 0.230 हे. भू.रा. रुपए से संबंधित ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण नया ऋण पुस्तिका प्रदाय किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि का ऋण पुस्तिका प्रदाय किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 26.06.2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 09.06.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग अण्डा जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी- राजस्व

मा.क्रं. 202002101200009/18

विषयः-अ- 74 — सन् 2019-20

बिरेझर प.ह.न. 00030(हें0)

पक्षकारों का वितरण -आवेदक पक्षकार - भुजबल सिंह चौहान

अनावेदक पक्षकार- प्रहलाद चौहान

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भुजबल सिंह चौहान पिता स्व. केज सिंह चौहान जाति राजपूत निवासी बिरेझर तह. व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदक व आवेदकगणों के नाम से मौजा बिरेझर प.ह.नं. 30 स्थित भूमि खसरा नं. 335, 497, 1801 रकबा 0.22, 0.59, 0.24 हे. कुल रकबा 1.05 हे. लगान 3.20 रुपए खाता क्रमां 267 में खसरा नं. 1311, 1333, 1433 रकबा क्रमशः 0.13, 0.35, 0.12 हे. कुल रकबा 0.60 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक एवं अनावेदक पूर्व में आपसी बटंवारा कर अपने- अपने हिस्से पर काबिज कास्त करते आ रहे है। उक्त भूमि का खाता विभाजन किए जाने आवेदन प्रस्तुत किया गया।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 17.06.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06.06.2020 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक शीतल आ./ पति मनीष कांत साकिन बोरसी के द्वारा ग्राम उतई प.ह.न. 42 रा.नि.मं. अण्डा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 173/1 रकबा 1471 वर्ग. हे. भूमि विक्रेता सत्यनारायण आ. स्व. बालमुकुंद निवासी सोनारी से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 10.01.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 24.06.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 09.06.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक रत्नेश आ. राम आसरा साकिन नेहरुनगर भिलाई के द्वारा ग्राम उतई प.ह.न. 42 रा.नि.मं. अण्डा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 173/1 का टु. रकबा 1425 वर्ग. हे. भूमि विक्रेता सत्यनारायण आ. स्व. बालमुकुंद निवासी सोनारी से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 14.01.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 24.06.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 09.06.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./380/अ-74/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बाल गोविंद मिश्रा वगै. पिता स्व. विष्णु दत्त निवासी ग्राम शंकर नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1265/7 रकबा 0.006 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने पर डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र चालान की मूल प्रति, बैकों द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र, थाना की रिपोर्ट व राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 30.06.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 11.06.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-20(3) वर्ष 2019-20

आवेदकगण श्रीमती सती दुबे पति स्व. रामसनेही दुबे एवं अन्य 08 निवासी सिकोला दुर्ग की ओर से अधिवक्ता श्री संजीव तिवारी द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग में स्थित नजूल शीट क्रमांक 71 ए प्लाट नं. 106/1 क्षेत्रफल 241.616 वर्गमीटर भूमि धारकगण हरिशंकर, रविशंकर आ. रामकुमार, श्रीमती वीणा पति स्व. श्रीकांत, शशि दुबे, लता मिश्रा, संगीता पि. रामकुमार श्रीमती सती दुबे पति स्व. रामसनेही, संतोष, सुखदेव पिस. रामसनेही, अंजू दुबे (यादव), माण्डवी फण्डे, ममता तिवारी पिस. रामसनेही, श्रीमती रमा दुबे पति स्व. रामानंज, मनीषा पाण्डे आ. रामानंद, विजय शुक्ला एवं नंदिनी तिवारी पिस. नंदकुमार शुक्ला, बुन्दाबाई, कावेरी बाई, बेदईया, कल्याणी, नंदाबाई पिस. लखनलाल निवासी सिकोलाबस्ती दुर्ग के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। इसके अतिरिक्त अन्य वारिसान नहीं है। आवेदकगण द्वारा मृतक सहधारक का नाम विलोपित कर उनके वारिसान के नाम पर फौती नामांतरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 22.06.2020 या इसके पुर्व इस न्यायालय में स्वतःया किसी अधिकृत व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भूखण्ड संबंधी जानकारी हो प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। इसके पश्चात् प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26.05.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-20(3) वर्ष 2019-20

आवेदकगण श्रीमती सती दुबे पति स्व. रामसनेही दुबे एवं अन्य 08 निवासी सिकोला दुर्ग की ओर से अधिवक्ता श्री संजीव तिवारी द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग में स्थित नजूल शीट क्रमांक 71 ए प्लाट नं. 90 क्षेत्रफल 963 वर्गमीटर भूमि धारकगण मु. बुन्दाबाई जौ. जयकिसन, कुमारी बाई जौ. नंदकुमार, कावेरी बाई जौ कृष्णकुमार, बेदईयाबाई जौ अस्पष्ट, कल्याणीबाई जौ. होरीलाल, नंदाबाई जौ. सुरेश कुमार, रामकुमार, रामसनेही, रामानंद आ. लखनलाल फेकनबाई बेवा लखनलाल ब्राम्हण निवासी सिकोला बस्ती दुर्ग के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। सहधारक बुन्दाबाई की मृत्यु हो चुकी है इनके वारिसान पुत्र सुरेश है मृत्यु प्रमाण पत्र संलग्न नही है। सहधारक कुमारीबाई की मृत्यु दिनांक 11.05.2010 को हो चुकी है इनके वारिसान पुत्र विजय पुत्री नंदिनी है। सहधारक रामकुमार की मृत्यु दिनांक 03.04.2009 को हो चुकी है इनके वारिसान पुत्र श्रीकांत, हरिशंकर, रविशंकर पुत्री, शशि, लता, संगीता है। जिसमें से श्रीकांत की मृत्यु दिनांक 20.12.2010 को हो चुकी है तथा इनके वारिसान उनकी पत्नि श्रीमती वीणा दुबे, पुत्र आशुतोष, प्रफुल्ल है। सहधारक रामसनेही की मृत्यु दिनांक 16.10.2001 को हो चुकी है इनके वारिसान उनकी पत्नि श्रीमती सती दुबे, पुत्र संतोष, सुखदेव पुत्री अंजु, मंडावी, ममता है। सहधारक रामानंद की मृत्यु दिनांक 07.02.2006 को हो चुकी है इनके वारिसान उनकी पत्नि रमा दुबे, पुत्री मनीषा है ग्राम पंचायत का मृत्यु प्रमाण पत्र संलग्न किया है। सहधारक फेकनबाई की मृत्यु दिनांक 06.07.2000 को हो चुकी है। इसके अतिरिक्त अन्य वारिसान नहीं है। आवेदकगण द्वारा मृतक सहधारक का नाम विलोपित कर उनके वारिसान के नाम पर फौती नामांतरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 22.06.2020 या इसके पुर्व इस न्यायालय में स्वतःया किसी अधिकृत व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भूखण्ड संबंधी जानकारी हो प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। इसके पश्चात् प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26.05.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

■ न्यूज गैलरी

महासमुंद जिलेवासियों के लिए उपलब्धि, GNM इंस्टीट्यूट बनेगा कोविड अस्पताल

महासमुन्द। प्रदेश में कोरोना मरीजों कि बढ़ती संख्या को देखते हुए महासमुंद जिला प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है, जिसके तहद महासमुंद जिले में कोविड अस्पताल बनाया जा रहा है, जिले के जीएनएम इंस्टीट्यूट को डेवलप करके, कोविड सेंटर के रूप में तब्दील किया जा रहा है, जिला स्वास्थ्य केन्द्र के बगल में ही जीएनएम इंस्टीट्यूट को कोविड अस्पलात के रूप में चिन्हाकित किया गया है, यह अस्पताल प्रारंभ में 30 बेड होगा, जिसके लिए राज्य सरकार से बकायदा स्वीकृति भी मिल चुकी है।

जिले में कोरोना के सात पॉजिटिव केस मिले

महासमुंद। जिले में कोरोना के 7 पॉजिटिव केस सामने आए हैं। एम्स रायपुर ने सैंपल की जांच के बाद बुधवार रात पॉजिटिव मरीजों की रिपोर्ट जारी की। जिला प्रशासन ने भी इसकी पुष्टि की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जो पॉजिटिव केस सामने आए हैं, वे सभी सरायपाली ब्लॉक से हैं। इसमें 5 पुरुष एवं 2 महिला शामिल हैं। जिला प्रशासन के अनुसार सरायपाली विकासखंड के ग्राम गिरसा में 1, पाटसेन्द्री में 1, पलसापाली में 1, बहेरापाली में 1, कुरमीपाली में 1, आंवलाचक्का में 1 और कंवरपाली में 1 कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। महासमुंद जिले में 29 मई से लेकर अब तक कोरोना के कुल 62 केस सामने आ चुके है। पिछले 13 दिनों में जिले के सभी विकासखंडं में कुल 62 पॉजिटिव मरीज मिले हैं। इनमें से 5 स्वस्थ होकर वापस लौट चुके हैं। इस तरह जिले में एक्टिव कोरोना केस की संख्या 57 पहुंच गई है। महासमुंद ब्लॉक में अब तक कोरोना के 4, बागबाहरा में 25, पिथौरा में 2, बसना में 17 और सरायपाली में 14 केस सामने आ चुके हैं।

मारपीट कर जान से मारने की धमकी

महासमुंद। उधार रूपए दिए बगैर साइकिल लाने की बात पर दो लोगों ने मिलकर एक की पिटाई कर दी। बोरियाझर निवासी संतोष यादव पिता बृजलाल यादव (28) ने पुलिस को बताया कि नोहर ध्रुव और देवेन्द्र बंछोर द्वारा उधार के रूपए दिए बगैर साइकिल लाने की बात को लेकर उनके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने धारा 294, 323, 506, 34 के तहत मामला दर्ज किया है।

जहर सेवन कर युवक ने दी जान

महासमुंद। जहर सेवन कर एक युवक ने आत्महत्या कर ली। परिजनों की सूचना पर बागबाहरा पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। जानकारी के मुताबिक ओमप्रकाश पिता मोहन ठाकुर (19) ने अज्ञात कारण से जहर सेवन कर लिया जिससे उसकी मौत हो गई।

जुआ खेलते 9 सपड़ाए, 59 हजार नगद बरामद

महासमुंद। ग्राम बरबसपुर के आम बगीचे में बुधवार को रेड मारकर 9 जुआरियों को जुआ खेलते हुए पकड़ा। पड़ से पुलिस ने जुआरियों से 59305 रूपए, 06 मोटर साइकिल कीमती 1,50,000 रूपए , 09 नग मोबाइल 50 हजार रूपए कीमती कुल 259, 305 रूपए बरामद की। जानकारी के मुताबिक पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम बरबसपुर के आम बगीचा में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। जिस पर पुलिस की टीम ने आम बगीचा में दबिश देकर जुआ खेल रहे लोगों को धर दबोचा। पकड़े गए लोगों में टेपन पटेल पिता स्वर्गीय शत्रुघन पटेल (33) तुमगांव, दिलीप बघेल पिता मनहरण लाल बघेल (26) तुमगांव, कृष्ण कुमार वैष्णव तुमगांव बाजारपारा, सुयस वर्मा पिता स्व. हरीश चन्द्र वर्मा (30) तुमगांव, कृष्ण कुमार साहू पिता जनक साहू (36) निसदा थाना आरंग, सुधीर कुमार बंजारे पिता घुघुराम बंजारे (42) घोड़ारी, राजेन्द्र कुमार साहू पिता भागवत प्रसाद साहू (33) निसदा थाना आरंग, प्रकाश शर्मा पिता संतोष शर्मा (35) बरबसपुर व हीरालाल कौशिक पिता मोहन दास (30) बेमचा के खिलाफजुआ एक्ट व धारा 188, 269,270 के तहत कार्रवाई की।

क्वारंटीन सेंटर छोड़ा, पांच पर जुर्म दर्ज

महासमुंद। जिले के सरायपाली और खल्लारी थाने में क्वारंटीन सेंटर से बिना बताए जाने के मामले में पुलिस ने एक दंपति समेत तीन अन्य व्यक्ति के खिलाफमहामारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया है। जानकारी के मुताबिक सरायपाली लिमगांव हाईस्कूल क्वारंटीन सेंटर में बाहर से मजदूरी कर आए लम्बोदर चौधरी पिता पुनित लाल, सफेद बाई पति पुनित लाल और भोजपति पिता सोनसाय बिना सूचना सुबह क्वारंटाईन सेंटर छोड़कर चले गए। जानकारी मिलने पर सचिव लोचन नायक पिता विरेन्द्र नायक की शिकायत पर पुलिस ने तीन के खिलाफ धारा 188 के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है।

चोरी की दो बाइक के साथ दो गिरफ्तार

महासमुंद। चोरी की बाइक बेचने ग्राहक तलाशते दो युवकों को सरायपाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक आज पुलिस ने बाजार पारा निवासी फयाज खान पिता घस्सू खान (20), ओडिया पारा निवासी कुंदन पाणिग्राही पिता देवेंद्र पाणिग्राही (22)को चोरी की बिना नंबर की एक सीडी डिलक्स एवं एक होंडा एम्बीसन सीजी 11/8708 के साथ पकड़ा।

निधन

कुसुम कन्नौजे

महासमुंद। स्थानीय गुडरुपारा दुर्गा चौक वार्ड-18 निवासी कुसुम कन्नौजे (48) का 9 जून की रात निधन हो गया। अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। वे वन प्रबंधक हेमलाल कन्नौजे की पत्नी, प्रेमलाल की भाई बहू व पूर्व पार्षद मनोज, सतीश, शिक्षक विनोद, संतोष, दुर्गेश, यशवंत, जितेंद्र, कमलेश कन्नौजे की चाची थीं।

जीएनएम नर्सिंग सेंटर को कोविड केयर यूनिट में बदलने का काम लगभग पूर्ण

■ 240 बिस्तरों वाला होगा यह सेंटर, डाइनिंग और डाफ्रिंग सहित उपचार के लिए अनुभवी चिकित्सकों के साथ आवश्यक उपकरणों से लैस

नवप्रदेश संवाददाता

महासमुंद। लोक निर्माण विभाग और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी संयुक्त रूप से कड़ी मेहनत कर कोविड-19 केयर सेंटर शुरू करने की तैयारी में जुटे हैं। कोविड केयर यूनिट के लिए लगभग सभी तैयारियां कर ली गई हैं। जल्द ही कोविड-19 से पीड़ित मरीजों का उपचार जिला मुख्यालय में ही किया जा सकेगा। कोरोना से संक्रमित पाए जाने वाले मरीजों को उपचार के लिए राजधानी रिफर किए जाने की बाध्यता अब समाप्त हो जाएगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डा रवि मित्तल ने बताया कि कोविड केयर यूनिट में अनुभवी विशेषज्ञ चिकित्सक, आयुष अधिकारियों, नर्सिंग एवं पैरा मेडिकल स्टाफ सहित आया, वार्ड ब्वाय की चैबीसों घंटे ड्यूटी लगेगी। कोविड केयर यूनिट को अत्याधुनिक उपकरणों से लैस किया गया है। इससे मरीजों को वही सारी चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। जो राजधानी सहित अन्य बड़े चिकित्सालयों में उपलब्ध होता है। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोविड केयर सेंटर में तकनीकी उपकरणों से परिपूर्ण कंट्रोल रूम, कुल 240 बिस्तर और अन्य चिकित्सकीय उपलब्धताएं बनाई गई है। यहां मरीज के आते ही सबसे पहले उन्हें सैनिटाइज्ड कर स्पेशल किट उपलब्ध कराया जाएगा। इसके पश्चात् उनका गहनता से स्वास्थ्य परीक्षण करने के उपरांत संक्रमण की स्थिति, लक्षण एवं उम्र अनुसार शारीरिक क्षमता के अनुभवी चिकित्सकों की देख-रेख में चरणबद्ध तरीके से हाइड्रॉक्सी क्लोरोक्वीन की खुराक दी जाएगी, साथ ही विटामिन बी-काम्प्लेक्स, जिंक एवं विटामिन-डी की दवाएं देते हुए उपचार की सेवाएं जारी रहेंगी। दूसरी ओर संक्रमण पीड़ितों के लिए यहां विशेष डाइट चार्ट तैयार किया गया है। जिसमें उनके लक्षणों और पूर्व से चल रहे डायबिटीज एवं ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियों को ध्यान में रखते हुए स्वच्छ और पौष्टिक भोजन की सुविधा भी दी जाएगी। खास बात यह है कि संक्रमण से पूर्ण सुरक्षा के लिए यहां काम करने वाले सभी स्वास्थ्यकर्मी प्रवेश एवं निकासी के दौरान डॉनिंग और डाफ्रिंग क्षेत्र में सबसे पहले स्वयं को सैनिटाइज्ड करेंगे। साथ ही उनके ठहरने के लिए भी कोविड केयर सेंटर परिसर में ही कार्यभार व सेवा दायित्व के अनुरूप अलग-अलग कक्षों की व्यवस्था की गई है। ऐहतियात के तौर पर यहां सेवाएं प्रदान करने वाले चिकित्सकीय दल को भी 14-14 दिनों के लिए क्वारंटीन किया जाएगा।

अब अधिभार के साथ टैक्स वसूल करेगी पालिका

■ बिना सरचार्ज भुगतान करने चार बार दिया था मौका

महासमुंद। अब पालिका 10 प्रतिशत अधिभार के साथ टैक्स वसूल करेगी। संपितकर, समेकित, जल, दुकान किराया किराया सहित अन्य टैक्स का बिना सरचार्ज के भुगतान करने के लिए नगरीय निकाय ने चार बार मौका दिया, बावजूद 40 प्रतिशत लोगों ने टैक्स चुकाने में रूचि नहीं दिखाई है। हालांकि वर्तमान में कोविड-19 के चलते पालिका के सभी कर्मचारी सुरक्षा व राहत कार्य में व्यस्त हैं। आने वाले दिनों में करदाताओं से इसकी वसूली की जाएगी। कोरोना वायरस संक्रमण के चलते इस बार पालिका को भारी नुकसान हुआ है। करदाताओं से टैक्स वसूलने में पीछे रह गई। पूर्व में चुनाव के कारण कर्मचारी व्यस्त थे इसके बाद कोरोना में। पालिका के राजस्व अधिकारी देव निर्मलकर का कहना है कि 60 प्रतिशत वसूली हो पाई है 40 प्रतिशत वसूली शेष रह गई है। कर्मचारी नहीं होने के कारण इस बार लक्ष्य के करीब नहीं पहुंच पाए हैं। ज्ञात हो कि 31 मई तक बिना अधिभार टैक्स जमा करने की अंतिम तिथि थी। इसके बाद नगरीय प्रशासन ने करदाताओं को एक और मौका देते हुए 7 जून को अंतिम तिथि घोषित करते हुए फिर से बिना सरचार्ज के टैक्स चुकाने की छूट दी। पालिका में टैक्स भुगतान करने की अंतिम तिथि प्रतिवर्ष 31 मार्च रहती है। पर कोरोना के चलते इस वर्ष बिना अधिभार 30 अप्रैल तक पहली छूट देते हुए भुगतान करने का समय दिया गया था। दूसरी बार लोगों को टैक्स का भुगतान करने 15 मई तक समय मिला। पालिका ने फिर से 30 मई तक समय बढ़ा दिया। एक जून से केंद्र सरकार ने अनलॉक वन शुरू किया, लेकिन जिले में लॉकडाउन को 30 जून तक बढ़ा दिया गया है।

प्रदेश में तेजी से फैल रहा कोरोना संक्रमण सरकार केवल तमाशा देख रही : विकास

गरियाबंद। भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष विकास साहू ने एक विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि प्रदेश में तेजी से कोरोना के मामले बढ़ रहे हैं और भूपेश सरकार तमाशा देख रही है, एम्स रायपुर प्रबंधन द्वारा चार हजार सैंपलों की रिपोर्ट आना बाकी बताकर सरकार से और सैंपल न भेजने की बात कहना इस बात की पुष्टि करता है। उन्होंने कहा कि शुरूआती दिनों में एक मरीज तक सीमित रहने पर खुद को कोरोना वारियर्स बताकर अखबारों में खुद को हीरो के रूप में प्रस्तुत करने वाले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित तमाम मंत्री आज कहीं दिखाई नहीं दे रहे हैं। प्रदेश में कोरोना के मामले बढ़ने के लिए भूपेश सरकार पूरी तरह जिम्मेदार है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश का व्यापार ठप्प कर सरकार अपनी शराब दुकान के माध्यम से कमाई कर रही है। सरकार को न जाने किस विशेषज्ञ ने यह बताया है कि ठेला चलाने या जूते पोलिश करने वाले निम्नतर धंधों से कोरोना संक्रमण फैल सकता है जहाँ दिन भर में बमुश्किल 25-30 लोग जाते हैं, लेकिन शराब दुकान जहाँ दिन भर में पांच हजार लोग जाते हैं, वहां कोरोना नहीं फैलता। उन्होंने कहा कि अगर कहीं कोरोना पेशेंट मिलता है तो उस इलाके के साथ-साथ पड़ोसी नगर को भी बंद कर दिया जाता है, लेकिन वहां की शराब दुकान को जरुर चालू रखा जाता है। मानो लोगों को दैनिक खाने-पीने की चीजों की जगह शराब की ज्यादा आवश्यकता है। बाहर राज्यों में गए लोगों को प्रदेश में लाने की स्थिति में कोरोना प्रकरण बढ़ेंगे, यह जानते हुए भी बाहर से लोगों को लाया जा रहा है, इससे संक्रमण का खतरा और बढ़ गया है। भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश में क्वारंटाइन सेंटर की स्थिति काफी दयनीय है, अव्यवस्था के कारण लोगों की मौत हो रही, यह प्रमाण है कि सरकार बाहर से आए लोगों को क्वारंटाइन सेंटर में बेहतर सुविधा देने मे नाकाम रही। इससे तो बेहतर यह होता कि जिन-जिन राज्यों में लोग फंसे थे, उन राज्यों के मुख्यमंत्रियों से आपसी सामंजस्य बिठाकर वहां मौजूद लोगों के लिए वही खाने-पीने और रहने की व्यवस्था करवाई जाती। इससे वर्तमान में उन लोगों की व्यवस्था, टेस्ट, ईलाज आदि चीजों में जो खर्च हो रहा है उससे हो भी कम खर्च होता। साथ ही संक्रमण भी नहीं फैलता।

शराब के अवैध कारोबारियों के खिलाफ कोमाखान पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई



महासमुंद। कोमाखान पुलिस ने अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ अभियान चलाते हुए ताबड़तोड़ कार्रवाई की। कई जगहों पर पुलिस ने दबिश देकर भारी मात्रा में शराब के साथ पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार एसपी प्रफुल्ल ठाकुर, एएसपी मेघा टेम्भूरकर व एसडीओपी लितेश सिंह के मार्गदर्शन में कोमाखान थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी तिलेश्वर यादव व प्रदीप मिंज के नेतृत्व में अवैध कारोबारियों के साथ ही कोरोना महामारी के संक्रमण रोकने लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है। इसी तारतम्य में बुधवार की देरशाम मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने सोनामुंदी रेलवे क्रासिंग के पास घेराबंदी की। टीवीएस मोपेड सवार एक व्यक्ति को रोककर तलाशी ली। जिस पर उसके पास से 65 पौवा देशी शराब बरामद की गई। पूछताछ में मोपेड सवार ने अपना नाम राजू ठाकुर निवासी मोंगरापाली ओडिशा बताया। उसके खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज किया गया। दूसरा मामला ग्राम बांधापार रेलवे अंडरब्रिज के पास का है। यहां बाइक से शराब तस्करी करते हुए ओडिशा के खरियाररोड निवासी मुन्ना साहू को पकड़ा गया। उसके पास रखे बैग में 67 पौवा शराब बरामद की गई। आरोपी के खिलाफआबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

गर्भवती माताओं के लिए अलग क्वारंटाईन सेंटर की व्यवस्था

■ गर्भवती माताओं को परेशानी ना हो इसके लिए 24 घंटे चिकित्सकीय सुविधाएं

महासमुंद। जिला प्रशासन द्वारा कोरोना से संदिग्ध एवं संक्रमित गर्भवती माताओं के लिए तहसील मुख्यालय सरायपाली, बसना, पिथौरा, बागबाहरा एवं महासमुंद के पटेवा में अलग से क्वारंटाईन सेंटर की व्यवस्था की गई है। अधिकारियों ने बताया कि इस क्वारंटाईन सेंटर में विशेषकर गर्भवती माताओं को रखा गया है जिससे गर्भवती माताओं को किसी भी तरह की परेशानी ना हो इसके लिए 24 घंटे चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इस सेंटर में चिकित्सक के अलावा महिला स्वास्थ्यकर्ता हमेशा उपलब्ध रहती हैं। जो समय-समय पर गर्भवती माताओं का स्वास्थ्य जांच करते रहते हैं।

क्वारंटाइन सेंटर में सैनेटरी पैड वितरित

महासमुंद। *कलेक्टर कार्तिकेया गोयल एवं पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल कुमार ठाकुर जी की पहल पर मंगलवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मेघा टेम्भूरकर डिप्टी कलेक्टर पूजा बंसल एवं महिला बाल विकास के पदाधिकारियों के साथ महासमुंद महिला क्वारंटाइन सेंटर नयापारा एवं ग्राम खैरा पहुँची। वहां महिलाओं से मिलकर उनके स्वास्थ्य, भोजन व्यवस्था संबंध जानकारी ली और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने निर्देशित करते हुए उनके रहन-सहन आदि का विशेष ध्यान देने की बात कहीं।*

जिले के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे : स्मृति ठाकुर

गरियाबंद। पांडुका क्षेत्र से अपने सार्वजनिक कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए जिला पंचायत गरियाबन्द की अध्यक्ष श्रीमती स्मृति ठाकुर ने आज छुरा जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत गड़ाघाट में 5 लाख की लागत से एवं ग्राम पंचायत कुरूद में 8.30 लाख की लागत से निर्मित अहाता निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों के सम्बोधित करते हुवे उन्होंने कहा कि मैं जनसेवा के उद्देश्य से राजनीति में आई हूं। जनता के कामो के लिए सदैव तत्पर हूँ और सदैव रहूंगी। क्षेत्र के विकास में कोई कमी नही आने देंगे। माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी के सपनो का छत्तीसगढ़ बनाने को हम सब कृत संकल्पित है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों के अलावा क्षेत्र के जिला पंचायत सभापति श्री पिृतु राम कंवर, जिला पंचायत सभापति श्रीमती मधुबाला रात्रे, जनपद उपाध्यक्ष, जनपद सदस्य सहित पंच सरपंच एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान दिव्यांग छात्र को तत्काल बैटरी वाहन उपलब्ध कराने के निर्देश तत्काल सम्बंधित अधिकारी को देने से आवेदक के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई और उन्होंने जिलापंचायत अध्यक्ष को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। वही ग्रामीण क्षेत्रो की महिलाएं अध्यक्ष को आने बीच पाकर उन्हें बार बार आने का आमंत्रण दिया है।

खेत की जुताई करा रहे किसान से मारपीट, शिकायत

महासमुंद। ट्रैक्टर से खेत की जुताई करा रहे किसान से एक ग्रामीण ने गाली-गलौज व मारपीट की है। इसकी शिकायत किसान ने सिटी कोतवाली में की है। जानकारी के अनुसार ग्राम नांदगांव निवासी लिलेश्वर पटेल पिता उधोराम पटेल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनका परिवार करीब 20-25 वर्षों से हेमंत बोथरा पिता स्व. धरमचंद बोथरा की जमीन पर बोते-खाते आ रहे हैं। पुलिस को बताया कि 9 जून को प्रातः 6 बजे हेमंत बोथरा के निर्देश पर खेत में ट्रैक्टर से जुतआई करा रहा था, तभी संजय बंजारे वल्द बुगलू राम बंजारे ने दबंगई दिखाते हुए खेत को जुतवाने में लगे ट्रैक्टर को रोका और अश्लील गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। प्रार्थी ने पुलिस से संजय बंजारे के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

कोविड-19 महामारी संक्रमण से बचाव की दिशा में सभी जिलों का कार्य प्रशंसनीय : भूपेश बघेल

■ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ली कलेक्टर्स कांफ्रेंस

महासमुंद। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी जिला कलेक्टर एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड-19 महामारी के संक्रमण से बचाव की दिशा में सभी जिलों द्वारा प्रशंसनीय कार्य किया गया है। अवकाश के दिनों में भी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कार्य किया है। उन्होंने कहा कि आगे भी इसी प्रकार से सभी कार्य करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि प्रवासी मजदूरों के लिए भी अच्छी व्यवस्थाएं की गई है। इसके अलावा मजदूरों को मनरेगा के तहत् कार्य भी उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत किसानों को अंतर की राशि की पहली किश्त प्रदाय की गई है।

इस दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जिले में लोक सेवा गारंटी अधिनियम, नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी योजना की प्रगति, हाट बाजार क्लीनिक योजना प्रगति विवरण, इंग्लिश मीडियम स्कूल स्थापना, प्रत्येक विकास खण्ड मुख्यालय पर उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों एवं आईटीआई में समन्वय स्थापित करके रोजगारोन्मुखी व्यावसायिक पाठ्यक्रम संचालित करने की योजना शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना, सुपोषण अभियान ग्रामीण भूमिहीन मजदूर परिवारों का चिन्हांकन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, लघु वनोपजों का संग्रहण, प्रसंस्करण, वन अधिकार अधिनियम अंतर्गत प्राप्त पट्टेधारियों की आय वृद्धि हेतु कार्य योजना, खाद्य प्रसंस्करण, लघु वनोपज प्रसंस्करण इकाईयों की स्थापना, धान के बदले अन्य फसलों को बढ़ावा देने हेतु कार्ययोजना, भाषाओं के रंग-रोगन, आवश्यक मरम्मत कराना, मनरेगा-प्रगति, 7500 वर्ग फुट भूमि का आबंटन, नियमितिकरण, शहरी स्लम पट्टों का नवीनीकरण, फ्री होल्ड करना, स्कैप का डिस्पोजल, शासकीय हॉस्टल, आश्रम अन्य आवासीय भवनों में आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सभी सामग्रियों का प्रदाय महिला समूह के माध्यम से, जिलों में टिड्डी की समस्या, स्कूलों और आश्रमों को साफसुथरा कर जून के अंत तक सामान्य संचालन के लिए तैयार करना, रेन वाटर हार्वेस्टिंग पर चर्चा की। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने बताया कि मुख्यमंत्री सुपोषण योजना के तहत् महिलाओं एवं बच्चों में कुपोषण दूर करने के उद्देश्य से पोषण युक्त लड्डू प्रदान किए जा रहे हैं, अब मार्च से उन्हें गर्म भोजन दिया गया है।

भाजपा ने की झाखरपारा और फिंगेश्वर मंडल कार्यसमिति की घोषणा

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु देव साय एवं संगठन महामंत्री पवन साय की अनुमति एवं जिला अध्यक्ष राजेश साहू के सहमति से झाखरपारा मंडल अध्यक्ष सीताराम यादव ने झाखरपारा मंडल कार्यकारिणी एवं फिंगेश्वर मंडल डॉ प्यारे लाल सोनकर ने फिंगेश्वर मंडल कार्यकारिणी की घोषणा की है।

इसमें झाखरपारा मंडल उपाध्यक्ष रतन यादव, बिशेश्वर नागेश, धोबी राम तथा श्रीमती उर्मिला पात्र को बनाया गया है। मंडल महामंत्री महेंद्र कुमार निधि व इंद्रामणि यादव, कोषाध्यक्ष देवानंद यादव, मंडल मंत्री दुर्जन चंद्राकर, श्रीमती उर्मिला यादव, श्रीमती सावित्री मांझी, श्रीमती बनिता साहू व जादवाराम यादव को बनाया गया है। मंडल कार्यकारिणी में खोरलाल नागेश, रविशंकर यादव, हेजुराम साहू, खामसिंग निधि, गौरीशंकर बेमाल, जय किशन नागेश, टंकधर नागेश, बेलसिंह ध्रुवा, भगवानों बेहरा, जयलाल नायक, नियर राम यादव, शंभू धर बिसी, भागीरथी पात्र, शोभाचंद यादव, देवधर कश्यप, सनत कुमार मांझी, चेतन प्रसाद, सदानंद यादव, ईसाराम पुजारी, श्रीमती दशोदा बीसी, सुप्रेमिका मांझी, गीता यादव, योगिता मांझी, श्रीमती उर्मिला चमार पात्र, शीतला पांडे, जानकी मांझी, तुलसे सोरी, नूरी बाई मरकाम, सुशीला मांझी, श्रीमती मिर्ची सोरी, पदुमलोचन जगत, महेंद्र यादव, पुरंधर यादव, सुंदर नेताम को शामिल किया गया है। स्थाई आमंत्रित सदस्य बिंद्रानवागढ विधायक डमरूधर पुजारी, पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन सिंह मांझी, शकुंतला नायक, देवबंधु नायक, चमार सिंह पात्र एवं जिले प्रदेश के पदाधिकारी कार्यकारिणी सदस्य होंगे।

इसी प्रकार फिंगेश्वर मंडल उपाध्यक्ष जनक श्रीवास, अशोक साहू, अरुण सिन्हा तथा श्रीमती शांति कोसरे को बनाया गया है। मंडल महामंत्री पुरन साहू व मिंजुन साहू, कोषाध्यक्ष श्रीमती सीमा ठाकुर को बनाया गया है। मंडल मंत्री श्रीमती हेमा सोनी, श्रीमती रम्भा ध्रुव, संतराम साहू , टिकेश राम, भगवानी राम साहू होंगे। मीडिया प्रभारी कमलेश कश्यप होंगे। मंडल कार्यकारिणी में राधेश्याम साहू, भुवन साहू, प्यारेराम साहू, तुलाराम, सहदेव सोनी, मनीष हरित, छगनलाल साहू, मोहनलाल साहू, दौलत राव भोसले, रामजी साहू, भारतराम सिन्हा, ईश्वर साहू, अरुण ध्रुव, अश्वनी विश्वकर्मा, विजय कंडरा, लिखन राम निषाद, रोशन देवांगन, गोपाल साहू, अरुण साहू, श्रीमती मंजुलता हरित, श्रीमती शीतल राजपूत, श्रीमती संतोषी श्रीवास्तव, ज्योति राजपूत, अनीता शर्मा, संगीता साहू, राम बाई साहू, भुनेश्वरी साहू, पदमा ध्रुव, अमेरिका साहू, कुंतीबाई ध्रुव को शामिल किया गया है। स्थाई आमंत्रित सदस्य पूर्व विधायक पुनीत राम साहू, भागवत हरित, जिला अध्यक्ष राजेश साहू, चंद्रशेखर साहू, जगदीश यादव, अशोक राजपूत, रामूराम साहू, पूनम यादव, महावीर यादव, गजेंद्र सिन्हा, श्रीमती श्वेता शर्मा, श्रीमती लोकिन साहू, श्रीमती तृप्ति बनर्जी होंगे। विशेष आमंत्रित सदस्य सुखदेव साहू, किरणेश सोनी, ईश्वर साहू, तुलस कन्नौजे, कृष्णलाल साहू, गोपचंद बनर्जी, सुबोध साहू, पवन साहू, सालिकराम साहू, सुयस सोनी, रमेश साहू, खोमान साहू, गयाराम सेन, नरेश यादव, धनाराम अवस्थी, शत्रुघ्न साहू, लालाराम पटेल, गुपेश साहू, गंगा राम साहू, प्रदीप साहू, रामाधार साहू, पत्रालाल बंजारे, भुनेश्वर साहू, बालाराम रात्रे, नेमीचंद देवांगन, राधेश्याम साहू होंगे।

मुख्यमंत्री ने दी शहर को इंग्लिश मीडियम स्कूल की सौगात

- मेयर और परिषद के सदस्यों ने लिया सर्वेश्वर दास स्कूल का जायजा
- अंग्रेजी स्कूल में बच्चों को पढ़ाने के इच्छुक गरीब पालकों के लिये यह स्कूल वरदान

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। राजनांदगांव शहर के सर्वेश्वर दास म्यूनिसिपल स्कूल को राज्य सरकार द्वारा इंग्लिश मीडियम का दर्जा दिया गया है। अंग्रेजी स्कूल की व्यवस्था को लेकर महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख द्वारा सर्वेश्वर दास म्यूनिसिपल इंग्लिश मीडियम स्कूल का निरीक्षण किया गया, और जो भी कमियां स्कूल में पाई गई,उस कार्य को समय पर पूरा करने संबंधितो को जरूरी निर्देश दिए। गौरतलब है कि सूबे के मुखिया भूपेश बघेल मंशा अनुरूप प्रदेश के सभी जिले के एक सरकारी स्कूल को अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोला जाना है, ताकि गरीब परिवार के बच्चे भी अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा ग्रहण कर सके। मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देश के बाद गत महिनों स्कूल शिक्षा सचिव डा. आलोक शुक्ला द्वारा राजनांदगांव शहर के विभिन्न स्कूलों का जायजा लिया गया था, जिसमें उन्होंने शहर के हृदय स्थल पर स्थित ऐतिहासिक सर्वेश्वरदास म्यूनिसिपल स्कूल को अंग्रेजी माध्यम

के लिए उपयुक्त पाया और इस स्कूल के चयन के लिए भी कहीं न कहीं शहर के प्रथम नागरिक मेयर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख के द्वारा भी व्यक्तिगत रुचि लेते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात कर सर्वेश्वरदास म्यूनिसिपल स्कूल के लिए पहल की गई थी। महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख की पहल पर मुहर लगाते हुए आखिरकार म्यूनिसिपल स्कूल को अंग्रेजी स्कूल माध्यम से शुरू करने की सैद्धांतिक सहमति प्रदान की गई और उक्त स्कूल में प्रचार्य की नियुक्ति के साथ शिक्षकों एवं अन्य स्टॉफ की नियुक्ति प्रक्रिया के अलावा स्कूल के मरम्मत आदि कार्य कराया जा रहा है। जिसका आज महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख द्वारा निरीक्षण किया गया।

महापौर श्रीमती देशमुख ने निरीक्षण के दौरान बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री ने जिले व शहरवासियों को इंग्लिश मीडियम स्कूल के रुप में एक सौगात दी गई है, जहां अंग्रेजी माध्यम से गरीब परिवार के बच्चों को कक्षा 1 से लेकर 12 तक निःशुल्क शिक्षा देने की व्यवस्था की गई है। इस स्कूल के खुलने से निश्चित रूप से अब पालकों को प्राईवेट स्कूल के चक्कर लगाने से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में इस सर्वेश्वरदास स्कूल में संचालित अंग्रेजी माध्यम स्कूल का श्रीगणेश करने छत्तीसगढ़ राज्य सरकार के मुखिया भूपेश बघेल, शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, प्रभारी मंत्री मोहम्मद अकबर आदि जनों को आमंत्रित कर स्कूल का शुभारंभ किया जायेगा, हलांकि उन्होंने बताया कि 15 जून से प्रवेश देने की प्रक्रिया शुरू कर दी जायेगी। महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने राजनांदगांव की जनता को शहर के ह्रदय स्थल पर इंग्लिश मीडियम स्कूल की सौगात प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, प्रभारी मंत्री और संगठन के पदाधिकारियों का आभार जताया। इसी परिपेक्ष में आज महापौर श्रीमती देशमुख ने महापौर परिषद के शिक्षा प्रभारी सदस्य राजा तिवारी, जल विभाग प्रभारी सदस्य सतीश मसीह और खाद्य विभाग प्रभारी सदस्य संतोष पिल्ले के साथ स्कूल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान जिला शिक्षा विभाग के सहायक संचालक श्रीमती संगीता राव, म्यूनिसिपल स्कूल के प्राचार्य संजीव मिश्रा, उच्च क्षेणी शिक्षक राजेन्द्र यादव सहित सहायक प्राध्यापक मिश्रा, केके उके आदि मौजूद थे।

न्यूज गैलरी

पांच बजे के बाद भी चला रहे थे दुकान, प्रशासन ने की 16 पर कार्रवाई

राजनांदगांव। लगातार कोरोना के बढते मरीजों को देखते हुए प्रशासन सख्त हो गया है। सात बजे तक दुकान खोलने की छूट देने के बाद अब फिर से शाम पांच बजे तक दुकान खोले रखने का आदेश दिया गया है। लेकिन पांच बजे के बाद भी कई दुकान संचालक दुकान बंद नही करते हैं। लगातार दुकानदारों की मनमानी देखते हुए नगर निगम ने मंगलवार को 16 दुकानदारों पर कार्रवाई करते हुए 16 सौ रूपये का जुर्माना लगाया है। निगम आयुक्त चन्द्रकांत कौशिक ने बताया कि आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी। देर शाम तक दुकान खोलने वालों में अधिकतर किराना स्टोर हैं। पुलिस शहर में तो दुकान बंद करवाने घूमती है लेकिन शहर के बाहरी हिस्सों के दुकानदार मनमानी करते हुए दुकान का संचालन करते हैं जिसे देखते हुए निगम की टीम ने मंगलवार को पंजवानी किराना स्टोर, भोले किराना, संजीवनी स्टोर, गीता मोबाईल, लक्ष्मी प्रोवीजन एवं अन्य दुकान संचालकों के पर जुर्मानी कार्रवाई की है।

मॉस्क नहीं लगाने वालों पर पुलिस करेगी कार्रवाई : शुक्ला

राजनांदगांव। नगर निगम क्षेत्र में बिना मास्क के घूमने वाले लोगों पर पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ल ने कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं। दरअसल मंगलवार को एसपी जितेन्द्र नगर निगम क्षेत्र के कन्टेंटमेंट जोन का निरीक्षण कर रहे थे। इस दौरान कई लोग बिना मास्क के घूमते नजर आए, जिसके बाद जितेन्द्र ने नगर निगम क्षेत्र में मास्क नहीं लगाने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश नगर निगम आयुक्त एवं एसडीएम को दिया है। एसपी शुक्ला ने नगर निगम क्षेत्र के कन्टेंटमेंट जोन मोतीपुर, शंकरपुर और न्यू सिविल लाईन का निरीक्षण किया। कोरोना से बचने के लिए किए जाने वाले उपायों का कन्टेंटमेंट जोन में कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए हैं।

30 किलो गांजा के साथ दो गिरफ्तार

राजनांदगांव। बागनदी पुलिस ने मोटरसाइकिल में अवैध रूप से गांजा लेकर चिचोला से नागपुर की ओर जा रहे भरतपुर राजस्थान के समल सिंग पिता पुरन 32 साल एवं पखांजुर निवासी कमल मंडल पिता नरेन्द 36 साल को 30 किग्रा गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से गांजा तस्करी की सूचना मिली जिसके बाद चौक में बताए हुलिया के अनुसार दोनों युवकों की तलाशी ली गई। बोरी में 15 पैकेट गांजा कुल वजन 30.610 किलो ग्राम पाया गया। जप्त गांजा की कीमत लगभग डेढ लाख रूपये है। आरोपितों पर कार्रवाई कर पुलिस ने दोनों को रिमांड में भेज दिया है।

चालू खरीफमौसम में 3.55 लाख हेक्टेयर से अधिक रकबे में बोनी का लक्ष्य

राजनांदगांव। कृषि विभाग द्वारा जिले में चालू खरीफ मौसम में 3 लाख 55 हजार 910 हेक्टेयर में फसल बोने का लक्ष्य रखकर जरूरी तैयारियां की गई है। इस साल 3 लाख 7 हजार 545 हेक्टेयर में धान और अन्य अनाज फसलें, 16 हजार 325 हेक्टेयर में दलहनी तथा 32 हजार 40 हेक्टेयर में तिलहनी फसलें बोने का लक्ष्य रखा गया है। उप संचालक कृषि श्री ध्रुर्वे से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस साल खरीफ मौसम में 2 लाख 98 हजार 120 हेक्टेयर में धान फसल बोने की तैयारी की गई है। जिले में बोता, रोपा, कतार बोनी, श्रीविधि से धान की बोनी की जाती है। इस वर्ष 1 लाख 61 हजार 220 हेक्टेयर में बोता धान, 68 हजार 900 हेक्टेयर में धान रोपा, 65 हजार हेक्टेयर में कतार बोनी तथा 3 हजार हेक्टेयर में श्री विधि से धान की बोनी करने का लक्ष्य रखा गया है। अन्य अनाज फसलों में 25 हेक्टेयर में ज्वार, 5 हजार 860 हेक्टेयर में मक्का और 3 हजार 540 हेक्टेयर में कोदोकुटकी की बोआई की तैयारी की गई है।

क्लोज सीजन 16 जून से 15 अगस्त तक मत्स्याखेट प्रतिबंधित

राजनांदगांव । राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि (प्रजनन) को दृष्टिगत रखते हुए 16 जून से 15 अगस्त 2020 तक बंद ऋतु (क्लोज सीजन) घोषित किया गया है। सहायक संचालक मछलीपालन ने बताया कि इस दौरान प्रदेश के समस्त छोटी-बड़ी नदियों, नालों तथा छोटी नदियों जिन पर छोटे या बड़े सिंचाई के तालाब जलाशय निर्मित किये गए या किए जा रहे केज कल्चर के अतिरिक्त सभी प्रकार के मत्स्याखेट 16 जून से 15 अगस्त तक पूर्णतः निषिद्ध रहेंगे। इस नियमों का उल्लंघन करने पर एक वर्ष का कारावास अथवा 5 हजार रूपए का जुर्माना या दोनों हो सकता है।

भारतमाता प्रतिमा सौंदर्यीकरण के पास लगेगा हाईमास्ट लाईट

- सोलर हाईमास्ट लाईट: नपाध्यक्ष ऋषि शर्मा ने किया भूमिपूजन

कवर्धा । नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने गुरूवार को अंबेडकर चैक स्थित भारतमाता प्रतिमा सौंदर्यीकरण स्थल के पास 5 लाख रूपये की लागत से सोलर हाईमास्ट लाईट लगाये जाने हेतु भूमिपूजन किया।

नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने बताया कि केडा विभाग कबीरधाम के माध्यम से भारतमाता प्रतिमा स्थल के सोलर हाईमास्ट लाईट सयंत्र लगाये जाने के लिए भूमिपूजन किया गया है। उक्त लाईट सोलर हाईमास्ट सौर उर्जा से संचालित होगा। इस पर किसी प्रकार का बिजली व्यय नही होगा। नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने बताया कि क्रेडा विभाग को शहर के लगभग 20 चैक-चैराहों में सोलर हाईमास्ट लाईट लगाये जाने हेतु पत्र प्रेषित किया गया है ताकि शहर में पूर्ण रोशनी हो। जल्द ही शहर के अन्य स्थानों पर भी सोलर हाईमास्ट संयत्र की स्थापना की जावेगी। शहर के बहुत सारे चैक-चैराहें ऐसे है जहां पर अंधेरा रहता है उस अंधेरे को दूर करने हेतु नगर पालिका हर संभव प्रयास किया जा रहा है। इसी तरह लालपुर रोड़ तिराहा, समनापुर पुल के पास तिराहा एवं राजनांदगांव मार्ग ठाठ होटल के पास हाईमास्ट लाईट लगाये जाने का कार्य प्रगति पर है।

विधायक एवं कैबिनेट मंत्री मो.अकबर के निर्देशानुसार क्रेडा विभाग द्वारा कोरोना काल के विकट परिस्थितियों एवं लॉकडाउन अवधि में भी स्थापित सौर संयत्रों के संचालन संधारण का कार्य नियमित रूप से कराया जा रहा है क्वांरटाईन सेंटरों में स्थापित किये गये सोलर डुअल पंपो के माध्यम से प्रवासी मजदूरों हेतु पेयजल की उपलब्धता को सुनिश्चित कराया गया है। साथ ही सौर सुजला योजना के मायम से कोरोना काल में सौर पंपो की स्थापना भी कराया जा रहा है।

भूमिपूजन के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष के साथ उपाध्यक्ष जमील खान, सभापति प्रमोद लुनिया, नरेन्द्र देवांगन, भीखम कोसले, पार्षद सुनील साहू, पवन जायसवाल, लालाराम जायसवाल, सहायक अभियंता एम.एल.कुर्रे, केडा विभाग के अनिल बिंझवार उपस्थित थे।

विद्युत व्यय बचाने प्रयास

नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने बताया कि शहर के विभिन्न स्थानों पर सोलर हाईमास्ट लग जाने से निकाय का विद्युत खपत कम होगा। इस लाईट पर भारतमाता प्रतिमा सौंदर्यीकरण स्थल पर लगने वाले सोलर हाईमास्ट 5 लाख रूपये की लागत के साथ 900 वॉट क्षमता की होगी । इसी 9 मीटर उंचाई एवं लगभग 30-40 मीटर दूरी तक रौशनी का फैलाव होगा।

वन विभाग कवर्धा के द्वारा किया जाएगा निःशुल्क पौधे का वितरण

- नर्सरी में तैयार किए गए छायादार व फलदार पौधे
- विभाग करेगा मोबाईल नंबर जारी लोगो को घर पर निःशुल्क उपलब्ध होंगें पौधे

कवर्धा। वर्शा ऋतु में वृक्षारोपण को लेकर वन विभाग कवर्धा के द्वारा जोर शोर से तैयारियां की जा रही है। इसके साथ ही फलदार पौधे, छायादार पौधे का वितरण भी किया जाना है। शासन के अनुसार वृक्षारोपण को लेकर दिए गए गाइडलाइन के अनुसार वृक्षारोपण सहित वितरण भी किया जाना है। जिसे लेकर विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी है। वन विभाग कवर्धा के नर्सरी में अमरुद, कटहल, आम, जामुन, महुआ, बादाम, नींबू, बांस, आंवला, मुनगा, करंज, नीम, हर्रा, पपीता, सीताफल, बेल, गुलमोहर, पेलटाफॉर्म, सफेद शिरीष, केशिया, कचनार, अमलतास, अनार, अर्जुन, सागौन, बकैन, जंगल जलेबी, रामफल, कुल्लू, कुसुम, मुंडी, पीपल, शीशम, सिस्सू, इमली, बहेड़ा, आदि प्रजातियों के पौधे उपलब्ध हैं। तो इसके साथ ही आम लोगो को घर तक पहुंचाकर भी पौधे वितरण किए जाएंगे। वन विभाग कवर्धा से मिली जानकारी के अनुसार कबीरधाम में वृहद रूप से वृक्षारोपण, वर्षा ऋतु-2020 के अंतर्गत शासन की मंशा के अनुरूप इस वर्षा ऋतु में सभी योजनाओं में 991320 पौधों का वृक्षारोपण तथा निःशुल्क वितरण किया जाएगा. साथ ही बाड़ी योजना के अंतर्गत फलदार वृक्षों जैसे, आम, बेर, जामुन, बेल, सीताफल के 3000 किलोग्राम तथा सब्जियां जैसे, मुनगा, लौकी, बरबट्टी, भिंडी, बैंगन, आदि के 330 किलोग्राम बीज का वितरण संयुक्त वन प्रबंधन समितियां के सदस्य और उनके परिवारों को किया जाएगा। इस 9 लाख 91 हजार 320 पौधा के लक्ष्य में से वन क्षेत्र के अंदर 235840 वृक्षारोपण विभागीय योजनाओं अंतर्गत करवाया जाएगा। उसी प्रकार वन क्षेत्र के बाहर के क्षेत्र में 7295 पौधा का वृक्षारोपण किया जाएगा।

सकरी नदी के किनारे 10 हजार 375 लगाए जाएंगे पौधे

कवर्धा। कवर्धा के जीवनदायिनी सकरी नदी के किनारे करीब 10 हजार 375 पौधे रोपे जाएंगे। इसे लेकर कवर्धा विधायक व वनमंत्री मो. अकबर ने निर्देश दिए है।

दुर्ग वन वृत्त अंतर्गत कवर्धा वनमंडल में सकरी नदी के 10.45 हेक्टेयर रकबा में 10 हजार 375 पौधारोपण किया जाएगा। वैसे राज्य में वन विभाग नदी तट पौधरोपण कार्यक्रम के तहत चालू वर्श के दौरान विभिन्न नदियों के 946 हेक्टेयर रकबा में 10 लाख 39 हजार 524 पौधे लगाएगा। इसके लिए प्रधान मुख्य वन संरक्षक राकेश चतुर्वेदी को सभी तैयारी समय-सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए है। इसे तहत महानदी, कोटरी नदी, मेढ़की नदी, भापरा नदी, अरपा नदी, मनियारी नदी, आगर नदी, सकरी नदी, इंद्रावती नदी, नारंगी नदी, पैरी नदी, खारून नदी, रेहर नदी, और अटेम नदी के तटों पर पौधरोपण किया जाएगा। यहां पीपल, आम, आंवला, अर्जुन, बांस , शिशु, कहुआ, जामुन, नीम, करंज, महुआ, सीरस, अकेशिया तथा अन्य मिश्रित प्रजाति के पौधे लगाए जाएंगे।

आगजनी की घटना में गई युवती की जान

कवर्धा। पिपरिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव के एक युवती का आगजनी से मौत हो गया। पुलिस ने पंचनामा कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार घटना बुधवार सुबह 8 बजे की है। इंदौरी नहर पारा निवासी मृतक कक्षा दसवीं की छात्रा सरस्वती पिता परस साहू उम्र 18 वर्श घर में थी। माता-पिता सुबह खेतों में काम के लिए निकल गए थे। घर के बाहर उनके छोटे भाई-बहन खेल रहे थे। इसी दरमियान कमरे से धुंआ निकलता देखा गया। बच्चो ने शोर मचाते पडोस में अपने बडे पापा को बुलाने गए। कमरे मे जाकर देखा तो युवती आग से बुरी तरह झुलसकर मौत हो चुकी थी।

छात्राओं को किया गया साइकिल वितरण

कवर्धा। बुधवार को शासकीय हाई स्कूल कोयलारी विकासखंड कवर्धा में सरस्वती सायकल योजना के अन्तर्गत प्राप्त 12 नग सायकल स्थानीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से छात्रोंओ को निःशुल्क वितरण किया गया है जिसमें सरपंच शिव सिंह साहू, अध्यक्ष, शाला विकास एवं प्रबंधन समिति .ष्णा चन्द्राकर, प्रभारी प्राचार्य नरेश सिन्हा, शिक्षक योगेश चैरिया, सुनील कॉंसकार, सायकल प्रभारी श्रीमति सोनलता मरकाम, पंचगण एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे ।

भाजपा ने मंडलों में शुरू किया व्यक्तिगत संपर्क अभियान, सांसद संतोष पांडे ने ग्राम बेन्दरची में किया सम्पर्क

कवर्धा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के दूसरे कार्यकाल का प्रथम वर्ष पूर्ण होने पर मोदी सरकार की उपलब्धियों को लेकर भाजपा कार्यकर्ता घर-घर पहुंचेंगे। इसकी आगाज बुधवार को सांसद सहित भाजपा नेताओं ने मंडलों में जाकर व्यक्तिगत संपर्क अभियान की शुरुवात की।

इसी कड़ी में सांसद संतोष पांडेय ने भोरमदेव मंडल के ग्राम बेन्दरची में बैठक लेकर ग्रामवासियों से संपर्क किया, वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल सिंह सोशल डिस्टेंसिंग के साथ आयोजित बैठक में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए सांसद संतोष पांडे ने कहा कि मोदी जी के शासन का 6 वर्ष भारतीय लोकतंत्र का स्वर्णिम काल है। उन्होंने नया इतिहास रच दिया है और कार्यकर्ताओं को इन कार्यो को लेकर घर-घर तक जाना है। मोदी के नेतृत्व में जहां भाजपा की केंद्र सरकार ने आर्टिकल 370 व ट्रिपल तलाक जैसे दशकों से लंबित समस्याओं का समाधान किया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य प्राप्ति व स्थानीय उत्पाद के निर्माण व उपभोग को प्रोत्साहन देने के लिए मिशन के रूप में कार्य करने का संकल्प दिलवाया। अतः हम सब भी अपने स्तर पर संकल्पित हो की हम भविष्य में स्थानीय उत्पादों पर ही भरोशा कर उन्हें प्रोत्साहन देने का काम करेंगे। उस दौरान उन्होंने आस पास के क्वारेन्टीन सेंटर व वहाँ के व्यवस्थाओं का गम्भीरता से जायजा लिया व कार्यकर्ताओं को बाहर से आये मजदूरों का हर सम्भव मदद कर लोगों को कोरोना से बचने के लिए शोसल डिस्टेंसिंग का पालन करते रहने के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष गुलाब साहू के साथ प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहें ।

नेवारी धान उपार्जन केन्द्र में चबूतरा निर्माण के लिए किया भूमिपूजन

- मंत्री मो.अकबर एंव जिलाधीश का जताया आभार

कवर्धा। जनपद पंचायत कवर्धा क्षेत्र क्र. 23 के जनपद सदस्य

श्रीमती मीनाक्षी आसकरण धुर्वे द्वारा अपने जनपद क्षेत्र के ग्राम नेवारी में धान उपार्जन केन्द्र खोले जाने एवं चबूतरा निर्माण की स्वीकृति हेतु क्षेत्रीय कवर्धा विधायक एवं जिलाधीश को मांग पत्र सौंपा गया था। जिस पर मंत्री मो.अकबर द्वारा नेवारी में धान उपार्जन केन्द्र के लिए चबूतरा निर्माण की स्वीकृति प्रदान किया गया है। उक्त चबूतरा निर्माण का भूमिपूजन बुधवार को जनपद सदस्य श्रीमती मीनाक्षी आसकरण धुर्वे, सरपंच नंदराम पाटिल, पंचगण एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में विधि विधान से सम्पन्न किये। क्षेत्रीय जनपद सदस्य द्वारा मांग पत्र पर शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक राजनांदगांव कृशि शाखा प्रबंधक कवर्धा, के प्रति आभार जताया। ग्राम नेवारी में धान खरीदी प्रारंभ होने एवं चबूतरा निर्माण की स्वीकृति व भूमिपूजन से ग्रामीणों व कृशकों में हर्श व्याप्त है। उक्त जानकारी कुम्भकरण गोंड़ पूर्व जनपद सदस्य के द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई है।

भूमिपूजन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नंदराम पाटिल सरपंच, पंचगण शिवकुमार पाटिल, सेवाराम पात्रे, रामा पटेल, नोहरी पटेल, सुखराजी पटेल, सुखनंदन पटेल, रोहित मरकाम, व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

पोस्टिंग-प्रमोशन शिक्षा विभाग में पदोन्नति के 46 हजार पद है रिक्त

पदों की पूर्ति हेतु सेल्फी फॉर पदोन्नति - क्रमोन्नति अभियान की शुरुवात

कवर्धा। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने कहा कि ग्रीष्मावकाश में भी पढ़ई तुंहर दुआर के तहत वर्चुवल क्लास लेने के लिए शासन की योजना को सम्पूर्णता प्रदान करने में लगे शिक्षकों की सेवा सुविधा पर विभाग मौन है. शिक्षा विभाग में पूरे समर्पण से सेवा देने वाले शिक्षक संवर्ग की पदोन्नति व क्रमोन्नति के विषय मे कैलेंडर बनाकर लाभ प्रदान करने की जिम्मेदारी विभाग की है. शिक्षक संवर्ग लगातार पदोन्नति व क्रमोन्नति की मांग कर रहे है, किन्तु

विभागीय नियम, निर्देश व प्रक्रिया से शिक्षक इस लाभ से वंचित हैं. प्रदेश शासन के अन्य विभागों में पदोन्नति की प्रक्रिया जारी है, शिक्षा विभाग में पदोन्नति के लिए ग्रीष्मावकाश ही सबसे उपयुक्त समय होता है. शिक्षा विभाग में लगभग 46 हजार पद रिक्त है, जिसमें प्राथमिक शाला प्रधान पाठक के 22 हजार, मिडिल स्कूल प्रधान पाठक के 6 हजार, व्याख्याता के 10 हजार एवं शिक्षक के 08 हजार पद पदोन्नति हेतु रिक्त है. साथ ही प्राचार्य के पद की गणना शेष है. इसमें सबसे बड़ी बात यह है कि 22 हजार प्राथमिक शाला में प्रधान पाठक का पद 14 वर्ष से रिक्त है।

जिले में प्रधान पाठक के 1302 पद रिक्त

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि जिले के 973 शा. प्राथमिक शाला में से केवल 125 में ही प्रधान पाठक कार्यरत हैं अर्थात 884 प्राथमिक शालाओं में प्रधान पाठक के पद रिक्त हैं. इसी प्रकार 485 शा. पूर्व माध्यमिक शाला में से 329 में प्रधान पाठक के पद रिक्त हैं. इस प्रकार जिले के प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला को मिलाकर कुल 1302 प्रधान पाठक के पद रिक्त हैं. इसमें से अधिकांश शालाओं में एल. बी. संवर्ग के शिक्षक व सहायक शिक्षक ही अपने मूल कर्तव्य के साथ प्रधान पाठक के अतिरिक्त दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं।

दस साल पहले विज्ञापन के बाद भी भर्ती नहीं हो सका

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि आज से दस साल पहले 21 अक्टूबर 2010 को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय ने जिले के शा. प्राथमिक शाला में प्रधान पाठक के 726 पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया था, जिसमें राजस्व जिला कबीरधाम में कार्यरत सात वर्ष की अनुभव वाले शिक्षाकर्मी ही पात्र थे, लेकिन तत्कालीन जिला शिक्षा अधिकारी की शिथिलता व लापरवाही के चलते भर्ती नहीं हो सका था. यदि भर्ती पूर्ण कर लिया गया होता तो 726 शिक्षा कर्मियों को उसी समय शासकीयकरण का लाभ मिल गया होता. ज्ञातव्य हो कि उसी समय बलौदाबाजार व रायगढ़ जिले में प्रधान पाठक के पदों पर शिक्षाकर्मियों की भर्ती पूर्ण कर लिया गया था, जो आज भी कार्यरत हैं।

होम क्वारंटाइन में रहने वाले व्यक्ति को मेकाहारा भेजा गया

खरोरा। नगर से लगा ग्राम पंचायत केसला निवासी बिलासपुर से लौटा एक होटल में काम करने वाला मजदूर जोकि होम क्वारंटाइन था उसकी टुनाट रिपोर्ट(एगले व नाक का सैंपल) लिया गया था उसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई जिस पर एतिहाद के तौर पर शासन के निर्देशानुसार ग्राम केसला में रहने वाले उक्त मजदूर को मेकाहारा रायपुर में भर्ती किया गया रात को एंबुलेंस के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग के अमले ने उसे उसके घर से मेकाहारा रायपुर शिफ्ट कर दिया एम्स में एक जाच सीपीआर एम किया जाता है उसके पश्चात थी किसी व्यक्ति के करो ना पॉजिटिव यह नेगेटिव होने की स्पष्ट जानकारी प्राप्त होगी इस संबंध में आशीष सिन्हा बीएमओ तिलदा ने बताया की अभी उस व्यक्ति को एतिहाद के तौर पर मेकाहारा में शिफ्ट किया गया है एम्स द्वारा रिपोर्ट पुष्टि किए जाने के पश्चात स्थिति स्पष्ट हो पाएगी कि वह व्यक्ति करो ना पॉजिटिव है या नेगेटिव कल शाम तक उस व्यक्ति की रिपोर्ट आनी है

पेंशन कर्मचारी संघ ने सीएम के नाम ज्ञापन सुशिल को सौंपा

भाटापारा। छत्तीसगढ़ अंशदायी पेंशन कर्मचारी संघ ने अपनी पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने की माँग को लेकर आज कांग्रेस भवन में प्रदेश कांग्रेस सचिव सुशील शर्मा को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नाम का ज्ञापन दिया.इस अवसर पर संघ के पदाधिकारी लेखराम साहू,रमेश नेगी,महेंद्र साहू उपस्तिथ थे।सुशील शर्मा ने कर्मचारियों को आश्वासन देते कहा कि धैर्य रखें समय के साथ ही साथ सभी समस्याओं का निराकरण प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी करेंगे,अभी तो हमे कोरोना वायरस से लड़ना है और जितना है क्योंकि हमारी सरकार अभी सबसे पहली प्राथमिकता जनता जनार्दन की जान माल की रक्छा करने को दे रही है, आप सभी इस समय भूपेश बघेल जी का साथ देकर छत्तीसगढ़ से कोरोनो को भगाने के लिये आगे आकर मुख्यमंत्री सहायता कोष में अधिक से अधिक धनराशि प्रदान करें।

इम्युनिटी बढ़ाने डॉक्टर ने पुलिस वालों को दी दवा

भाटापारा । नगर के प्रसिद्ध होम्योपैथिक चिकित्सक डॉक्टर दीपेश सोलंकी ने इम्युनिटी बढ़ाने के लिए कोरोना वारियर्स को निशुल्क होम्योपैथिक की दवा प्रदान की है डॉक्टर दीपेश सोलंकी ने बताया कि यह दवा बहुत ही कारगर है और इसे ज्यादा से ज्यादा लोगों को लेना चाहिए और इसका कोई भी साइड इफेक्ट नहीं है होम्योपैथिक चिकित्सक डॉक्टर दीपेश सोलंकी ने स्व प्रेरित होकर भाटापारा नगर के सभी पुलिस वालों के लिए दवा बनाकर नगर निरीक्षक महेश कुमार ध्रुव को प्रदान की है इसके लिए नगर निरीक्षक महेश कुमार ध्रुव ने डॉक्टर सोलंकी का धन्यवाद वआभार व्यक्त किया है।

अकलतरा रेल फाटक 3 दिन रहेगा बन्द

भाटापारा। भाटापारा निपनिया रेलवे स्टेशन के मध्य अकलतरा समपार फाटक क्रमांक 380 (कि. मी. 755/3-5) निपनिया ङ्क भाटापारा खंड, के अप लाईन में स्थित है. उक्त फाटक पर रेलवे ट्रैक की मरम्मत का कार्य दिनांक 13.06.2020 को सुबह 08:00 बजे से दिनांक 15.06.2020 को शाम 18:00 बजे तक कार्य किया जायेगा जिसके फलस्वरूप उक्त फाटक 3 दिन उस अवधि में बंद रहेगा समपार फाटक की मरम्मत करना रेल यातायात व यात्रियों की संरक्षा की दृष्टि से अति आवश्यक हैं । रेल प्रसाशन ने नागरिको से आग्रह किया है कि प्रशासन के इस कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें ।

केंद्र सरकार को लिखा हर पत्र प्रेस को जारी कर मुख्यमंत्री चिट्ठियों के राजनीतिकरण की पैंतरेबाजी में मशगूल : भाजपा

भाटापारा। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता व विधायक शिवरतन शर्मा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की 'लैटर पॉलिटिक्स' पर तीखा कटाक्ष कर कहा है कि मुख्यमंत्री बघेल हर बार

केंद्र सरकार को पत्र लिखकर उसे प्रेस को जारी करके अपनी चिठ्ठियों का राजनीतिकरण करने की पैंतरेबाजी करने लगे हैं। श्री शर्मा ने पूछा कि आख़िर मुख्यमंत्री हर मुद्दे पर केंद्र सरकार को चिठ्ठी लिखकर अपनी ज़िम्मेदारियों से पल्ला झाड़ने और नाकामियों से मुँह चुराकर लोगों का ध्यान भटकाने की इस पैंतरेबाजी से कब बाज आएंगे? उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को वो पत्र भी जारी करना चाहिए जिसके बाद चिकित्सा मंत्री को विभागीय बैठक के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग करने से रोका गया और मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के लिए पहले अनुमति लेने संबंधित ऑर्डर जारी किया । भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व विधायक भाटापारा श्री शर्मा ने कहा कि बड़ी-बड़ी डींगें हाँकने और झूठी वाहवाही बटोरने वाले प्रदेश के मुख्यमंत्री और उनकी सरकार का ज़मीनी सच यही है कि प्रदेश सरकार हर मोर्चे पर बुरी तरह विफल सिद्ध हो चुकी है। अपने हर वादे से मुकरने की फ़ितरत वाली प्रदेश सरकार ने प्रदेश के हर वर्ग के लोगों के साथ सिवाय छलावे व दग़ाबाजी के और कोई काम नहीं किया है और अब अपनी सरकार के प्रति लोगों का मोहभंग होते देखकर वे नित-नई सियासी नौटंकियों और पैंतरेबाजी से लोगों का ध्यान भटकाने की नाकाम कोशिशें कर रहे हैं। श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश में रोज़गार का संकट अपने विस्फोटक होता जा रहा है, कोरोना संक्रमण रोज़ बढ़ते आँकड़ों के साथ प्रदेश को दहशत में जीने के लिए मज़बूर कर रहा है, प्रदेश को कंगाली के मुहाने पर खड़ा करने वाली यह प्रदेश सरकार अब लोन लेने के लिए निर्धारित मापदंडों में ढील चाहकर उधार की सीमा बढ़वाने की जुगत भिड़ा रही है।

संकरी सोसायटी में फर्जी नियुक्ति प्रक्रिया : रिकॉर्ड की हुई जांच

- **उपपंजीयक से आयी थी रिकॉर्ड जांच अधिकारी**
- **बिना सूचना दिए आयी रिकॉर्ड जाँच अधिकारी ,स्वयं सोसायटी अध्यक्ष के साथ बैठकर रिकॉर्ड की जांच करा रहे थे।**

खरोरा। जनपद पंचायत आरंग के ग्राम पंचायत संकरी के सहकारी समिति में हुए गोपनीयता से फ़र्ज़ी नियुक्ति पर आमजनों में आक्रोश देखने को मिल रहा है , ग्राम पंचायत एवं क्षेत्रीय युवाओ के शिकायत पत्र से ज्ञात हुआ की हायर सेकेंडरी में 40 प्रतिशत से भी कम प्राप्त किये एक युवक जिनको अच्छे से किसी स्तर की जानकारी भी नही है , इसके आलावा एक और युवक जो 10 की कक्षा भी गंभीरता से पास किये है ऐसे योग्यता विहीन तीन युवकों को पैसो की लालच में आकर समिती के अध्यक्ष मोहन लाल साहू द्वारा गोपनीयता से फ़र्ज़ी नियुक्ति प्रक्रिया चलानी पढ़ी । ऐसे में बेरोजगार युवाओं के सामने एक प्रश्न खड़ा होता है पढ़ाई से क्या मतलब जब सब काम भ्रष्टाचार से हो रहा हो।।

विदित हो कि क्षेत्र.ऐसे भी स्थानीय युवक है जिनका 70-80 प्रतिशत से भी ऊपर है ।

हैरान कर देने वाले मुख्य बात ये है कि , सोसायटी अध्यक्ष मोहन साहू गोपनीयता से भर्ती प्रक्रिया क्यो किये , क्षेत्र में पढ़े लिखे युवाओ के रहते योग्यता विहीन युवकों नोकरी में क्यो रखा गया इससे साफ जाहिर होता है कि कही ना कही इस प्रक्रिया में स्वार्थ छुपा हुआ है , बैंक व्यवस्थापक से मीडिया कर्मियों ने जब पूछताछ की तब अशोक साहू ने इस मामले को लेकर कुछ ज्ञात नही बोले। जबकि समिती के संचालन कर्ता को इसकी जानकारी होनी चाहिए थी ।

दुसरी हैरान करने वाली बात यह कि वरिष्ठ निरक्षक अधिकारी बिना स्थानीय लोगो को इसकी सूचना दिए सोसायटी अध्यक्ष जो स्वयं इस मामले के गुनहगार है ,दोनों साथ बैठकर रिकॉर्ड जांच की गुत्थी सुलझा रहे थे , आम जनता ने इसका विरोध किया और निष्पक्ष निर्णय करने की अपील की ।

मीडिया कर्मियों ने इस मामले को लेकर नियुक्त हुए नरेंद्र कुमार धीवर से बात की लेकिन जवाब एक दुसरे का अलग रहा तब युवाओ ने प्रश्न खड़ा किया बिना किसी प्रमाण के किस तरीक़े से नोकरी कर रहे हो,

वही पुर्व बैंक व्यवस्थापक राधेलाल साहू जिनका कोई भी किसी प्रकार के ग़लती ना होते हुए भी उनको लोभ वश व्यवस्थापक के पद से हटा दिया गया । इसकी नियुक्ति कर वर्तमान व्यवस्थापक अशोक साहू को बनाया गया ।

उचित न्याय एवं संबधित लोगो के ऊपर करवाई करने की मांग करते हुए युवा नेता मनीष देवांगन कांग्रेस आरंग विधानसभा,

> गोपनीयता से हुए इस फ़र्ज़ी प्रक्रिया की निष्पक्ष जनता के सम्मुख 18 तारिक को जांच की जायेगी ,जांच पश्चात सही निर्णय लेकर संबंधित लोगो के ऊपर कढ़ी करवाई की जायेगी ।
>
> **डी.डी विश्वास,** वरिष्ठ सहकारी निरक्षक अधिकारी
>
> बिना किसी जानकरी या सूचना दिए अधिकारियों का इस तरह से आना उचित नही है वो भी सोसायटी अध्यक्ष.के समक्ष कारवाही रजिस्टर देखना जांच की इस तरह प्रक्रिया अनुचित है, निर्णय निष्पक्ष हो जनता के सम्मुख हो।
>
> **नारायण प्रसाद साहू,** सरपंच ग्राम पंचायत संकरी

अर्जुन देवांगन, बृजेश देवान अमसेना युवा नेता आरंग ,सुनील साहू , भजन धीवर, नारायन प्रासाद साहू सरपंच ग्राम पंचायत संकरी , शेखर साहू जनपद सदस्य आरंग, दीपक वर्मा चोरभट्ठी, सतीश साहू, राजा धीवर, योगेंद्र देवांगन, हीरा साहू पिरदा, मदन देवांगन, बल्लारी यादव पंच, मधु साहू पंच, के साथ सोनु कुमार साहू समेत स्थानीय युवाओ द्वारा इसका विरोध करते हुए उचित न्याय एवं कढ़ी करवाई की मांग की है ।

कंटेनमेंट जोन में ड्यूटी कर रहे दो स्वास्थ्य कर्मचारी कोरोना पॉजिटिव

साजा से बेमेतरा स्वास्थ्य विभाग में मचा हड़कंप

किया गया पुरा साजा सील, तीनों मुख्य मार्गों में लगाया गया बेरिकेट

बेमेतरा/साजा। बेमेतरा जिले के साजा में बुधवार की शाम कोरोना को लेकर बुरी खबर आने से साजा ब्लाक सहित पूरा जिला सदमें में आ गया। जिले के साजा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के दो स्वास्थ्य कर्मचारीयों की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई, जो कि कंटेनमेंट जोन अमलीडीह में ड्यूटी कर रहे थे।

जानकारी के अनुसार दोनों कोरोना संक्रमित स्वास्थ्य कर्मचारी कंटेनमेंट जोन अमलीडीह में ड्यूटी कर रहे थे। इसे लेकर एक बार फिर से पूरे जिले के स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। संक्रमित दोनों स्वास्थ्य कर्मी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र साजा के अंतर्गत के हैं उनमें से एक साजा कार्यालय में, वहीं दूसरा धौराभाठा में पदस्थ हैं। बीएमओ एके वर्मा ने इस मामले की पुष्टि की। ज्ञात हो कि बेमेतरा जिले में इससे पहले भी 8 जून को नवागढ़ ब्लाक के 2 स्वास्थ्य कर्मचारी भी कोरोना संक्रमित हो चुके हैं।

साजा में कोरोना पोजिटिव रिपोर्ट आने के बाद पूरा जिला प्रशासन अलर्ट व सतर्क हो गया। बुधवार शाम को ही तत्काल कंटेनमेंट जोन घोषित कर साजा व धौराभाठा को सील करने का आदेश जारी किया गया। वहीं गुरुवार को सुबह से नगर पंचायत द्वारा अलाउंसमेंट कर व्यापारिक प्रतिस्ठानो को बंद रखा जाना कहा गया। उसके बाद नगर के चारों मुख्य मार्गो साजा से मोहगांव देवकर, साजा से कोदवा बेरला, साजा से घोटवानी कजरा, साजा से थान खम्हरिया गंडई को बेरिकेट लगा कर सील कर दिया गया।

लोडिंग संयंत्रों में भंडारण लाइसेंस को लेकर एनएमडीसी ने रखा अपना पक्ष

हैदराबाद/नवप्रदेश। मीडिया के कुछ वर्गों में यह रिपोर्ट किया गया है छत्तीसगढ़ सरकार ने गुरुवार को एनएमडीसी को दंतेवाड़ा जिले में उसकी बैलाडीला खानों में लौह अयस्क के भण्डारण, लोडिंग की मनाही कर दी है। हालांकि इस संबंध में राज्य सरकार से कोई लिखित सूचना प्राप्त नहीं हुई है, तथापि यह रिपोर्ट किया गया है कि एनएमडीसी ने अपने लोडिंग संयंत्रों के लिए भण्डारण का लाइसेंस नहीं लिया है। इसे स्पष्ट करने के लिए,एनएमडीसी निम्नांकित तथ्य सामने लाना चाहता है:

-एनएमडीसी के लोडिंग संयंत्र एनएमडीसी द्वारा अधिग्रहीत भूमि पर उसके खनन कॉम्प्लेक्सों के अंदर स्थित हैं।

-वर्ष 2013 के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य सरकार ने छत्तीसगढ खनिज (खनन, परिवहन तथा भंडारण) नियम 2009 के प्रावधानों के अनुसार एनएमडीसी के खनन कॉम्प्लेक्सों में लोडिंग संयंत्रों के लिए भंडारण शुल्क लगाते हुए मांग नोटिस जारी किया था।

-राज्य सरकार द्वारा जारी मांग नोटिस के आधार पर एनएमडीसी ने मांग राशि का भुगतान कर दिया था तथा बाद में एनएमडीसी ने मांग नोटिस को चुनौती देते हुए माननीय उच्च न्यायालय, बिलासपुर में रिट याचिका दायर की थी।

-दोनो पक्षों की सुनवायी के पश्चात, माननीय उच्च न्यायालय ने यह निर्णय दिया कि भंडारण शुल्क लगाने के संबंध में छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा जारी नोटिस उसके अधिकार क्षेत्र में नहीं है तथा राज्य सरकार को निर्देश दिया कि एनएमडीसी से ली गयी भंडारण लाइसेंस फीस उसे वापस कर दे।

-उपर्युक्त आदेश के अनुपालन में राज्य सरकार ने एनएमडीसी द्वारा जमा की गयी राशि का समायोजन भुगतान की जाने वाली रॉयल्टी राशि से कर दिया था।

-बाद में, राज्य सरकार ने माननीय उच्च न्यायालय के आदेश पर पुनरीक्षण याचिका दायर की तथा इस समय मामला न्यायाधीन है।

> **राज्य सरकार के समक्ष प्रस्तुत होगी कानूनी स्थिति**
>
> **एनएमडीसी मामले के सौहार्दपूर्ण समाधान के लिए राज्य सरकार के समक्ष सभी संबंधित तथ्य तथा कानूनी स्थिति प्रस्तुत करेगा। एनएमडीसी का छत्तीसगढ की जनता के साथ 60 वर्ष से अधिक का दीर्घ जुड़ाव है तथा वह राज्य एवं इसकी जनता की आगामी वर्षों में भी सेवा करने के लिए वचनबद्ध है। एनएमडीसी अपने खनन कार्यों को विधिपूर्वक कर रहा है तथा सभी लागू कानूनी प्रावधानों का पूर्ण रूप से पालन करने के लिए प्रतिबद्ध है।**

बंद राइस मिल में बन रहा था पान मसाला

- **50 लाख का पान मसाला जब्त**
- **8 लाख 75 हजार पैक पाउच और 20 बोरी रॉ मटेरियल जप्त**

भाटापारा। खाद्य एवं औषधि प्रशासन को आज दोपहर एक बड़ी सफलता मिली। काफी दिनों से मिल रही शिकायतों के आधार पर तिल्दा से लगभग 2 किलोमीटर दूर ग्राम सिनोधा की बंद दंतेश्वरी राइस मिल में छापा मारा। जांच में पान मसाला बनाने वाला एक अवैध कारखाना पकड़ा गया। यहां से टीम ने लगभग 50 लाख रुपए का पान मसाला जप्त किया है। अवैध कारखाना संचालक से पूछताछ की जा रही है। लॉकडाउन के दिनों में प्रतिबंधित तंबाकू और जर्दा युक्त गुटखा के साथ पान मसाला की अवैध पहुंच और बिक्री की खबर खाद्य एवं औषधि प्रशासन तक पहुंच रही थी। ऊंची कीमत पर बेची जा रही इन प्रतिबंधित सामग्रियों की बिक्री के खुलासे और कार्रवाई के बाद इस कारोबार ने ठिकाना बदल कर तिल्दा को नया ठिकाना बना लिया था। इस आधार पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन की राजधानी की टीम ने खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के साथ ग्राम सिनोधा की इस बंद दंतेश्वरी राइस मिल में छापा मारा जिसमें आठ लाख 75 हजार पैक्ड पाउच पान मसाला और 20 बोरी रॉ मटेरियल जप्त की गई है। इन सामग्रियों की अनुमानित कीमत 50 लाख रुपए आंकी जा रही है।

हो सकता है जर्दा युक्त गुटखा

टीम ने जो 8 लाख भरे हुए पाउच और 20 बोरी रॉ मैटेरियल जप्त की है उन दोनों के अलग-अलग सैंपल लिए गए हैं क्योंकि प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि यह जर्दा युक्त गुटखा हो सकते हैं। यदि लैब रिपोर्ट में यह प्रमाणित हो जाता है तो जर्दा युक्त गुटखा बनाने की इस इलाके में बड़ी कार्रवाई मानी जाएगी। फिलहाल यह जांच के बाद खुलासा हो सकेगा लेकिन आज मिली कामयाबी से टीम के सदस्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी सिद्धार्थ पांडे, साधना और उमेश वर्मा के साथ नमूना सहायक राजेश सोनी अच्छे उत्साहित है।

> नियंत्रक नीलेश क्षीरसागर के निर्देश मैं बनी टीम ने तिल्दा के ग्राम सिनोधा की बंद दंतेश्वरी राइस मिल में छापा मारकर लगभग 50 लाख का पान मसाला जप्त किया गया है। प्रारंभिक जांच में जर्दा युक्त गुटखा होने की आशंका है लिहाजा पूरी मिल सीज कर दी गई है और रॉ मैटेरियल सहित भरे हुए पाउच जब्त कर लिए गए हैं।
>
> **- डॉक्टर आर के शुक्ला,** असिस्टेंट कमिश्नर खाद्य एवं औषधि प्रशासन रायपुर

विवाह के लिए मिलने लगी अनुमति

भाटापारा । छत्तीसगढ़ में अक्ति त्योहार के समय शादियों का बड़ा सीजन होता है और काफी बड़ी तादाद में इस दिन लोग शादी करते हैं किंतु देश में आई करो ना महामारी के चलते पूरे देश में जो लॉकडाउन की स्थिति उत्पन्न हो गई थी उसके चलते विवाह आदि बंद थे किंतु अब लोग शादी विवाह की ओर पूरी तरीके से ध्यान दे रहे हैं और शादी विवाह की तैयारियों में जुट गए हैं वर्तमान में तहसीलदार को शादी विवाह के लिए परमिशन देने का अधिकार दे दिया गया जिसके चलते तहसील कार्यालय में सैकड़ों की संख्या में आवेदन लंबित हो गए थे किंतु गुरुवार को लगभग सभी पुराने आवेदनों को सशर्त मंजूरी तहसीलदार प्रवीण तिवारी के द्वारा दे दी गई है।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

सप्ताह के सातों दिन...

दिए गए अधिकारों के बीच कलेक्टर से मिली छूट, फिर दो दिन शनिवार-रविवार बंद की जानकारी कारोबारियों को थी। इसके बाद अचानक शनिवार को भी छूट देकर सप्ताह में 6 दिन कारोबार खोलने रविवार 1 दिन बंद रखने का फरमान जारी हुआ। इसका प्रतिपालन भी हुआ पर अब पुनः सप्ताह में एक भी दिन बंद रखने के संबंध में कोई आदेश नहीं आया और पुराने आदेश को रद्द करने की कोई औपचारिक घोषणा नहीं होने से दुकानदार, व्यापारी, कारोबारी समेत फुटकर व्यवसायी भी पशोपेश में हैं।

बस्तर में शाम 6 बजे तक...

अपर कलेक्टर अरविंद एक्का, आयुक्त नगर निगम प्रेम पटेल एवं चेम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधिमंडल उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिले में हाट बाजार निर्धारित तिथियों में नियमित रूप से खुली रहेगी।

मानसून ने प्रदेश में दी...

केरल पहुंचने के बाद यह 8 से 10 दिन में बस्तर पहुंच जाता है (यानी 8 जून से 10 जून के बीच)। केरल में मानसून पहुंचने की तारीख 1 जून है और इस बार यह समय पर यानी 1 जून को केरल पहुंचा भी। इस लिहाज से इसे 8 से 10 जूनक को बस्तर पहुंच जाना चाहिए था। लेकिन इसमें सामान्य तिथि की तुलना में एक दिन की देरी हुई है।

अगले 48 घंटे ऐसी होगी मानसून की चाल

अगले 48 घंटे में मानसून मध्य अरब सागर के कुछ और भाग, महाराष्ट्र, तेलंगाना के शेष भाग, पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी और उत्तर बंगाल की खाड़ी, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, पूरा सिक्किम, ओडिशा के कुछ और भाग, पश्चिम बंगाल के कुछ भाग तक पहुंचने की संभावना है।

परदेशी कोमल सिद्धार्थ...

गया है। नीलम नामदेव, प्रबंध संचालक, छग राज्य हथकरघा विकास एवं विपणन संघ मर्यादित, रायपुर को अस्थायी रूप से आगामी ओदश तक सचिव, आवास एवं पर्यावरण विभाग के पद पर पदस्थ किया गया है। एलेक्स व्ही.एफ. पॉल मेनन व्ही, विशेष सचिव, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग तथा अतिरिक्त प्रभार, प्रबंध संचालक, छग स्टेट वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन, रायपुर को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ श्रमायुक्त छत्तीसगढ़ का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

भुवनेश यादव को भू अभिलेख का अतिरिक्त जिम्मा

भुवनेश यादव, विशेष सचिव, ग्रामोद्योग को वर्तमान कर्तव्यों के साथ संचालक, भू अभिलेख का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। सुश्री शम्मी आबिदी, संचालक आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास को वर्तमान कर्तव्यों के साथ प्रबंध संचालक, अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम एवं संचालक, आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षया संस्थान, रायपुर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। राजेश सिंह राणा, सदस्य सचिव, राज्य योजना आयोग को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ प्रबंध संचालक, छग राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणन संघ मर्यादित, रायपुर एवं प्रबंध संचालक, छग खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

दुग्गा को बनाया संयुक्त सचिव, कृषि

नरेंद्र कुमार दुग्गा, प्रबंध संचालक, छग राज्य दुग्ध महासंघ मर्यादित को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यंत संयुक्त सचिव कृषि विभाग के पद पर भेजा गया है। केडी कुंजाम, संयुक्त सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग तथा अतिरिक्त प्रभार संयुक्त सचिव राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग को वर्तमान कर्तव्यों के साथ नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। नीलेश कुमार महादेश क्षीरसागर, नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन तथा अतिरिक्त प्रभार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, राज्य कौशल विकास अभिकरण, रायपुर को संचालक कृषि के पद पदस्थ किया गया है। साथ ही उन्हें मिशन संचालक, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, रायपुर का अतिरिक्त जिम्मा भी सौंपा गया है। भोसकर विलास संदिपान, संयुक्त सचिव, वनविभाग तथा अतिरिक्त प्रभार, संयुक्त सचिव, आवास,एवं पर्यावरण विभाग, एवं विशेष कर्तव्यवस्थ अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग को उनके वर्तमान कर्तव्य के साथ प्रबंध संचालक, छग राज्य सड़क विकास निगम, रायपुर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। जितेंद्र कुमार शुक्ला, संचालक, लोक शिक्षण तथा अतिरिक्त प्रभार मिशन संचालक, राज्य साक्षरता मिशन, प्रबंध संचालक समग्र शिक्ष तथा संचालक, राज्य शैक्षिक एवं अनुसंधान परिषद को केवल मिशन संचालक, राज्य साक्षरता मिशन तथा संचालक, राज्य शैक्षिक एवं अनुसंधान परिषद के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त करते हुए संचालक, नगर एवं ग्राम निवेश का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। शेष प्रभार यथावत रहेगा। डी राहुल वेंकट, उप सचिव खनिज साधन विभाग तथा अतिरिक्त प्रभार मिशन संचालक, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, रायपुर तथा विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को केवल मिशन संचालक, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, रायपुर के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त करते हुए मिशन संचालक, राज्य साक्षरता मिशन तथा संचालक, राज्य शैक्षिक एवं अनुसंधान परिषद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। शेष प्रभार यथावत रहेगा।

सीएम ने प्रशिक्षु...

वनांचल में रहने वाले ग्रामीण आदिवासी परिवारों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए नवाचारी पहल करें। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुब्रत साहू, उप वन संरक्षक पंकज राजपूत और प्रशिक्षु अधिकारियों में आलोक कुमार वाजपेयी, शशि कुमार, तेजस शेखर तथा दिनेश कुमार पटेल उपस्थित थे।

10वीं-12वीं का परीक्षा...

का काम युद्ध स्तर पर जारी है। टेबलिंग का काम इस सप्ताह पूरा होने की उम्मीद जताई गई है। इसके पश्चात माशिमं परीक्षा परिणाम जारी कर देगा। सूत्रों ने बताया कि इस बार 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम कोविड-19 के चलते प्रभावित हुआ है, ऐसे में यह कहना भी गलत नहीं होगा कि माशिमं इस बार अधिकांश विद्यार्थियों को फेल नहीं करेगा और अधिकांश परीक्षार्थियों को पास कर दिया जाएगा।

केंद्र-महाष्ट्र को नोटिस...

की संयुक्त सुनवाई करते हुए केंद्र, राज्य सरकार एवं अन्य पक्षकारों को भी नोटिस जारी किये। खंडपीठ ने सभी पक्षकारों को नोटिस के जवाब के लिए दो सप्ताह का समय दिया है। न्यायालय ने हालांकि मामले की अगली सुनवाई के लिए जुलाई के दूसरे सप्ताह की तारीख मुकर्रर की है। गौरतलब है कि 20 जून से पांच जुलाई तक ग्रीष्मावकाश है।

महंत श्रद्धानंद सरस्वती ने...

सीबीआई या एनआईए जांच कराये जाने के निर्देश दिये जायें। याचिका में कहा गया है कि इस हत्या के मामले में पुलिस की भूमिका संदिग्ध है, इसलिए मामले की जांच महाराष्ट्र पुलिस सही से करेगी यह संदेह है, इसलिए सीबीआई को इसकी जांच सौंपी जाए।

भारत में अभी कोरोना का...

दर्शाता है कि कोरोना वायरस को नियंत्रित करने में लॉकडाउन और संक्रमण को काबू करने के लिए उठाए गए कदम सफल रहे।

21 किलो हेरोइन के साथ...

चक्रवर्ती के मुताबिक, पुलिस ने गुरुवार को यहां पर लश्कर के तीन आतंकियों को गिरफ्तार किया है। ये सभी पाकिस्तान के संपर्क में थे और इसके पास से 1.34 करोड़ रुपये भी मिले हैं। पकड़े गए लोगों के पास से 21 किलोग्राम हेरोइन जब्त की गई है और पुलिस ये पता लगाने में जुटी है कि इसे कहां ले जाया जा रहा था।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

गिटार सीख रहीं है अनन्या पांडे

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे इन दिनों गिटार सीख रही हैं।

अनन्या पेंटिंग के शौक को पूरा करने के साथ-साथ कुछ नई चीजें भी सीख रही हैं। अनन्या ने इंस्टाग्राम लाइव पर बताया कि उन्हें हमेशा से गिटार बजाने का बहुत शौक था, लेकिन काम की व्यस्तता के कारण वह गिटार सीखने में वक्त नहीं दे पाती थी। लॉकडाउन में उन्हें भरपूर समय मिला और इसका इस्तेमाल गिटार सीखने में कर रही हैं। इस काम में वह अपनी मम्मी की भी मदद ले रही हैं। इसके अलावा अनन्या घर बैठे ऑनलाइन बेली डांस भी सीख रही हैं। उन्होंने बताया कि सिनेमा में काम करना उनका बचपन का सपना था। यदि वह एक अभिनेता की बेटी न होतीं, फिर भी उनके दिल में सिनेमा के लिए प्यार उतना ही रहता, जितना आज है। वह खुद को सौभाग्यशाली मानती हैं कि उन्हें घर में पापा चंकी पांडे के साथ सिनेमा का माहौल मिला और सिनेमा में उनकी शुरुआत एक व्यवस्थित तरीके से हुई। आगामी दिनों में अनन्या ईशान खट्टर के साथ फिल्म खाली पीली में नजर आएंगी।

रणदीप हुड्डा की पारले से की खास अपील

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता रणदीप हुड्डा ने पारले से खास अपील की है। कोरोना वायरस के कारण हुए लॉकडाउन के बीच तमाम बिजनस नुकसान झेल रहे हैं। हालांकि, इस दौरान पारले-जी बिस्?किट की बिक्री इतनी ज्यादा हुई है कि पिछले 82 वर्षों का रिकॉर्ड टूट गया है। इस वजह से पारले-जी एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है और अब रणदीप हुड्डा ने पारले-जी से खास अपील की है।

रणदीप ने ट्वीट किया, ÷मेरा पूरा करियर और थिअटर्स के दिन पारले-जी और चाय से जुड़े रहे हैं। क्या आप सोच सकते हैं कि अगर सिर्फ पारले-जी अपनी पैंकिग को वैकल्पिक बायोडिग्रेडेबल मटीरियल में बदल दे तो कितनी मात्रा में सिंगल यूज प्लास्टिक कचरे के इस्तेमाल में कमी आ सकती है। अब बिक्री भी बेहतर है तो कल को बेहतर बनाने में योगदान कर सकते हैं। गौरतलब है कि रणदीप प्रकृति प्रेमी हैं और वह अक?सर इससे जुड़े फोटोज और वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करते रहते हैं। इससे पहले भी सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक लगाने की मांग होती रही है। कुछ समय पहले सरकार ने सिंगल प्लास्टिक के खिलाफकैंपेन शुरू किया था। इसका मकसद देश को सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्त करना है।

हौसला बुलंद है..

कोरोना गीत में अभिनेता भोजराज पटेल की बेहतरीन जुगलबंदी

रायपुर (नव प्रदेश)। आराध्या फिल्म, हरिओम फिल्मम , एंजल फिल्मस, का कोरोना वारियर्स के जज्बे को लेकर सयुक्त प्रस्तुति एवं निर्माता भूपेंद्र सोनकर की सफल प्रस्तुति हौसला बुलंद है कोरोना गीत- में जुगलबंदी की अभिनेता राज साहू, पूनम पांडे, भोजराज पटेल, कंचन जोशी, किशोर मंडल, हेमंत पांडा , आनंद चौरसिया, सूरज साहू , संध्या साहू, ने बेहतरीन प्रस्तुति दी है। खासकर फिल्म जोहार छत्तीसगढ़ से अभिनय की यात्रा प्रारम्भ किये नवोदित अभिनेता भोजराज पटेल ने शानदार अभिनय की प्रस्तुति दी है। आगामी सेल्फी बेबो में भी में खलनायकी करते नज़र आएंगे। हरिओम फिल्म्स की अनुपम प्रस्तुति गीतकार सनत जी रायगढ़, गायक विवेक शर्मा, कंचन जोशी, रिकॉर्डिस्ट पुखराज सोनकर, कोरियोग्राफर नंदू तांडी, परिकल्पना किशोर मंडल, निर्माता भूपेंद्र सोनकर, कैमरा राजू देवदास एडिटर नामेंद्र टंडन, पी़ पोस्ट प्रोडक्शन हरिओम फिल्म्स है।

अनिल कपूर की 'जांबाज' के प्रदर्शन के 34 साल पूरे

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के मिस्टर इंडिया अनिल कपूर की फिल्म 'जांबाज' के प्रदर्शन के 34 साल पूरे हो गये हैं। अनिल कपूर सोशल मीडिया पर काफी ऐक्टिव हैं। अनिल कपूर ने अपनी 80 के दशक की फिल्म 'जांबाज' की कुछ खूबसूरत तस्वीरें शेयर कीं। इसके साथ अपने को-स्टार्स फिरोज खान और डिंपल कपाड़िया को याद किया। फिल्म को प्रदर्शित हुये 34 साल पूरे हो गये हैं।अनिल कपूर ने मेसेज में लिखा, ÷हमारी इंडस्ट्री के बेहतरीन, बेहद स्टाइलिश, बच्चों जैसे नेचर वाले लेकिन शेर दिल फिल्ममेकर फिरोज खान को याद कर रहा हूं।

'मैं हूं ना' के सीक्वल में काम करना चाहती हैं सुष्मिता सेन

मुबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री और पूर्व मिस यूनिवर्स सुष्मिता सेन सुपरहिट फिल्म मैं हूं ना के सीक्वल में काम करना चाहती है।

वर्ष 2004 में प्रदर्शित फिल्म 'मैं हूं ना' फराह खान की बतौर निर्देशक और शाहरुख़ ख़ान के प्रोडक्शन रेड चिलीज़ एंटरटेनमेंट की पहली फ़िल्म थी। फिल्म में शाहरूख खान और सुष्मिा सेन ने मुख्य भूमिका निभायी थी। सुष्मिता डिज़्नी प्लस हॉटस्टार की सीरीज़ आर्या से बॉलीवुड में वापसी कर रहीं हैं और वह मैं हूं ना के सीक्वल में काम करने के लिये बेकरार है।

सुष्मिता ने कहा , ÷ मैं फिल्म 'मैं हूँ ना' सीक्वल के लिए फराह पर दबाव डाल रही हूं। फराह शाहरुख़ पर दबाव बना रही हैं, लेकिन सब कुछ शाहरुख़ पर निर्भर करता है। यदि वह हां कर देंगे, तो हम सीक्वल को बनाने की तैयारी में लग जाएंगे। यह फ़िल्म ऐसी है, जो सीक्वल बनने की हकदार है। मेरे करियर की सबसे खूबसूरत फिल्मों में से एक है।÷

'गंगूबाई काठियावाड़ी' में अजय-इमरान करेंगे कैमियो

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के सिंघम स्टार अजय देवगन और इमरान हाशमी फिल्म 'गंगूबाई काठियावाड़ी' में कैमियो करते नजर आयेंगे।

संजय लीला भंसाली की फिल्म 'गंगूबाई काठियावाड़ी' में आलिया भट्ट मुख्य भूमिका निभा रही हैं। इस बात की जानकारी आ रही थी कि जुलाई के अंत में इसकी शूटिंग फिर से शुरू होगी। एक तरफजहां आलिया भट्ट का फर्स्ट लुक में सभी को प्रभावित किया है, वहीं अब कहा जा रहा है कि इस फिल्म के कैमियो रोल में दो और सुपरस्टार नजर आएंगे। फिल्म में अजय देवगन और इमरान हाशमी कैमियों करेंगे। बताया जा रहा है कि इमरान हाशमी ने इस साल की शुरुआत में आलिया भट्ट के साथ पहले ही अपने किरदार के लिए शूटिंग कर ली है।

दर्शकों के बिना आईपीएल पर विचार कर रहा बीसीसीआई: गांगुली

कोलकाता (वार्ता)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) आईपीएल के 13वें सत्र को आयो़जित करने की हरसंभव कोशिश कर रहा है और बोर्ड का कहना है कि वह टूर्नामेंट को दर्शकों के बिना कराने के साथ ही अन्य विकल्पों पर विचार कर रहा है।

आईपीएल का आयोजन 29 मार्च से होना था लेकिन कोरोना वायरस और यात्रा प्रतिबंधों के चलते इसे अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया था। हालांकि बीसीसीआई इसे आयोजित कराने की हरसंभव कोशिश में लगा हुआ है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बीसीसीआई के अध्यक्ष सौरभ गांगुली ने सभी राज्य संघों को पत्र लिख इस बारे में जानकारी दी है। गांगुली ने कहा, ÷बीसीसीआई दर्शकों के बिना इस टूर्नामेंट को आयो़जित कराने के साथ ही अन्य विकल्पों पर विचार कर रहा है।÷

बीसीसीआई अध्यक्ष ने पत्र में कहा, ÷बीसीसीआई इस साल आईपीएल कराने के लिए सभी विकल्पों पर विचार कर रहा है। प्रशंसक, फ्रेंचाइजी, खिलाड़ी, प्रसारक, प्रायोजकों और अन्य सभी लोग इस साल आईपीएल कराने के इच्छुक हैं। रिपोर्ट के अनुसार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के इस साल अक्टूबर नवंबर में होने वाले टी-20 विश्वकप को लेकर कोई फैसला नहीं लेने के बावजूद बीसीसीआई आईपीएल को आयो़जित कराने को लेकर विचार कर रहा है। गांगुली ने बुधवार को राज्य संघों को भेजे पत्र में कहा कि बीसीसीआई जल्द ही इस बाबत कोई फैसला लेगा। बीसीसीआई दर्शकों के बिना भी आईपीएल कराने पर विचार कर रहा है जो राजस्व जुटाने के लिए बहुत जरूरी है। पत्र में कहा, ÷हाल ही में भारत तथा अन्य देशों के कई खिलाड़ियों ने आईपीएल में शामिल होने की इच्छा जाहिर की है। हम इस बारे में जल्द ही कोई फैसला लेंगे। रिपोर्ट के अनुसार आईसीसी के टी-20 विश्वकप को लेकर कोई निर्णय नहीं लेने से बीसीसीआई आईपीएल के संबंध में कोई फैसला नहीं ले पा रहा है।

बीसीसीआई को कर छूट के लिए मिली दिसम्बर तक की समय सीमा

दुबई (वार्ता)। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को टी-20 विश्वकप 2021 और 2023 विश्व कप की मेजबानी को लेकर अपनी सरकार से कर छूट पाने के लिए समय सीमा दिसम्बर तक बढ़ा दी है।

आईसीसी ने बीसीसीआई से विश्वकप के लिए भारत सरकार से टैक्स में छूट लेने को कहा था, लेकिन बोर्ड के 18 मई तक के निर्धारित समय तक नाकाम रहने के बाद आईसीसी ने भारत से विश्वकप की मेजबानी छीनने की धमकी दी थी लेकिन आईसीसी बोर्ड ने बुधवार को टेलीकॉन्फ्रेंस के जरिये अपनी बैठक में बीसीसीआई को दिसम्बर तक की समय सीमा देने का फैसला किया जो सौरभ गांगुली के नेतृत्व वाले भारतीय बोर्ड के लिए काफी राहत की बात है। पिछले दो महीने में आईसीसी और बीसीसीआई के बीच ई-मेल के जरिये हुई बातचीत में आईसीसी ने बीसीसीआई से 18 मई 2020 तक 'बिना किसी शर्त' पुष्टि देने को कहा था जबकि बीसीसीआई ने कोरोना वायरस कोविड-19 से आ रही दिक्कतों का हवाला देते हुए समय सीमा को 30 जून तक बढ़ाने की मांग की थी। बीसीसीआई की इस मांग को आईसीसी ने ठुकरा दिया था।

आईपीएल का आयोजन नियमित प्रारुप में होना चाहिए : वेंकी

कोलकाता (वार्ता)। आईपीएल टीम कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी वेंकी मैसूर ने कहा है कि आईपीएल का आयोजन नियमित प्रारुप में ही कराया जाना चाहिए।

आईपीएल का आयोजन 29 मार्च से होना था लेकिन कोरोना वायरस के कारण इसे अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई)

अक्टूबर नवंबर में होने वाले टी-20 विश्वकप के रद्द होने की स्थिति में इस दौरान आईपीएल कराने का प्रस्ताव रख सकता है लेकिन बुधवार को हुई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की बैठक में टी-20 विश्वकप पर फैसला जुलाई तक टालने के बाद बीसीसीआई अन्य विकल्पों पर विचार कर रहा है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बीसीसीआई के अध्यक्ष सौरभ गांगुली ने राज्य संघों को पत्र लिखकर इस साल आईपीएल कराने के लिए दर्शकों के बिना सहित अन्य विकल्पों पर चर्चा करने की बात कही है।

जुलाई में क्रिकेट सत्र शुरु कर सकता है केएससीए

बेंगलुरु (वार्ता)। कोरोना वायरस के कारण देशभर में क्रिकेट गतिविधियां ठप्प होने के बीच कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) जुलाई से क्रिकेट सत्र शुरु करने पर विचार कर रहा है। केएससीए ने इस सप्ताह की शुरुआत में टूर्नामेंट समिति से क्रिकेट शुरु करने पर संभावित योजना तैयार करने पर बात की थी। बुधवार को संघ के अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने राज्य टीम के कोच और केएससीए के अकादमी स्टाफ से इस संबंध में चर्चा की थी। संघ क्रिकेट शुरु करने के उद्देश्य से विभिन्न साझेदारों के दिशा निर्देशों के तहत मानक संचालन प्रक्रिया तैयार कर रहा है। इस बीच राज्य खिलाड़ी अगले सप्ताह से शिविर शुरु कर सकते हैं। केएससीए के सचिव संतोष मेनन ने कहा, ÷खेल के बिना जीवन की कल्पना करना मुश्किल है।

विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष को जुलाई में बनेंगे आईओसी के सदस्य

लुसाने (वार्ता)। विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष सेबेस्टियन को इस साल जुलाई में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के सदस्य नामित किए जाएंगे। समिति के अध्यक्ष थॉमस बाक ने यह जानकारी दी है। सीएसएम स्पोटर्स एंड इंटरटेंमेंट कंपनी में प्रबंध निदेशक रहते हुए हितों के टकराव मामले के कारण उन्हें आईओसी का सदस्य नहीं बनाया जा रहा था।

आईसीसी ने टी-20 विश्वकप पर फैसला जुलाई तक टाला

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने इस साल ऑस्ट्रेलिया में अक्टूबर-नवम्बर होने वाले टी-20 विश्वकप को लेकर फैसला जुलाई तक टाल दिया है।

दुबई (वार्ता)। आईसीसी बोर्ड ने बुधवार को टेलीकांफ्रेसिंग के जरिए हुई अपनी बैठक में यह फैसला किया। इस साल अक्टूबर-नवंबर में ऑस्ट्रेलिया में टी-20 विश्वकप का आयोजन होना है लेकिन कोरोना वायरस के खतरे के कारण इसके आयोजन पर खतरा मंडरा रहा है। कोरोना के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए आईसीसी विश्व कप को लेकर आज कोई फैसला नहीं कर सकी और अब जुलाई में विश्व कप को लेकर फैसला किया जाएगा कि इसका आयोजन होना है या नहीं।

आईसीसी ने इसके साथ ही महिला विश्व कप 2021 को लेकर भी कोई फैसला नहीं किया है। आईसीसी ने खेल के हित में सही फैसला लेने के उद्देश्य से निर्णय को टाला है।

ऑस्ट्रेलिया में कोरोना के कारण लगे लॉकडाउन में छूट देने की गति धीमी है और ऑस्ट्रेलिया को हल्की सी उम्मीद है कि वह अक्टूबर-नवम्बर में विश्व कप का आयोजन कर पायेगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी केविन रॉबट्र्स ने स्वीकार किया है कि टूर्नामेंट के आयोजन को काफी खतरा है और कोरोना के कारण यह स्थगित भी किया जा सकता है। आईसीसी बोर्ड हालांकि इस बात पर सहमत है कि दोनों टूर्नामेंटों के लिए निर्धारित कार्यक्रम केअनुसार योजना को जारी रखा जाए और साथ ही कोरोना को देखते हुए आपात योजना को भी बनाया जाए।

विश्व कप को लेकर अंतिम फैसला अगले महीने आईसीसी के वार्षिक सम्मेलन में लिया जाएगा। आईसीसी के मुख्य कार्यकारी मनु साहनी ने कहा कि दुनिया भर में कोरोना की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है और क्रिकेट की विश्व संस्था चाहती है कि खेल के हित में सही फैसला लिया जाए। सबका स्वास्थ्य आईसीसी की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि सदस्यों, प्रसारकों, भागीदारों, सरकारों और खिलाड़ियों के साथ इस मामले पर विचार विमर्श जारी रहेगा और सही फैसला लिया जाएगा।

आईसीसी ने इसके साथ ही महिला विश्व कप 2021 को लेकर भी कोई फैसला नहीं किया है। आईसीसी ने खेल के हित में सही फैसला लेने के उद्देश्य से निर्णय को टाला है। ऑस्ट्रेलिया में कोरोना के कारण लगे लॉकडाउन में छूट देने की गति धीमी है और ऑस्ट्रेलिया को हल्की सी उम्मीद है कि वह अक्टूबर-नवम्बर में विश्व कप का आयोजन कर पायेगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी केविन रॉबट्र्स ने स्वीकार किया है कि टूर्नामेंट के आयोजन को काफी खतरा है और कोरोना के कारण यह स्थगित भी किया जा सकता है। आईसीसी बोर्ड हालांकि इस बात पर सहमत है कि दोनों टूर्नामेंटों के लिए निर्धारित कार्यक्रम केअनुसार योजना को जारी रखा जाए और साथ ही कोरोना को देखते हुए आपात योजना को भी बनाया जाए।

एड्रिया टूर में भाग लेंगे जोकोविच सहित स्टार टेनिस खिलाड़ी

नई दिल्ली (वार्ता)। कोरोना वायरस के कारण टेनिस गतिविधियां ठप्प होने के बीच 13 जून से एड्रिया टूर की शुरुआत होगी जिसमें विश्व के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच सहित दुनिया के अन्य स्टार टेनिस खिलाड़ी शामिल होंगे। कोरोना वायरस के कारण दुनियाभर में टेनिस गतिविधियां ठप्प पड़ी हुई है और खिलाड़ी टेनिस कोर्ट से बाहर चल रहे हैं। इस बीच जून के महीने में एड्रिया टूर टूर्नामेंट के साथ ही टेनिस की वापसी होने जा रही है जिसमें टेनिस जगत के कुछ प्रमुख खिलाड़ी एक दूसरे के खिलाफ खेलते नजर आएंगे। यह टूर्नामेंट 13 से 14 जून और 20 से 21 जून को यूरोस्पोर्ट पर शाम साढ़े पांच बजे से दिखाया जाएगा। नोवाक जोकोविच फाउंडेशन द्वारा समर्थित एड्रिया टूर में सर्बिया के जोकोविच, ऑस्ट्रिया के डोमिनिक थिएम, बुल्गारिया के ग्रिगोर दिमित्रोव और क्रोएशियाई जोड़ी बोर्ना कोरिच और मारिन सिलिच भाग लेंगे। इस इवेंट में खेला जाने वाला प्रत्येक मैच बेस्ट ऑफ़ थ्री सेट्स होगा जिसमें प्रत्येक सेट में चार गेम होंगे।

आवास की राशि आवंटन नहीं हितग्राही दूसरे के घरों में छुपने मजबूर

देवभोग। पिछले 9 माह से हजारों प्रधानमंत्री आवास हितग्राही अपनी राशि के लिए सरकार की ओर मुंह ताके बैठे नजर आ रहे हैं। की कब आबंटन जारी हो और सर ढकने के लिए पक्का मकान का मंशा पूरा किया जाए। क्योंकि बरसात में हितग्राहियों को दूसरे लोगों के घरों का आसरा लेना पड़ता है। ताकि अपने बच्चों को बरसात से बचाया जा सके जानकारी अनुसार ब्लॉक के पंचायतों में वर्ष 2019 - 20 में 907 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किया गया। और बीते अगस्त माह में प्रथम किस्त की राशि जारी हुआ जिसे लेकर हितग्राहियों ने मकान जल्दी निर्माण करने की लालसा मैं आकर सेठ

साहूकार से मटेरियल उधारी में लेकर किसी तरह 610 हितग्राहियों ने तीसरा जियो टैंकिग के कगार पर पहुंचा दिया जबकि 22 हितग्राहियों ने अपना जेवर गिरवी कर छत ढलाई तक कर लिया है। लेकिन अब तक द्वितीय एवं फाइनल राशि जारी नहीं हो पाया है। इसके अलावा वर्ष 2018-19 के 246 हितग्राहियों को भी फाइनल राशि नहीं मिल पाया है। मतलब ब्लॉक के करीब 11सौ 53 हितग्राहियों को 3 करोड़ 73 लाख का आवंटन जारी नहीं हुआ है। सबसे दयनीय स्थिति उन हितग्राहियों का है। जो अपना पुराना मकान तोड़कर उक्त भूमि में प्रधानमंत्री आवास निर्माण कर रहे हैं। क्योंकि पुराना मकान तोड़ दिया गया और हाथ खाली होने की स्थिति में प्रधानमंत्री आवास पूर्ण नहीं हो पा रहा है। जिसके चलते ब्लॉक के कईयों हितग्राहियों को तेज बारिश में अपने बीवी बच्चों को भूखे प्यासे दूसरे के घरों में छुपाना पड़ता है कुछ हितग्राहियों को तू गली सड़क के बीच तंबू गाड़ कर अपने परिवार के साथ रहना पड़ रहा है ऐसे ही माधव बारिक पिता उत्तर कुमार को प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत क्या गया और प्रथम किस्त से ही माधव बारिक ने मटेरियल उधारी लेकर लेंटर लेवल तक मकान खड़ा कर दिया लेकिन अब सेठ साहूकारों ने भी मटेरियल देने से साफसाफ मना करने के चलते आवास पूर्ण नहीं हो पा रहा है जिसके चलते माधवराव को गली सड़क पर तंबू गाड़ कर रहना मजबूरी हो रहा है और इस महामारी में दर-दर भटकने के बाद भी उधारी नहीं मिलना बताया जाता है जिसे लेकर आए दिन हितग्राही जनपद कार्यालय पहुंचकर अपना दुखड़ा सुनाते है लेकिन अधिकारी ऊपर से राशि नहीं आने की बात कहकर अपना हाथ खड़े कर देते हैं क्योंकि पिछले कुछ वर्षों की तुलना इस वर्ष प्रधानमंत्री आवास की राशि के लिए इतना लंबा इंतजार करना पड़ रहा है।

> अभी तक प्रधानमंत्री आवास राशि का आवंटन नहीं आया है जैसे ही राशि जारी होगा तब हितग्राहियों के खाते में तत्काल डाल दिया जाएगा
>
> **मनोहर लाल मंडावी,** सीईओ देवभोग
>
> हम जल्द ही माननीय मुख्यमंत्री से मुलाकात कर प्रधानमंत्री आवास हितग्राहियों के लिए आवंटन जारी करने की गुहार करेंगे ताकि बरसात के बीच भी गरीब हितग्राही अपना मकान पूर्ण कर ले।
>
> **नेहा सिंगल,** जनपद अध्यक्ष देवभोग
>
> राशि नहीं मिलने के चलते कई गरीब हितग्राही अपना मकान पूरा नहीं कर पा रहे हैं कुछ हितग्राहियो को बरसात के दिनों में दूसरों के घरों में छुपना पड़ रहा है यही वजह है कि अधिकारी से लेकर मंत्री तक आवंटन जारी करने के लिए गुहार लगाया जा रहा है
>
> **बिंदिया अग्रवाल,** सरपंच सीनापाली

■ न्यूज गैलरी

बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा के प्रयासों से धान संग्रहण केन्द्रों में बनेंगे चबूतरे

बेमेतरा/साजा। बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा के अथक प्रयासों से किसानों को धान संग्रहण केन्द्रों में धान

रखने हेतु चबूतरा मिलेगा। ज्ञात हो कि अधिकाय धान संग्रहण केन्द्रों में चबूतरा नहीं होने से किसान धान विक्रय के समय अपने उपज को भूमि पर रखते है, जिससे पानी गिरने से उनके धान गीले होने की सभावना बनी रहती थी। विधायक आशीष छाबड़ा जहां एक ओर शहरी क्षेत्रों के विकास में नजर बनाये हुए है तो दूसरी ओर ग्रामीण अंचलों की सुविधाओं का भी वे ध्यान रखे हुए है अपने विधानसभा क्षेत्र के सर्वागीग विकास हेतु कृत संकल्पित विधायक आशीष छाबड़ा किसानों और ग्रामीण अंचलों के विकास हेतु सजग रहते है, जिसका परिणाम है कि बेरला विकासखण्ड के 19 धान संग्रहण केन्द्रों पर 161.42 लाख रुपये की लागत से 81 यूनिट(नग) चबूतरा निर्माण कार्य तथा बेमेतरा विकासखण्ड के 07 धान संग्रहण केन्द्रों पर 55.73 लाख रुपये की लागत से 28 यूनिट(नग) चबूतरा निर्माण कार्य की स्वीकृती प्राप्त हुई है। इसी प्रकार भवन विहीन पंचायतो में भी बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा के प्रयासों से बेरला ब्लाक के नवगठित ग्राम पंचायतों लाटा, टेमरी, कुम्हि(भी), बुडेरा, अछोली, चिखला, खम्हरिया(डी), सोरला, मुड़पार में नवीन ग्राम पंचायत भवन निर्माण कार्य हेतु 129.78 लाख रुपये एवं बेमेतरा ब्लाक के ग्राम पंचायत ओटेबध एवं ग्राम पंचायत भुरकी में नवीन पँचायत भवन निर्माण कार्य हेतु 28.84 लाख रुपये की स्वीकृती विभाग से प्राप्त हुई है।

बेलतरा सोसायटी में अध्यक्ष ने किया चबूतरा निर्माण का भूमिपूजन

साजा। सेवा सहकारी समिति बेलतरा सोसायटी में मनरेगा के तहत चार नग चबूतरा निर्माण का भूमिपूजन समिति अध्यक्ष पंकज राठी ने किया। जिसमें ग्राम पंचायत बेलतरा के सरपंच प्रतिनिधि उमेन्द्र साहु, जिला सहकारी बैंक ठेलका के शाखा प्रबन्धक संजय चौबे, सोसायटी प्रबन्धक आशीष राजपूत एंव संचालक सदस्य टोपसिंह राजपूत, नीलकंठ साहु, किसान सदस्यगण छत्रपाल साहु, भूखन साहु, घनश्याम साहु सहित किसान, संचालक सदस्य, कर्मचारी गण आदि लोग उपस्थित रहे।

वार्ड नंबर 15 नवापारा से हटाया अतिक्रमण

- ■ **प्रशासन की उपस्थिती मे चला बुल्डोजर**
- ■ **हटाये अतिक्रमण स्थल पर जल्द होगा नाली निर्माण**

गंडई पंडरिया। नगर पंचायत गंडई के वार्ड क्रमांक 15 नवापारा मे सार्वजनिक शौचालय के समीप वर्षो से वार्ड के ही जयलाल कुर्रे द्वारा पक्का मकान अवैध रूप से कब्जा किया गया है जिसको प्रशासन कल गुरुवार को भरे दोपहर मे तुड़वाया। ज्ञात हो की अतिक्रमण हटाने एवं पीएम आवास योजना की जांच की मांग वार्ड केई एचआई पार्षद दिलीप ओगरे ने लगभग माह भर पहले कार्यपालि दंडाधिकारी डिप्टी वर्मा को ज्ञापन सौपा था । ज्ञापन मे इस बात का उल्लेख किया है की जहां पर सार्वजनिक शौचालय निर्मित है वहाँ पनि निकासी हेतु नाली नहीं होने से सौचालय का गंदा पानी उनके खेतो पर जाकर फसल बर्बाद हो जा रहा था। शौचालय के पास ही सरकारी बोर खनन भी हुआ है जिसे बोरिंग का पनि पीने योग्य नहीं होने संबंधी बाटो का उल्लेख किया है। वही प्रधानमंत्री आवास योजना मे नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारी द्वारा पात्र हितग्राही का चयन व निर्माण स्थल मे तय नियमो का पालन नहीं किया गया। जियो टेक किसी और जगह का और नक्शा खसरा काही और का शो करते हुये जनप्रतिनिधियों, ठेकेदारो एवं उनके रिस्तेदारों के नाम पर पात्र एवं अपात्र हितग्राहियों को ध्यान मे न रखकर स्वीकृति प्रदान किया गया। ईसा ओर भी जांच की मांग आवेदन मे दर्शाया गया था। गंडई एसडीएम डॉ वर्मा के मार्गदर्शन मे कल 11 जून को नायब तासीलदार प्रफुल्ल कुमार गुप्ता, सीएमओ खुमान कश्यप, थाना प्रभारी शिव प्रसाद चंद्रा की उपस्थिती मे पुलिस बल को साथ लेकर नगर पंचायत गंडई के कर्मचारियो द्वारा मौके पर जाकर सार्वजनिक शौचालय से लगा हुआ शासकीय भूमि को अतिक्रमण कर निर्मित भवन एवं बाउंड्रीवाल इत्यादि को जेसीबी के माध्यम से हटाया जाकर कब्जा मुक्त कराया गया। अब उक्त वार्ड के स्थल पर नाली निर्माण का कार्य सुचरु ढंग से हो पाएगा।

वेतन वृद्धि रोकने के खिलाफ स्वास्थ्य कर्मी संघ ने काली पट्टी लगाकर किया विरोध

डौण्डीलोहारा । कर्मचारियों ने शासन द्वारा कोरोना वायरस के इस संकट में भी वेतन वृद्धि रोके जाने का विरोध किया है, जिलाध्यक्ष जसराज शर्मा ,महामंत्री राहुल भेड़िया ,सरिता जाधव ,रमेश सोनबोईर, एस एल गंधर्व, राजेश साहू, सोमन लाल देवांगन ,परम साहू ,आकांक्षा, मुकेश राणा, मनिका साहू ,अनसूया भुआय ,नीरज गौतम ,मीना बाग मारे, मोहन रात्रे ,शर्मा नर्सिंग सिस्टर ने कहा कि इस वैश्विक संकट में भी अपनी जान जोखिम में डालकर स्वास्थ्य विभाग में भी काम कर रहे हैं, लेकिन हमारे साथ ही अन्याय क्यों किया जा रहा है, यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा शुरुआत के तौर पर अभी सांकेतिक रूप से काली पट्टी लगाकर हम विरोध कर रहे हैं, इसके बाद भी शासन द्वारा अगर कोई सार्थक निर्णय नहीं लिया जाता है ,तो आगामी वेतन वृद्धि 1 जुलाई 2020 को पूरी प्रदेश में विरोध दिवस मनाएंगे शासकीय कर्मचारी फेडरेशन की ओर से तीन मांगों पर मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन मुख्य सचिव को मांग पत्र भी भेजा गया है, यह है मांगे छत्तीसगढ़ शासन वित्त विभाग द्वारा 27 मई 2020 के आदेश में कर्मचारियों के अहित कर कंडिका2.2 एवम 2.9 को विलोपित किया जाए, इसमें कर्मचारियों को वार्षिक वृद्धि वेतन वृद्धि मिलती रहे ,कोविड-19 कार्य करने वाले समस्त कर्मचारियों व अधिकारियों को 50 लाख का बीमा सुनिश्चित किया जाए, स्वास्थ्य विभाग के समस्त स्टाफ को जोखिम भत्ता दिया जाए राज्य के कर्मचारियों व पेंशनरों को जुलाई 2019 में जनवरी 2020 से दे कुल 9त्न महंगाई भत्ते का भुगतान किया जाए।

कोरोना नियत्रंण के साथ विभागीय योजनाओं में प्रगति लाये- साहू

गरियाबंद। प्रदेश के गृह, जेल, लोक निर्माण, धार्मिक न्यास, धर्मस्व एवं पर्यटन मंत्री तथा गरियाबंद जिले के प्रभारी मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू ने आज वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से जिले में कोविड-19 नियत्रंण तथा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के अद्यतन प्रगति की समीक्षा की। जिला कार्यालय के स्वॉन वीडियो कान्फ्रेसिंग कक्ष में कलेक्टर छतर सिंह डेहरे, एस.पी. भोजराम पटेल, जिला पंचायत के सी.ई.ओ. विनय कुमार लंगेह, अपर कलेक्टर जे.आर. चौरसिया, सी.एम.एच.ओ डॉ. एन.आर. नवरत्न और विभाग प्रमुख अधिकारी मौजूद थे। इसी प्रकार विकासखण्ड मुख्यालय के वीडियो कान्फ्रेसिंग कक्ष में तहसील व विकासखण्ड स्तर के अधिकारी मौजूद थे।

प्रभारी मंत्री श्री साहू ने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना के नियत्रंण के लिए सभी आवश्यक सावधानियां जरूरी है। उन्होंने कहा कि अधिकारी लोगों को घर से बाहर निकलने पर चेहरे पर मास्क का उपयोग, सार्वजनिक वा कार्य स्थल पर सोशल डिस्टेसिंग का कड़ाई से पालन कराये, जिले में प्रवासी मजदूरों को निर्धारित अवधि तक क्वारेंटाइन सेंटर में रखकर स्वास्थ्य जांच करायें। जो प्रवासी मजदूर क्वारेंटाइन अवधि पूरा कर घर वापस हुए हैं, उनको मनरेगा के तहत काम उपलब्ध कराई जाए। प्रभारी मंत्री ने कहा कि राज्य शासन की फ्लेगशीप

योजना नरवा, गरूवा, घुरूवा, बाड़ी के तहत जिले में लक्ष्य निर्धारित कर कार्य किया जाए। योजना अंतर्गत निर्मित गौठानों को रोजगार मूलक कार्यो से जोड़ा जाए। इन योजनाओं में आय का स्त्रोत बढ़ाई जाए। उन्होंने कहा कि विभागीय योजनाओं पर स्टिमिट बनाकर कार्य करें। निर्माण कार्य एजेंसी विभागों का कार्य गुणवत्तापूर्ण हो, सुनिश्चित किया जाए। बरसात में सभी एप्रोज रोड ठीक हो। बारिश के कारण आवागमन प्रभावित न हो, इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। जिले के सभी पीडीएस दुकान नियमित खुले, साथ ही लोगों को राशन का वितरण नियमित हो। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक सत्र आरंभ होने के पूर्व स्कूलों, आश्रम-छात्रावासों की आवश्यक मरम्मत व साफसफाई कराई जाए। जिले के किसी भी कन्या छात्रावास में पुरूष कर्मचारी पदस्थ न हो, यह सुनिश्चित किया जाए।

79 प्रवासी मजदूरों को स्वास्थ विभाग की उपस्थिति में छोड़ा गया

लवन। ग्राम पंचायत मल्लिन के आश्रित गांव मोहतरा के प्राथमिक शाला भवन में प्रवासी मजदूरों के लिए बनाए गए क्वारेटाइन सेंटर में बाहर से आये हुए प्रवासी मजदुर मे से एक मजदूर को 22 मई को कोरोना वायरस संक्रमित पाए जाने पर रायपुर के एम्स हॉस्पिटल ले जाया गया था जो सप्ताह भर के बाद ठीक हो जाने के बाद वापस अपने गांव आकर अपने घर में होमआइसोलेशन में है। वही क्वारेटाइन सेंटर में रहे 10 प्रवासी मजदूरों का सैंपल लिया गया था। लिये गए 10 प्रवासी मजदूरों का सैंपल नेगेटिव आया। जिसके बाद 8 जून को नागपुर से आए 2 हैदराबाद से 8 अकोला से 3 महाराष्ट्र से 5 महबूब नगर से 3 उड़ीसा से 10 पुणे से 10 नासिक से 9 भंडार से 22 वर्धा से 2 गुजरात 4 सहित कुल 79 प्रवासी मजदूरों को स्वास्थ विभाग के आर, एच ,ओ ,मुक्ति वर्मा पुलिस विभाग के देवेंद्र कुजुर ग्राम पंचायत से सरपंच श्रीमती भारती साहू उपसरपंच मालती देवी चंदेल पंच बृजबाई ध्रुव जयगोपाल भारद्वाज संतोषी डहरिया सुमित्रा गिरी द्वारिकानाथ डहरिया रामेश्वरी ध्रुव पूर्व सरपंच भगवती प्रसाद साहू व पंच प्रतिनिधि मोहर दास डहरिया प्यारेलाल ध्रुव शिवानंद गिरि प्रताप सिंह ध्रुव जनपद सदस्य नरोत्तम बंजारे कोटवार कृष्णा दास मानिकपुरी गांव के निगरानी समिति सदस्य राम प्रसाद साहू गोपाल सिंह राजकुमार मानिकपुरी बाबूराम यादव तुलसराम यादव श्यामलाल साहू राधेश्याम भारद्वाज राजू डहरिया रतन साहू सतीश कुमार चैनदास बारले की उपस्थिति में डिस्चार्ज किया गया। साथ ही 14 दिनों तक होमआइसोलेशन में रहने का निर्देश दिया गया।

राहुल गांधी विचार मंच के जिला महासचिव बने ललिता यदु

लवन। बलौदाबाजार जनपद पंचायत के दमदार कांग्रेस नेत्री जनपद सदस्य श्रीमति ललिता यदु को राहुल गांधी विचार मंच जिला बलौदाबाजार की प्रमुख महासचिव बनाया गया है। यह नियुक्ति के के वर्मा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राहुल गांधी विचार मंच की अनुशंसा से जिला अध्यक्ष श्रीमति प्रेमलता बंजारे द्वारा की गई हैं ।

सरगुजा क्षेत्र में हाथियों की मौत और विभागीय अधिकारियों की चुप्पी से रहस्य गहराया

- ■ **वाइल्ड लाइफके अधिकारी जांच में पहुंचे ,केरल में हथिनी की मौत पर भाजपा के बड़े नेता व मंत्री खूब बोले मगर यहां के मामले पर मौन है**

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । सरगुजा क्षेत्र में एक हाथी की मौत एक माह पूर्व उसके बाद एक हाथी और एक एक गर्भवती हथिनी की मौत को लेकर वन विभाग और वाइल्ड लाइफके अधिकारी कुछ भी कहने से कतरा रहे है हालाँकि आधिकारिक स्तर पर राजधानी से लेकर सरगुजा तक सरगर्मी बढ़ गई है और जांच के लिए रायपुर से वाइल्ड लाइफ के अधिकारी पहुंच कर वन विभाग और पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारियो से पूरे मामले में पूछताछ कर रहे है । आश्चर्य तो यह है केरल के पलक्कड़ जिले में एक गर्भवती हथिनी की मौत विस्फोटक से भरे अन्नानास खा लेने से होने के बाद घटना को राजनैतिक रूप दे भाजपा और कांग्रेस के नेता आरोप प्रत्यारोप कर इस मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर का बना दिया था मगर छत्तीसगढ़ में एक दो नही बल्कि तीन तीन हाथियों की मौत हो जाने बाद भी यहां के भाजपा नेता मौन है ।

उल्लेखनीय है कि सरगुजा सम्भाग के बलरामपुर बलरामपुर के जंगल में एक हथिनी का शव मिला मगर उसकी मौत के कारणों का अभी तक पता नही लगा है । वन विभाग और वाइल्ड लाइफके अफसर कुछ भी बताने से कतरा रहे है हथिनी की मौत के कारणों का खुलासा पीएम के पश्चात ही हो पायेगा । बलरामपुर के जंगल में हथिनी का शव मिला है । राजपुर वन परिक्षेत्र के गोपालपुर अतोरी क्षेत्र में आता है । आशंका जताई जा रही है कि हथिनी की मौत 3 से 4 दिन पहले की है । जिसके पोस्ट मार्टम के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम का गठन किया गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक प्रतापपुर रेंज के गणेशपुर जंगल में दो दिनों के भीतर एक गर्भवती व एक अन्य हाथी के मरने की घटना को लेकर तरह तरह की चर्चाएं है । सूत्रों के अनुसार विभाग ने एक दिन पूर्व मृत हथिनी का विसरा संरक्षित नहीं कराया, जिसको लेकर उच्चाधिकारियों ने नाराजगी भी जताई घटना की सूचना पर राजधानी से वाईल्ड लाईफ के एपीसीसीएफ अरुण पांडेय जायजा लेने पहुंचे। हाथियों की मौत के मामले की अनुगूंज राजधानी तक है इसी वजह से हाथी के मरने के बाद उच्चधिकारियों के पहुंचने में विलंब होने पर मृत हाथी का पोस्टमार्टम नहीं हो सका है सम्भव है कल पीएम हो । मामले की गंभीरता को देखते हुए हाथी की मौत के पीछे वन विभाग जहर देने की घटना की भी आशंका मानते हुए मामले में डॉग स्क्वाड की भी मदद ले रहा है। साथ ही घटनास्थल को पूरी तरह से सील कर दिया गया है, जिसमें बाहरी व्यक्तियों को अंदर जाने की इजाजत नही है।

प्रतापपुर रेंज के गणेशपुर में लगातार दो हाथी के मरने की घटना के बाद से यहां पर वन अधिकारियों की लापरवाही को लेकर चर्चा हो रही है । इसमें सबसे बड़ा मामला कल मृत हथिनी के पोस्टमार्टम के बाद उसके संक्रमित अंगों को संरक्षित नहीं करने को लेकर बात सामने आ रही है। जैसा कि मामले में यह खुलासा हुआ था कि हथिनी के अंदरूनी अंग लिवर व स्प्लीन काफी संक्रमित अवस्था में थे, ऐसी हालात में इसकी चिकित्सीय जांच महत्त्वपूर्ण था, जिसके लिए इसके विसरा को संरक्षित करते हुए जांच के लिए बाहर प्रयोगशाला में भेजा जाना अनिवार्य था। जैसा कि तमाम ऐसे मामलों में होता है मगर सूत्र बताते है कि कल पोस्टमार्टम के बाद वहां मौजूद विभाग के अधिकारियों द्वारा विसरा को सुरक्षित नहीं कराया गया और उसे हथिनी के साथ दफन कर दिया गया था । इस बारे विभाग के अधिकारी इसकी पुष्टि करने तो दूर किसी भी प्रकार बात ही नही करना चाहते शायद वे आशंकित है कि कुछ बोलने पर गलती उजागर न हो जाये हालांकि अधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नही हुई है।

घटना की सूचना मिलने पर राजधानी से वाइल्ड लाइफ के एपीसीसीएफ अरुण पांडेय अम्बिकापुर और फिर उसके बाद गणेशपुर पहुँचकर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। मिली उन्होनें कल मृत हथिनी का विसरा सुरक्षित नहीं रखे जाने पर नाराजगी भी जताई। उसके बाद वे प्रतापपुर रेस्ट हाउस पहुंचे और अपने विभाग के अधिकारी सहित मामले से जुड़े पशु चिकित्सको की बैठक ली। यह बैठक कल देर रात तक चली।

सूरजपुर वनमण्डल में हाथियों के मरने की संख्या अधिक

पिछले कुछ वर्षों में हाथियों के अलग-अलग कारणों से मरने वाले हाथियों की संख्या सूरजपुर वनमंडल में काफी अधिक है। इसमें भी खासकर प्रतापपुर रेंज में हाथी के मरने की तादाद अन्य क्षेत्रों से ज्यादा है। 11 मई को प्रतापपुर रेंज मुख्यालय से महज 4 किमी दूर एक ऐसे हाथी का शव मिला था, जिसके मरने की सम्भावना एक माह पूर्व की बताई गई थी। इस शव की हालत ऐसी थी कि इसका पोस्टमार्टम तक नहीं हो सका था। उस दौरान भी विभाग ने इसकी खानापूर्ति करते हुए मामले को किनारे कर दिया। पिछले दो दिनों में भी हाथी की मौत में हथिनी को लेकर विभाग के संभागीय अधिकारी तक को यह पता नहीं था कि हथिनी गर्भवती है। कोई आपसी द्वंद तो कोई मेटिंग के लिए आपसी संघर्ष को कारण बता रहा था। दरअसल पूरे मामलों को देखा जाए तो रेंज से लेकर जिला तक के अधिकारियों को हाथी की वास्तविक संख्या, सदस्यों का विवरण व इससे जुड़े कई अन्य संवेदनशील मामलों की जानकारी ही नही होती है। अगर इनके पास सही स्थिति की जानकारी होती तो किसी भी हाथी की घटती-बढ़ती संख्या पर विभाग तत्काल सजग हो जाता। यह विडंबना ही है कि वन्यप्राणी में अहम इस जीव को लेकर विभाग महज खानापूर्ति ही कर रहा है। फिलहाल हाथियों के मौत के कारणों का विभागीय तौर पर खुलासे की प्रतीक्षा है ।सरगुजा में पदस्थ एलिफेंट प्रोजेक्ट के सीएफएस कंवर से पूरे घटनाक्रम की जानकारी लेने उनसे कई बार सम्पर्क करने का प्रयास किया गया मगर वे या तो कवरेज एरिया से बाहर रहे या फिर कॉल रिसीव नही किया । इससे पता चलता है कि वे भी पूरे घटनाक्रम पर कुछ भी कहने से कतरा रहे रहे है ।

रॉयल एनफील्ड ने अपना रिटेल नेटवर्क दोबारा खोला

नई दिल्ली (वार्ता)। मिड-साइज मोटरसाइकल सेगमेंट (250-750सीसी) में वैश्विक अग्रणी रॉयल एनफील्ड ने गुरुवार को घोषणा की है कि उसने भारत में अपने 90 प्रतिशत से अधिक रिटेल नेटवर्क को दोबारा खोलकर फिर से कामकाज शुरू किया है।

गत 22 मार्च से पांच मई, तक कोरोना वायरस (कोविड 19) को लेकर सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार देश में कंपनी की सुविधाएं, कार्यालय और स्टोर्स बंद थे। छह मई से कंपनी ने चरणबद्ध तरीके से अपने वाणिज्यिक और विनिर्माण परिचालनों को धीरे-धीरे दोबारा शुरू किया। आज भारत में 850 से ज्यादा स्टोर्स और 425 स्टूडियो स्टोर्स बिक्री एवं सेवा के लिये काम कर रहे हैं। इनमें से अधिकांश स्टोर्स पूरी तरह चल रहे हैं, जबकि कुछ शहरों में स्टोर्स आंशिक रूप से काम कर रहे हैं या स्थानीय प्रशासन के निर्देशों के अनुसार एक दिन छोड़कर चल रहे हैं।

ग्राहक संतोष बढ़ाने और ग्राहकों की अधिकतम सुरक्षा एवं सुविधा सुनिश्चित करने के एक प्रयास में रॉयल एनफील्ड ने ऐसी कई पहलें शुरू की हैं, जो खरीदारी और सर्विस का कॉन्टैक्टलेस अनुभव देती हैं। कई डिजिटल और ऑनलाइन सुविधाओं और 'एट-योर-डोरस्टेप' सेवाओं के माध्यम से रॉयल एनफील्ड का लक्ष्य ग्राहकों को खरीदारी और स्वामित्व का बाधारहित अनुभव प्रदान करना है।

इन पहलों के बारे में रॉयल एनफील्ड के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी ललित मलिक ने कहा,÷हम अपने ब्राण्ड के साथ संवाद के सभी स्तरों पर ग्राहकों को अधिक महत्व और संलग्नता देने पर केन्द्रित हैं और खरीदारी व स्वामित्व का एक शानदार अनुभव निर्मित करने का प्रयास कर रहे हैं, जिसमें कोई परेशानी नहीं हो। यह बिक्री एवं सेवा पहलें हमारे ग्राहकों की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगी और उन्हें हमारे ब्राण्ड के साथ जुड़े रहने के लिये अधिक विकल्प देंगी, स्वामित्व के अनुभव से समझौता किये बिना। हमने एक संलग्नतापूर्ण और सुविधाजनक ऑनलाइन दृष्टिकोण बनाया है, जो रॉयल एनफील्ड की दुनिया को ग्राहक की उंगलियों के इशारे पर चलाता है और उन्हें सभी स्तरों पर ब्राण्ड के साथ जुड़ने की सहूलियत देता है। हमने ऑनलाइन और डिजिटल ग्राहक-केन्द्रित पहलों की जो श्रृंखला लॉन्च की है, वह भविष्य की हमारी बड़ी डिजिटल यात्रा की दिशा का शुरूआती कदम है। यह केवल शुरूआत है और हमारा लक्ष्य नये डिजिटल फीचर्स का पिटारा खोलने का है, जो बाधारहित संवाद, उच्च कार्यात्मकता और सबसे महत्वपूर्ण, एक उत्कृष्ट ग्राहक अनुभव की सुविधा देगा।÷

ग्राहक अब स्टोर में जाये बिना तीन सरल चरणों में अपनी चहेती रॉयल एनफील्ड मोटरसाइकल को अपने घर ला सकते हैं।

न्यूज गैलरी

आरबीआई गवर्नर ने साख निर्धारक एजेंसियों के साथ की बैठक

नई दिल्ली (वार्ता)। रिजर्व बैंक (आरबीआई) गवर्नर शक्तिकांता दास ने आज साख निर्धारक एजेंसियों के शीर्ष अधिकारियों के साथ अर्थव्यवस्था की स्थिति और परिदृश्य पर चर्चा की। श्री दास ने इन एजेंसियों के प्रबंध निदेशकों/मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये बात की। इस बैठक में आरबीआई के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। आरबीआई ने बताया कि बैठक में आर्थिक स्थिति और वित्त तथा अन्य क्षेत्रों के परिदृश्य को लेकर श्री दास ने साख निर्धारक एजेंसियों की राय जानी। इन एजेंसियों द्वारा जिन कंपनियों की साख निर्धारित की जाती है उनकी वित्तीय स्थिति पर भी चर्चा हुई।

श्री दास ने उन कारकों के बारे में जानकारी ली जिन्हें मौजूदा परिस्थितियों में साख के आकलन के लिए तरजीह दी जा रही है। उन्होंने साख निर्धारण प्रक्रिया को मजबूत करने के तरीकों के बारे में इन एजेंसियों की राय भी जानी।

रुपया 19 पैसे लुढ़का

मुंबई (वार्ता)। घरेलू शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट के दबाव में अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया गुरुवार को 19 पैसे लुढ़ककर 75.79 रुपये प्रति डॉलर रह गया। पिछले कारोबारी दिवस पर भारतीय मुद्रा एक पैसे की मजबूती के साथ 75.60 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई थी।।

रिलायंस राइट्स शेयरों का आवंटन, सार्वजनिक शेयर धारकों को 19.74 करोड़

अंबानी परिवार को 27.6 लाख शेयर आवंटित हुए

धनकुबेर और रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के अध्यक्ष मुकेश अंबानी को कंपनी के राईट इश्यू के तहत 5.52 लाख शेयर आवंटित हुए हैं।

मुंबई (वार्ता)। आरआईएल का 53124 करोड रुपये का राईट इश्यू बीस मई को खुला था और तीन जून को बंद हुआ था। कंपनी की तरफ से नियामक संस्था को गुरुवार दी गई जानकारी में बताया गया है कि मुकेश के पास अब कंपनी में 80.52 लाख अथवा कुल शेयरों का शून्य दशमलव 12 प्रतिशत हो गए हैं। राईट इश्यू से पहले मुकेश के पास कंपनी में 75 लाख शेयर थे।

मुकेश की पत्नी नीता , बेटी ईशा और बेटों आकाश तथा अनंत अंबानी प्रत्येक को 5.52 लाख शेयर राईट इश्यू के तहत आवंटित हुए हैं और हर एक के पास अब आरआईएल के कुल शेयर का शून्य दशमलव 12 प्रतिशत शेयर हो गए हैं। प्रर्वतक समूह को राईट इश्यू के तहत कुल 22.5 करोड शेयर दिये गये हैं। प्रर्वतकों की इसके बाद आरआईएल में शेयरधारिता पहले के 50.07 प्रतिशत से मामूली बढ़कर 50.29 प्रतिशत हो गई है।

सार्वजनिक शेयरधारकों को कुल 19.74 करोड शेयर आवंटित हुए हैं। दूसरी तरफ सार्वजनिक हिस्सेदारी मामूली घटकर 49.93 प्रतिशत से 49.71 प्रतिशत रह गई।

रिलायंस के तीन दशक में पहली बार आए सबसे बड़े इश्यू को आकार से अधिक 84000 करोड़ रुपये की बोलियां मिली थीं। इश्यू 1.60 गुना सबसक्राइब हुआ था। इश्यू के तहत पंद्रह शेयर पर एक शेयर की पेशकश की गई थी। सार्वजनिक क्षेत्र कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम को राईट इश्यू में दो करोड शेयर मिले हैं और उसके पास कुल 37.18 करोड शेयर हो गए। यह कंपनी की छह प्रतिशत इक्विटी के बराबर हैं।

राईट इश्यू के तहत दस रुपये मूल्य का शेयर 1247 रुपये प्रीमियम के साथ 1257 रुपये में दिया गया है। इसके लिए 25 प्रतिशत राशि आवेदन और इतनी ही अगले वर्ष मई और शेष 50 प्रतिशत नवंबर में चुकानी है।

आरआईएल ने कहा,÷11 जून को राईट इश्यू के तहत 422626895 शेयरों के इश्यू में से 42 करोड 24 लाख 40 हजार 258 पात्र आवेदकों को आवंटित कर दिए गए हैं।÷

मई में बिके मात्र दो लाख वाहन

नई दिल्ली (वार्ता)। कोविड-19 महामारी के बीच मई में डीलरशिप खुलने के बावजूद देश में वाहनों की खुदरा बिक्री मात्र दो लाख दो हजार 697 इकाई रही जिनमें 8,317 ट्रैक्टर भी शामिल हैं।

ऑटोमोबाइल डीलर के संगठनों के महासंघ (फाडा) ने आज मई के बिक्री के आँकड़े जारी किये। उसने बताया कि अप्रैल में पूर्णबंदी के कारण वाहनों की खुदरा बिक्री शून्य रहने के बाद लॉकडाउन में छूट मिलने से मई का महीना समाप्त होते-होते 26,500 आउटलेटों में से 60 प्रतिशत शोरूम और 80 प्रतिशत वर्कशॉप खुल चुके थे। इसके बावजूद बिक्री 88.87 प्रतिशत लुढ़ककर 2,02,697 इकाई रह गई। पिछले साल मई में देश में 18,21,650 वाहन बिके थे।

एमजानडाटइन 'स्कूल फ्रॉम होम' स्टोर लांच

नई दिल्ली (वार्ता)। वर्तमान में पूरे देश में 'स्कूल फ्रॉम होम' की अवधारणा का जोर चल रहा है, ऐसे में एमजानडाटईन ने गुरुवार को 'स्कूल फ्रॉम होम' स्टोर को लॉन्च करने की घोषणा की है।

विशेषरूप से तैयार किया गया यह स्टोर घर पर बेहतर लर्निंग जोन बनाने के लिए अभिभावकों, शिक्षकों और छात्रों की मदद करता है। यह उनके लिए स्टडी और राइटिंग के लिए आवश्यक चीजों, स्टेशनरी, लैपटॉप, टैबलेट्स और पीसी, हेडसेट्स और स्पीकर्स, प्रिंटर्स और होम फर्निशिंग जैसे उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला पेश करता है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

ऑनलाईन पं. 202006100400377

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक सुखीराम वर्मा आ. बिसौहाराम वर्मा निवासी तितुरडीह दुर्ग द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 266/38 रकबा 0.014 हें/ अर्थात 1520 वर्गफीट भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 09.06.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

ऑनलाईन पं. 202006100400367

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक मनीष सिंह भंडारी आ. मनोहर लाल निवासी जुनवानी रोड द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम पोटियाकला प.ह.न. 56 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 161/12, 162/104 रकबा 0.020 हें/ अर्थात 2250 वर्गफीट भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 09.06.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

ऑनलाईन पं. 202006100400366

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती देवांती देवी पति विरेन्द्र प्रसाद निवासी बोरसी द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 284/35, 285/35 रकबा 0.022 हें/ अर्थात 2444 वर्गफीट भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 09.06.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

ऑनलाईन पं. 202006100400365

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका सरिता वर्मा पति राजेश वर्मा निवासी सोमनी द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 279/134 रकबा 0.021 हें/ अर्थात 2203.50 वर्गफीट भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 09.06.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

ऑनलाईन पं. 202006100400039

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती पूनम साहू पति घनश्याम साहू निवासी उतई तहसील व जिला दुर्ग द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम उतई प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 948/35 रकबा 0.020 हें/ अर्थात 1800 वर्गफीट भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 01.06.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

ऑनलाईन पं. 202006100400448

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती रीना शर्मा पति श्री सुनील शर्मा निवासी जामुल तहसील व जिला दुर्ग द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम जामुल प.ह.न. 18 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 386/12 रकबा 0.009 हें/ अर्थात 1000 वर्गफीट भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 28.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

ऑनलाईन पं. 202006100400236

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री महाबीर साहू आ. जवाहर साहू निवासी वृन्दावन टावर के पास विराट नगर द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 19/23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 228/136 रकबा 0.003 हें/ अर्थात 300 वर्गफीट भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 06.06.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम: श्री नसीम कुरैशी | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202006100400303

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री नसीम कुरैशी आ. करीमुद्दीन निवासी सुभाषनगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59(2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह.व जिला दुर्ग	257/137	0.010 हें 1500 वर्गफीट	आवासीय

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 09.06.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम: गिरधारीलाल सिन्हा | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202006100400202

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री गिरधारी लाल सिन्हा आ. हृदयराम सिन्हा निवासी रिसाली सेक्टर भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59(2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह.व जिला दुर्ग	735/9	0.020 हें 2400 वर्गफीट	आवासीय

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 04.06.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम: योगेश सिंह राजपूत | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202006100400250

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री योगेश सिंह राजपूत पिता लतेल सिंह राजपूत निवासी बजरंगनगर कंडरापारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59(2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह.व जिला दुर्ग	246/13	0.020 हें 1710 वर्गफीट	आवासीय

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 06.06.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

कार्यालय नगर पंचायत केशकाल, जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)

Email id: npkeshkal@gmail.com

क्रमांक/432/लो.नि.वि./न.पं./2020-21 — केशकाल, दिनांक 11.06.2020

// ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना //

Main Portal : https://eproc.cgstate.gov.in

नगर पंचायत केशकाल द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से अधोलिखित निर्माण कार्यों हेतु निम्नानुसार ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	टेण्डर सिस्टम नंबर	कार्य का नाम	ला.रा.(रु. लाख में)	अमानत राशि	डाऊनलोड करने की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
1	65121	Costructio & Beautificatio work of public Chaupati at ward no.10 Nagar panchayat Keshkal	32.49	24500.00	02.07.2020
2	65130	DRILLING OF TUBE WELL/ AT WARD NO. 01. TO 15	49.84	37500.00	
3	65124	Construction of C.C. Road at Ward No.02,03,05, & 15	42.79	32500.00	

टीप :- अमानत राशि एवं शपथ पत्र (100/-) एवं निविदा संबंधी समस्त दस्तावेजों की मूल प्रति फिजिकल के रूप में निर्धारित समयावधि में स्पीड पोस्ट/ रजिस्टर डाक के माध्यम से जमा करना अनिवार्य होगा। उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाइट www.uad.cg.gov.in एवं ई-प्रोक्यूरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

(रोशन जमीर खान) अध्यक्ष, नगर पंचायत केशकाल — मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पंचायत केशकाल, जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)

कार्यालय वनमंडलााधिकारी, केशकाल वनमण्डल, केशकाल जिला- कोण्डागांव, छत्तीसगढ़

Telephone & Fax-07848-259337 E-mail-dfokashkal@gmail.com

GST-22AAAGK0512N1ZQ

निविदा निरस्तीकरण की सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वनमंडलाधिकारी केशकाल वनमंडल द्वारा वनमंडल अंतर्गत चल रहे वनधन केन्द्र एवं हाट बाजार शेड निर्माण कार्यों में उपयोग होने वाली सामग्री Precoated galvanized iton profile sheet 0.50mm, Truss, Ridges plain (500-600mm), Rolling shutter, MS Grill (समस्त सामग्री फ्रेब्रिकेशन सहित) क्रय के लिए विज्ञापन क्रमांक जी-78201 द्वारा जारी निविदा को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

जी-81492/2 — वनमंडलाधिकारी, केशकाल वनमंडल केशकाल, जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)

कार्यालय वनमंडलाधिकारी, सामान्य वनमंडल महासमुन्द (छ.ग.)

(07723) 222084, Fax 222084, E-mail- dfomahasamund@tediffmail.com

संक्षिप्त निविदा सूचना

(छ.ग. भंडार क्रय नियम 4.4.2)

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक/ — महासमुन्द दिनांक ...

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यालय वनमंडलाधिकारी सामान्य वनमंडल, महासमुन्द जिला-महासमुन्द (छ.ग.) अंतर्गत विभिन्न योजना में स्वीकृत एवं प्रगतिरत कार्य तालाब खुदाई/सड़क निर्माण में उपयोग होने वाली मशीन (जे.सी.बी, चैन माउण्टेन, ट्रेक्टर, रोडरोलर, पानी टैंकर) के किराया दर निर्धारण हेतु सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। जिस हेतु विस्तृत निविदा प्रपत्र एवं आवश्यक शर्तें अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में रु. 500.00 (पांच सौ रुपए) का डिमांड ड्राफ्ट या नगद शुल्क जो वनमंडलाधिकारी सामान्य वनमंडवल महासमुन्द के पक्ष में देय हो जमा कर पूर्ण आवेदन के साथ प्रस्तु करने पर दिनांक 15.06.2020 से कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किया जा सकता है।

प्रथम चक्र की निविदाएं दिनांक 27.06.2020 को द्वितीय चक्र की निविदाएं दिनांक 03.07.2020 को एवं तृतीय चक्र की निविदाएं दिनांक 10.07.2020 को आमंत्रित की जाती है। प्रथम आमंत्रित निविदा किसी कारणवश असफल होने पर द्वितीय निविदा की जावेगी। इसी प्रकार द्वितीय निविदा भी किसी कारण वश असफल होने पर तृतीय निविदा किया जावेगा।

क्र.	विवरण	प्रथम निविदा की समय सारणी	द्वितीय निविदा की समय सारणी	तृतीय निविदा की समय सारणी
1	2	3	4	5
1	निविदा फार्म बिक्री प्रारंभ की तिथि	14.06.2020 पूर्वान्ह 11.00 बजे से	28.06.2020 पूर्वान्ह 11.00 बजे से	04.07.2020 पूर्वान्ह 11.00 बजे से
2	निविदा फार्म बिक्री की अंतिम तिथि	26.06.2020 अपरान्ह 5.00 बजे से	02.07.2020 अपरान्ह 5.00 बजे से	09.07.2020 अपरान्ह 5.00 बजे से
3	निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि	27.06.2020 अपरान्ह 3.00 बजे से	03.07.2020 अपरान्ह 3.00 बजे से	10.07.2020 अपरान्ह 3.00 बजे से
4	निविदा खोलने की तिथि (तकनीकी बिड)	27.06.2020 अपरान्ह 4.00 बजे से	03.07.2020 अपरान्ह 4.00 बजे से	10.07.2020 अपरान्ह 4.00 बजे से
5	निविदा खोलने की तिथि (वित्तीय बिड)	27.06.2020 अपरान्ह 4.00 बजे से	03.07.2020 अपरान्ह 4.00 बजे से	10.07.2020 अपरान्ह 4.00 बजे से
6	निविदा खोलने का स्थान	वनमंडल कार्यालय महासमुन्द	वनमंडल कार्यालय महासमुन्द	वनमंडल कार्यालय महासमुन्द

जी-81495/2 — वनमंडलाधिकारी, सामान्य वनमंडल, महासमुन्द

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लो.नि.वि. सेतु निर्माण संभाग, जगदलपुर

निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम)

क्रमांक/1979/NIT-2/2020-2021/व.ले.लि. — जगदलपुर, दिनांक 06/06/2020

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 17/06/2020 अपरान्ह 5.30 बजे तक

ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 23/06/2020 अपरान्ह 5.30 बजे तक

निविदा खोलने की तिथि :- 24/06/2020 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

एनआईटी क्र.निविदा क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रु.में) बैंक साल्वेंसी (रु.में)
1	2	3
T0007	सेतु उपसंभाग- कांकेर अंतर्गत वर्ष 2020-21 के बजट में शामिल पुल निर्माण कार्यों हेतु बोरिंग का कार्य। (भाग-3)	29.52 22200/- 443000/-
T0008	सेतु उपसंभाग- कांकेर अंतर्गत वर्ष 2020-21 के बजट में शामिल पुल निर्माण कार्यों हेतु बोरिंग का कार्य। (भाग-4)	29.59 22200/- 444000/-
T0009	सेतु उपसंभाग- कांकेर अंतर्गत वर्ष 2020-21 के बजट में शामिल पुल निर्माण कार्यों हेतु बोरिंग का कार्य। (भाग-5)	13.98 10485/- 210000/-
T0010	सेतु उपसंभाग-दंतेवाड़ा के अंतर्गत वर्ष 2020-21 के बजट में शामिल पुल निर्माण कार्यों हेतु बोरिंग का कार्य। (भाग-3)	29.77 22400/- 447000/-
T0011	सेतु उपसंभाग-दंतेवाड़ा के अंतर्गत वर्ष 2020-21 के बजट में शामिल पुल निर्माण कार्यों हेतु बोरिंग का कार्य। (भाग-4)	29.94 22500/- 450000/-

निविदा संबंधी शर्तें :-

(1) कार्य के लिए निविदा प्रपत्र की राशि 750/-
(2) प्रत्येक कार्य के लिए निविदाकारों की श्रेणी - ई पंजीयन के अंतर्गत श्रेमी द से अ तक
(3) प्रत्येक कार्य के लिए कार्य की अवधि - 31.12.2020 तक।
(4) विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

यह निविदा अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग सेतु मंडल रायपुर द्वारा स्वीकृत दर अनुसूची पर संपादित किया जाना है। इस हेतु Diamond drill double tube type मशीन का स्वामित्व होना आवश्यक है। निविदा संबंधी अन्य जानकारी हेतु संभागीय कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

जी-81467 — कार्यपालन अभियंता, लो.नि.वि. सेतु निर्माण संभाग जगदलपुर

शहरी सरकार के निजाम में निगम के जोन अध्यक्ष निर्वाचित

दस में आठ जोन पर कांग्रेस जोन 3 में लगा जोर का झटका

12 बजे नामांकन, 12.45 नाम वापसी 1 बजे पड़े वोट

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। रायपुर नगर निगम के 10 जोन में हुए जोन अध्यक्षों के चुनाव में कांग्रेस ने 8 जोन पर कब्जा कर लिया है। जोन 1 में बहुमत होने के कारण भाजपा का जोन अध्यक्ष बनना पहले से ही तय था और विनोद अग्रवाल निर्विरोध निर्वाचित भी हो गए। लेकिन कांग्रेस को जोन 3 में तगड़ा झटका लगा जब क्रॉस वोटिंग के चलते कांग्रेस के घोषित प्रत्याशी अमितेश भारद्वाज को प्रमोद साहू ने हरा दिया। गौरतलब है कि रायपुर में पहले 8 जोन थे जिसे अब बढ़ाकर 10 जोन कर दिया गया है। हर एक जोन को 10-10 वार्ड के साथ बांट दिया गया है। जोन नंबर एक में भाजपा के विनोद अग्रवाल इसलिए निर्विरोध निर्वाचित हो गए क्योंकि वहां भाजपा पार्षद संख्याबल में अधिक थे। जोन क्रमांक चार में सभापति प्रमोद दुबे का पदेन अध्यक्ष चुना जाना तय था। इससे पहले जहां चुनाव होना था वहां 12 बजे से नामांकन जमा हुआ, 12.45 तक नामांकन वापसी और 1 बजे वोट पड़े।

चुने गए जोन अध्यक्ष

- जोन 1 - निर्विरोध विनोद अग्रवाल
- जोन 2 - बंटी होरा
- जोन 3 - प्रमोद साहू
- जोन 4 - प्रमोद दुबे
- जोन 5 - मन्नु विजेता यादव
- जोन 6 - निशा देवेंद्र यादव
- जोन 7 - मनिराम साहू
- जोन 8 - घनश्याम छत्री
- जोन 9 - प्रमोद मिश्रा
- जोन 10 -आकाशदीप शर्मा

बहुमत के बाद भी कैसे हुई चूक

■ कांग्रेस पार्षद अमितेष-कामरान की खींचतान में हाथ से गया जोन

सुकांत राजपूत

__रायपुर।__ रायपुर नगर निगम में जोन अध्यक्षों के लिए हुए आज चुनाव में जोन-3 का परिणाम सबसे चौंकाने वाला रहा। वह इसलिए कि यहां कांग्रेस के 4 और भाजपा के 3 पार्षदों को वोट करना था। इस लिहाज से जीत तो कांग्रेस की होनी थी पर जोन अध्यक्ष भाजपा का बन गया। डा. प्रमोद साहू जोन 3 के अध्यक्ष बने हैं। पहले यहां जोन अध्यक्ष के लिए कांग्रेस से दो नाम आए थे पहला अमितेश भारद्वाज और दूसरा कामरान अंसारी का। विधायक जुनेजा और महापौर ढेबर ने अमितेश का नाम आगे बढ़ाया था। वहीं कामरान के लिए राज्यसभा सांसद छाया वर्मा ने सिफारिश की थी। लेकिन संगठन के निर्णय को मान्य करते हुए कामरान पीछे हट गए। वोट होने की स्थिति में एक क्रास वोट से प्रमोद साहू के जोन अध्यक्ष चुन लिए जाने की खबर जैसे ही आई तमाम प्रकार के सवाल उठने लगे कि आखिर किसने क्रास वोटिंग कर दिया? संगठन की ओर गोवर्धन शर्मा व एमआईसी सदस्य अजीत कुकरेजा बतौर पर्यवेक्षक जोन में मौजूद थे। भाजपा की जीत कई प्रकार के संदेह पैदा कर रही है, लेकिन बगैर सबूत किसी पार्षद पर उंगली नहीं उठा सकते। हार के बाद सभी ने बैठकर समीक्षा की है और अपनी रिपोर्ट जिला कांग्रेस कमेटी को सौंपेंगे। फिलहाल इस मसले पर पार्टी के किसी भी नेता ने कोई टिप्पणी नहीं की है।

नक्सली नारों से थमा 4 सालों से विकास

अधूरी पड़ी नेरली पानी प्रोजेक्ट योजना

नव प्रदेश संवाददाता

दंतेवाड़ा। जिले के बीहड़ो में बसे गांव-गांव तक विकास पहुँचाना सरकार-प्रशासन दोनो के लिये किसी चिनौति से कम नही है, तभी तो नक्सली नारो के पीछे दिख रही पानी की टँकी 4 सालो से अधर में लटकी है।

दरअसल 2015-16 में दंतेवाड़ा जिले के बैलाडीला के अंदुरुनी 32 गांवो तक पीने का साफपानी उपलब्ध कराने के लिए नेरली-धुरली जलप्रदाय नाम की योजना शुरू की गई थी।अंदुरुनी ग्रामीण क्षेत्रो में शुद्ध पेयजल देने की इस योजना को आजतक जामी अमला विभाग नही पहुँचा पाया है। समलवार गांव में ओव्हरहेड टैंक आज भी अधूरा पड़ा है। इसके साथ ही इस योजना से 8 गांवों तक पानी सप्लाई के लिए 38 किलोमीटर पाइप लाइन बिछाना था। लगभग 16 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस नेरली प्रोजेक्ट से 5000 से ऊपर आबादी को लाभ देने की योजना थी। मगर अब तक सिर्फ बेहनार, पीना बचेली और नेरली में ही पानी सप्लाई कर पा रहा है। बाकि के 05 गांव बेनपाल, मदाडी, चोलनार, कलेपाल और समलवार में ग्रामीण योजना का लाभ से वंचित है।

इधर विभागीय अधिकारी पीएन चितनवीस ने जानकारी दी कि समलवार में ग्रामीणों ने डिस्टब्यूट खड़ा किया है। साथ ही बचेली में अतिक्रमण के चलते दिक्कत आ रही थी। अब सब क्लीयर हो रहा है। प्रयास है जल्द पानी सप्लाई शुरू हो।

फर्जी पुलिस अधिकारियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नव प्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। सीपत थाना क्षेत्र के गाँवो में एक महिला और पुरूष असली पुलिस अधिकारी बनकर दुकानदारों और ग्रामीणों को डरा धमकाकर अवैध रूप से पैसों की वसूली कर रहे थे, यहाँ तक कि कई दुकानदारों से जबरिया पेट्रोल और महुआ की जब्ती भी की गई थी। ग्रामीणों को इन नकली पुलिस अधिकारियों पर आशंका हुई और असली पुलिस को सूचना दी गई जिसके बाद सीपत थाना प्रभारी मान सिंह राठिया के निर्देश पर दोनों आरोपियों को भागने से पहले घेराबंदी कर धर दबोचा गया।

सीपत थाना क्षेत्र के गाँवो में एक महिला और पुरूष असली पुलिस अधिकारी बनकर दुकानदारों और ग्रामीणों को डरा धमकाकर अवैध रूप से पैसों की वसूली कर रहे थे, यहाँ तक कि कई दुकानदारों से जबरिया पेट्रोल और महुआ की जब्ती भी की गई थी। ग्रामीणों को इन नकली पुलिस अधिकारियों पर आशंका हुई और असली पुलिस को सूचना दी गई जिसके बाद सीपत थाना प्रभारी मान सिंह राठिया के निर्देश पर दोनों आरोपियों को भागने से पहले घेराबंदी कर धर दबोचा गया। साथ ही दुकानदारों से जब्त किये गए महुआ और पेट्रोल को भी बरामद किया गया है। मामले में सीपत पुलिस ने घटना में प्रयुक्त एक स्कॉर्पियो वाहन क्रमांक सीजी 10 ए यू 1636 को जब्त किया गया है।

जिसे आरोपी किराए पर लेकर आये थे। सीपत पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 419, 420,34 के तहत अपराध दर्ज कर न्यायिक हिरासत में ले लिया है। इस मामले के अलावा क्षेत्र में पुलिस की वर्दी पहने कर अवैध वसूली के कारनामे को अंजाम दिया देते आ रहे थे।

मालखरौदा की बीएमओ पर लगा रिश्वत का आरोप

■ गर्भ में मृत बच्चे की मां का अबार्शन करवाने मांगे 10 हजार रुपए

■पीड़ित पक्ष ने कहा- दे चुके 9 हजार रुपए

संजू लहरे

मालखरौदा। मालखरौदा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बीएमओ डॉक्टर कात्यानी सिंह के द्वारा एक गर्भवती महिला से अबोर्शन के लिए 10 हजार रुपए की मांग किए जाने का आरोप लगा है। पीड़ित पक्ष मालखरौदा के अंतर्गत ग्राम पंचायत भडोरा के आश्रित ग्राम जोगीडीपा का निवासी है। कोमल प्रसाद मनहर अपनी गर्भवती पत्नी अंजू मनहर को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मालखरौदा पहुंचा। अंजू के बच्चे की गर्भ में ही मृत्यु हो चुकी थी, इसलिए पति पत्नी अबोर्शन करवाने के लिए अस्पताल पहुंचे थे। मनहर ने पूरी बात व अंजू की सोनोग्राफी रिपोर्ट दिखाते हुए अपनी पत्नी की जान बचाने के लिए बीएमओ से अंजू के अबॉर्शन की गुजारिश की। लेकिन बकौल मनहर, कात्यायनी सिंह ने इसके लिए उनसे 10 हजार रुपए की मांग की। मनहर ने अपनी गरीबी का जिक्र किया तो बीएमओ ने भड़ककर यह तक कह दिया कि जाओ यहां से नहीं होगा इलाज। आखिरकार मनहर ने 3 हजार रुपये नगद दिए। तब अंजू को भर्ती किया गया। लेकिन मनहर के बताए मुताबिक रात को भी डॉ. सिंह स्वयं नही आई। रात भर पीड़ित महिला अंजू तड़पती रही फिर सुबह मृत बच्चा पैदा हुआ। इस मामले में बीएमओ डॉ. कात्यानी सिंह से बात करने मोबाइल पर उनसे संपर्क करने पर उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।

नहीं दिया डिसचार्ज लेटर

मनहर के मुताबिक उसके बाद पीड़ित परिवार ने डॉक्टर से डिस्चार्ज करने के लिये कहा गया तो डॉक्टर मेडम का कहना था कि आप लोग जा सकते हो,पीड़ित व्यक्ति ओ ने कहा कि मेडम जी हमे डिस्चार्ज प्रमाण पत्र देने की कृपा करें तो डॉक्टर बीएमओ कत्यायनी का कहना था कि आप ही आधे अधूरे पैसे दिए हो तो हम आपको डिस्चार्ज लेटर क्यों दें पहले आप पूरे रूपये दैंगे तभी अपना काम करेंगे। फिर कोमल प्रसाद मनहर ने किसी तरह 6 हजार रूपये दिये, फिर भी मेडम ने डिस्चार्ज लेटर नई दिया,कुल मिलाकर पीड़ित पक्ष 9 हजार दें चुके हैं अब इनके बीच सिर्फ1 हजार का और लेन देन बचा है। मगर 9 हजार मिलने के बाद भी डॉ. कात्यानी ने डिस्चार्ज लेटर नहीं दिया गया। कहा गया कि आप जा सकते हो उसकी जरूरत नही है, फिर पीड़ित परिवार वाले अपने घर वापस लौट आए।

पीड़िता ने ऐसे बताई आपबीती

पीड़ित महिला अंजू मनहर का कहना है कि वह छः माह की गर्भवती थी जिसे सोनोग्राफी करवाने पर पता चला कि बच्चा गर्भ में ही मृत्यु हो गया था जिसे हम साफ करवाने के लिए डॉक्टर कत्यायनी सिंह के पास गए और तो डॉक्टर के द्वारा 10 हजार रूपये मांग किया गया तो हम देने के लिये राजी हो गए। क्योंकि मेडम ने जान का खतरा बताया फिर बॉटल चढ़ाकर छोड़ दिया। उसके 20 घण्टे के बाद मुझे देखने नही आई मैं स्वयं 20 घण्टे के बाद मृत बच्चे को जन्म दिया। वह भी एक सफाई कर्मचारी की देख रेख में। बाकी कोई डॉक्टर मुझे देखने नही आए, और जब सुबह डॉक्टर मेडम आई तो हमसे सीधे 10 हजार रुपये मांगी , और मेरी मां को हास्पिटल से भगा रही थी।

पॉवर सेक्टर का स्टिकर चिपका कर कोयला की चोरी, हाइवा जब्त

नव प्रदेश संवाददाता

कोरबा। जिले में कोयला चोरों का गिरोह एक बार फिर सक्रिय हो गया है। जिला खनिज विभाग ने बुधवार को चोरी का कोयला परिहवन कर रहे एक ट्रेक्टर को पकड़ा है। खास बात तो यह है कि कोरोना संकट काल में ट्रेलर में पॉवर सेक्टर का स्टिकर चिपका कर कोयला की चोरी की जा रही थी। संयुक्त संचालक खनिज श्री एस.एस.नाग ने बताया कि ट्रेलर क्रमांक सी. जी. 12 एस. 1566 को अवैध कोयला परिवहन करते हुए पकड़ा गया है। वाहन में 25 टन उच्च श्रेणी का कोयला था। जांच के दौरान वाहन में कोयला से संबंधित कोई दस्तावेज नहीं मिला। विभाग ने कोयला सहित वाहन को जप्त कर लिया है।

उन्होंने बताया कि मामले में खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। श्री नाग ने एक सवाल के जवाब में कहा कि जिले में खनिज सम्पदा की चोरी की सूचना मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

दूसरी ओर जानकारी मिली है कि कोरबा और बिलासपुर के कुछ गिरोह पिछले कुछ दिनों से फिर सक्रिय हो गये हैं और एसईसीएल की कुसमुण्डा, गेवरा, दीपका,सुराकछार कोयला खदान क्षेत्र से बड़े पैमाने पर कोयला और डीजल की चोरी शुरू हो गयी है। एक अन्य सूत्र के अनुसार चोरी का कोयला परिवहन करने वाले वाहनों में फर्जी रजिस्ट्रेशन नंबर लिखकर वारदात को अंजाम देते हैं। खनिज विभाग द्वारा जप्त ट्रेलर का नम्बर भी फर्जी होने का संदेह सूत्रों ने बताया है। लेकिन इस दावे की सच्चाई का पता वाहन के इंजन और चेचीस नम्बर और आर.सी.बुक के तथ्यों का मिलान करने पर सामने आयेगा। बहरहाल खनिज विभाग की इस कार्यवाई से कई स्तर पर हड़कम्प मच गया है।

सेक्टर 9 हास्पिटल में जिले के नागरिकों को अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दिलाने पहल, अस्पताल प्रबंधन और जिला प्रशासन मिलकर बना रहे योजना

■ मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कलेक्टर कांफ्रेंस में दिये थे निर्देश, कहा था कि दुर्ग-भिलाई का सबसे बड़ा हॉस्पिटल है सेक्टर 9 का जवाहर लाल नेहरू मेमोरियल हॉस्पिटल, यहां स्थितियां बेहतरीन करने अस्पताल प्रबंधन के साथ मिलकर योजना बनाएं तो हॉस्पिटल के पुराने दिन भी वापस आएंगे और दुर्ग-भिलाई के नागरिकों को महानगरों की ओर नहीं करना पड़ेगा रूख

दुर्ग 11 जून 2020/मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने दुर्ग जिले के नागरिकों को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने कल कलेक्टर कांफ्रेंस में बड़ा निर्णय लिया। उन्होंने दुर्ग जिला प्रशासन को सेक्टर 9 हॉस्पिटल प्रबंधन के साथ मिलकर यहां जिले के नागरिकों को बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने मैकेनिज्म बनाने निर्देश दिए। आज सुबह ही कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे इस उद्देश्य से सेक्टर 9 हॉस्पिटल पहुंचे और उन्होंने प्रबंधन के साथ बैठक में इस संबंध में लंबी चर्चा की। चर्चा के उपरांत यह तय हुआ कि सेक्टर 9 हॉस्पिटल इस संबंध में प्लान बनाकर देगा। कलेक्टर ने बताया कि सेक्टर 9 हॉस्पिटल में अधोसंरचना पर्याप्त है इसे अद्यतन किया जा सकता है। राज्य शासन की अनेक योजनाओं का लाभ लेकर यहां जिले के नागरिकों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें सुनिश्चित की जा सकती हैं।

बैठक में सेक्टर 9 हॉस्पिटल प्रबंधन ने वर्तमान स्थिति, मानव संसाधन एवं अस्पताल में उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं की जानकारी दी। महानगरों के अस्पतालों की तुलना में प्रशिक्षित स्टाफ एवं अधोसंरचना की जानकारी भी दी। कलेक्टर ने कहा कि सेक्टर 9 हॉस्पिटल देश का प्रतिष्ठित संस्थान है। इसकी स्थिति निरंतर बेहतर हो और यह देश के सबसे शीर्ष मेडिकल संस्थानों में से एक हो, इस दिशा में हम सबको मिलकर काम करना है ताकि दुर्ग जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति बेहतरीन हो। इस दिशा में जिला प्रशासन द्वारा हर संभव सहयोग सेक्टर 9 हॉस्पिटल को किया जाएगा। चाहे मैनपावर के संबंध में हो, विशेषज्ञ चिकित्सकों के संबंध में हों अथवा किसी तरह से स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने अन्य तरीके के प्रयोग हों, इस दिशा में अस्पताल प्रबंधन जो प्रस्ताव रखेगा। उस पर विचार कर राज्य शासन के मार्गदर्शन से इस पर प्रभावी अमल किया जाएगा। सेक्टर 9 हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. संजीव इस्सर ने विस्तार से इस संबंध में अपनी बात रखी और उपलब्ध अधोसंरचना के संबंध में अवगत कराया। इस दौरान बीएसपी के ईडी श्री दुबे एवं सीएमएचओ डॉ. गंभीर सिंह ठाकुर भी उपस्थित थे। कलेक्टर ने कहा कि इस तरह के प्रस्ताव आने के बाद सहमति मिलने पर एमओयू हो सकेगा। इसके माध्यम से जिले के नागरिकों को भी बिना बाहर का रूख किए स्तरीय इलाज मिल पाएगा। उन्होंने कहा कि चूंकि सेक्टर 9 हास्पिटल में प्रभावी अधोसंरचना पहले ही मौजूद है इसलिए यहां पर कुछ अतिरिक्त कदम उठाकर हम बेहतरीन स्वास्थ्य अधोसंरचना बना सकते हैं। इसका लाभ सेल एम्प्लाई को भी मिलेगा और दुर्ग के नागरिकों को भी इसका पूरा लाभ मिल पाएगा। उल्लेखनीय है कि सेक्टर 9 हॉस्पिटल में 800 बेड की सुविधा है। अस्पताल की बड़ी क्षमता को देखते हुए इसे अद्यतन करने अतिरिक्त योजना के क्रियान्वयन होने पर जिले की बड़ी आबादी को पहले से ज्यादा लाभ मिल सकता है।